आश्विन शुक्ल पक्ष सप्तमी 12:32 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 10 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 62, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



5 अरब वर्ष बाद भी जीवित रहेगी हमारी पृथ्वी 16

250 करोड़ के क्लब में शामिल हुई देवरा-पार्ट 1 15

## भाजपा विधायक को जड़ा थप्पड़

- योगेश वर्मा को बार संघ अध्यक्ष और समर्थकों ने पुलिस के सामने पीटा, कुर्ता भी फाड़ डाला


कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** अर्बन कोऑपरेटिव बैंक प्रबंध समिति चुनाव के लिए नामांकन के दौरान सदर विधायक योगेश वर्मा और बैंक की निवर्तमान अध्यक्ष के पति बार संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह में जमकर कहासुनी हुई।

गुस्साए अवधेश सिंह ने विधायक को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद उनके समर्थकों ने विधायक को लात-घूंसों से पीटा। इस दौरान विधायक का कुर्ता भी फट गया। जिलाधिकारी ने चुनाव स्थगित कर दिया है। शाम को आईजी लखीमपुर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मामले में ट्वीट कर चुटकी ली है। बुधवार को अर्बन कोआपरेटिव बैंक की प्रबंध समिति के चुनाव के लिए नामांकन हो रहे थे। निवर्तमान चेयरमैन पुष्पा सिंह और पूर्व अध्यक्ष मनोज अग्रवाल का खेमा मैदान में है। दोनों अपने-अपने डेलिगेट्स के साथ बैंक पहुंचे। थोड़ी देर बाद सदर विधायक योगेश वर्मा भी पहुंच गए। उन्होंने नामांकन पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं हो रही है। इसी पर पुष्पा सिंह के पति बार संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह भड़क गए, गुस्से से तमतमाए वे तेजी से विधायक के पास पहुंचे और थप्पड़ जड़ दिया। पीछे से उनके समर्थक भी आ गए और विधायक को पीटने लगे। मारपीट में उनका कुर्ता भी फट गया। इंस्पेक्टर सदर और पुलिसकर्मी रोकते रहे लेकिन स्थिति काफी खराब हो गई। एसपी गणेश प्रसाद साहा मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत किया। देर शाम आईजी लखनऊ जोन प्रशांत कुमार लखीमपुर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इधर विधायक के समर्थकों ने कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया।

> विधायक से मारपीट मामले में जांच की जा रही है, जो भी तथ्य पाए जाएंगे, उसके आधार पर दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।
> –**प्रशांत कुमार**, आईजी लखनऊ परिक्षेत्र

## आरबीआई ने यथावत रखा रेपो दर नीतिगत दर में कटौती के संकेत



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष की चौथी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार 10वीं बार नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने अपेक्षाकृत आक्रामक रुख को बदलकर तटस्थ कर दिया।

रुख में बदलाव का मतलब है कि आरबीआई मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि पर नजर रखते हुए जरूरत के हिसाब नीतिगत दर को बढ़ा या घटा सकता है। यह एक संकेत है कि मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक में नीतिगत दर में कटौती को लेकर संभवतः कदम उठाया जा सकता है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने पुनर्गठित मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सोमवार को शुरू हुई पहली बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि एमपीसी ने नीतिगत दर को यथावत रखने का निर्णय किया है। समिति के छह सदस्यों में से पांच ने नीतिगत दर को यथावत रखने के पक्ष में मतदान किया। रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं।

## दंगे के 32 आरोपियों का मुकदमा खत्म होगा

### विशेष सचिव ने जिला मजिस्ट्रेट न्याय अनुभाग 5 को भेजा पत्र

- प्रभारी मंत्री सीसामऊ सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री से की थी मांग
- दर्शनपुरवा में 2015 को मोहर्रम जुलूस के दौरान हुई थी हिंसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** फजलगंज थाना क्षेत्र के दर्शनपुरवा इलाके में 24 अक्टूबर 2015 को मोहर्रम जुलूस के दौरान धार्मिक पोस्टर फाड़ने के बाद भड़के दंगे के 32 आरोपियों पर से मुकदमा वापस लेने का आदेश शासन ने जारी किया है।

यह क्षेत्र सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में आता है। यहां उप चुनाव की घोषणा के बाद प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात कर 32 लोगों पर लगे मुकदमे को खत्म करने की मांग की थी। आरोप था कि तत्कालीन सपा विधायक इरफान सोलंकी ने इन लोगों पर मुकदमा दर्ज करवाकर जेल भिजवा दिया था।

भाजपा जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय व भाजपा नेता अनुराग शर्मा ने बताया कि समाजवादी पार्टी की सरकार में वर्ष 2015 में मोहर्रम जुलूस में एक धर्म से जुड़े पोस्टर फाड़ने पर सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई थी। पुलिस ने 32 लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि तत्कालीन सपा विधायक इरफान सोलंकी के इशारे पर 32 लोगों को झूठे मुकदमे में जेल भिजवा दिया गया था। इस मुद्दे को प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री के सामने रखा था। उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव मुकेश कुमार सिंह ने जिला मजिस्ट्रेट न्याय अनुभाग 5 (फौजदारी) को पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि फजलगंज में हुए दंगे में 32 आरोपियों पर दर्ज अभियोग की वापसी की जाए। भाजपा नेताओं ने बताया कि गुरुवार को मंत्री सुरेश खन्ना कानपुर पहुंचेंगे और मुकदमे के पीड़ित परिवारों से मिलेंगे।

## एक नजर

### झारखंड में वज्रपात से चार लोगों की मौत

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में बुधवार को वज्रपात से चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना राज्य की राजधानी रांची से लगभग 180 किलोमीटर दूर महुआडांर थाना क्षेत्र के ओरसापाठ गांव में दोपहर में हुई। करीब 13 लोग गांव में एक बगीचे की बाड़ लगा रहे थे और जब बारिश शुरू हुई तो वे एक पुलिया के नीचे शरण ले रहे थे, तभी पास में ही वज्रपात हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. रवि भगत ने बताया कि घायलों को महुआडांर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चार को मृत घोषित कर दिया गया। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।


### असम में 24 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त

**गुवाहाटी।** असम के करीमगंज जिले में करीब 24 करोड़ रुपये मूल्य की याबा गोलियां जब्त की गयीं। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि यह जब्त की गई अब तक की सबसे बड़ी खेप में से एक है। त्रिपुरा के रहने वाले दो मादक पदार्थ तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। करीमगंज के पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रोतिम दास ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने त्रिपुरा सीमा पर स्थित चुरईबारी जांच चौकी पर एक ट्रक को रोका। वाहन की गहन तलाशी लेने पर पुलिस ने 80,000 याबा गोलियां बरामद कीं। दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है।

# गरीबों को दिसंबर 2028 तक मिलेगा मुफ्त पौष्टिक चावल

### कैबिनेट बैठक : केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लिया कल्याणकारी योजना को जारी रखने का निर्णय

- योजना पर व्यय होगी 17,082 करोड़ रुपये की धनराशि



नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पौष्टिक तत्वों से भरपूर चावल की मुफ्त आपूर्ति खाद्य कानून और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत 17,082 करोड़ रुपये के परिव्यय से वर्ष 2028 तक जारी रखने का बुधवार को फैसला किया। पौष्टिक तत्वों से भरपूर यानी फोर्टिफाइड चावल लोगों में खून की कमी (एनीमिया) के समाधान और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी दूर करने के लिए अहम माना जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

चावल को पोषक तत्वों से भरपूर बनाने की प्रक्रिया में भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार सूक्ष्म पोषक तत्वों (लौह, फोलिक एसिड, विटामिन बी12) से भरपूर 'फोर्टिफाइड' चावल कर्नेल (एफआरके) को नियमित चावल (कस्टम मिल्ड चावल) में मिलाया जाता है। आधिकारिक बयान के अनुसार, मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत जुलाई, 2024 से दिसंबर, 2028 तक फोर्टिफाइड चावल की मुफ्त आपूर्ति जारी रखने को मंजूरी दे दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि मुफ्त फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति के लिए कुल वित्तीय योजना 17,082 करोड़ रुपये की होगी। इस व्यय का पूरा वित्तपोषण केंद्र सरकार करेगी। बयान के अनुसार, चावल को पोषक तत्वों से भरपूर बनाने की पहल केंद्रीय क्षेत्र की पहल के रूप में जारी रहेगी। इसका 100 प्रतिशत वित्तपोषण पीएमजीकेएवाई (खाद्य सब्सिडी) के हिस्से के रूप में केंद्र सरकार द्वारा किया जाएगा, जिससे कार्यान्वयन के लिए एक एकीकृत संस्थागत तंत्र उपलब्ध होगा।

### 2022 से 2024 तक लागू की गई थी योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 75वें स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में पोषण सुरक्षा की जरूरत बताई थी। सरकार ने कहा है कि लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस), अन्य कल्याणकारी योजनाओं, एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस), पीएम पोषण (पूर्ववर्ती एमडीएम) के माध्यम से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति की पहल की गई है। अप्रैल, 2022 में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने मार्च, 2024 तक चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में चावल पौष्टीकरण पहल को लागू करने का निर्णय लिया था। तीनों चरण सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं और मार्च, 2024 तक सभी सरकारी योजनाओं में पोषक तत्वों से भरपूर चावल देने का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है।

### लोथल में राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर के विकास को मंजूरी

सरकार ने बुधवार को गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर (एनएमएचसी) के विकास के प्रस्ताव को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। एनएमएचसी परियोजना के विकास में लगभग 22,000 नौकरियों के सृजन की उम्मीद है। इसमें 15,000 प्रत्यक्ष रोजगार और 7,000 अप्रत्यक्ष रोजगार होंगे। एनएमएचसी से आर्थिक वृद्धि को समर्थन मिलेगा और स्थानीय समुदायों, पर्यटकों, शोधकर्ताओं, सरकारी निकायों, शैक्षणिक संस्थानों, सांस्कृतिक संगठनों, पर्यावरण और संरक्षण समूहों तथा व्यवसायों को काफी मदद मिलेगी।

# सीओ जियाउल हक हत्याकांड के सभी 10 दोषियों को उम्रकैद

### जुर्माना भी लगाया गया, सीबीआई कोर्ट ने सुनाया फैसला

- जुर्माने की आधी धनराशि डिप्टी एसपी की पत्नी को मिलेगी



राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रतापगढ़ जिले की कुंडा सर्किल के तत्कालीन डिप्टी एसपी (सीओ) जिलाउल हक हत्याकांड में 11 साल बाद फूलचंद यादव समेत दोषी सभी 10 आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश धीरेंद्र कुमार ने साथ ही प्रत्येक पर 19,500 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सीबीआई कोर्ट ने फैसले में कहा है कि जुर्माने की आधी धनराशि मृतक डिप्टी एसपी जियाउल हक की पत्नी परवीन आजाद को दी जाएगी।

कोर्ट ने बीते 5 अक्टूबर को आरोपी फूलचंद यादव, पवन यादव, मंजीत यादव, घनश्याम सरोज, राम लखन गौतम, छोटे लाल यादव, राम आसरे, मुन्ना पटेल, शिवराम पासी और जगत बहादुर पाल उर्फ बुल्ले पाल को हत्या के आरोप में दोषी ठहराया था। सभी दोष सिद्ध आरोपियों को बुधवार को सीबीआई कोर्ट ने सजा के प्रश्न पर सुनने के लिए जेल से तलब किया था। सुनवाई के बाद अदालत ने उम्र कैद की सजा के साथ-साथ जुर्माने से उन्हें दंडित किया। अदालत ने एक अन्य आरोपी सुधीर यादव को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया है।

### 2 मार्च 2013 को प्रतापगढ़ जिले के कुंडा में हुई थी घटना

सीबीआई के विशेष अधिवक्ता केपी सिंह के अनुसार, 2 मार्च 2013 की शाम करीब 7:30 बजे एक जमीन विवाद के चलते प्रतापगढ़ के कुंडा स्थित बलीपुर गांव के प्रधान नन्हे यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद काफी संख्या में ग्राम प्रधान नन्हे यादव के समर्थक हथियारों से लैस होकर बलीपुर गांव पहुंच गए। भीड़ ने बलीपुर निवासी कामता पाल के घर को आग के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर तत्कालीन सीओ कुंडा जियाउल हक, हथिगवां थाना प्रभारी मनोज कुमार शुक्ला एवं कुंडा थानाप्रभारी सर्वेश मिश्र समेत पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। जहां भीड़ ने पुलिस को घेर लिया। मौके की स्थिति और तनाव को देखते हुए सीओ के साथी पुलिसकर्मी भाग निकले। सीओ जियाउल हक अकेले ही भीड़ को समझा रहे थे। इस दौरान भीड़ ने सीओ जियाउल हक को दौड़ाकर पीटना शुरू कर दिया। बताया जाता है कि जमीन पर गिरे हुए जियाउल हक को सुरेश यादव ने बंदूक की बट से मारना शुरू कर दिया। अदालत में गवाहों के द्वारा बताया गया कि सीओ जियाउल हक को बंदूक की बट से मारने के दौरान सुरेश यादव की उनकी ही बंदूक से गोली चल जाने कारण मौत हो गई थी। जिस पर गुस्साए लोगों में से मृतक आरोपी योगेंद्र यादव उर्फ बबलू द्वारा राइफल से गोली चलाकर जियाउल हक की मौके पर ही हत्या कर दी गई थी। इस घटना में चार मुकदमे दर्ज किए गए। इनमें से एक जियाउल हक की पत्नी परवीन आजाद ने भी पति की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस जांच के दौरान ही शासन ने विवेचना सीबीआई को सौंप दी थी।

## विधानसभा उप चुनाव के लिए सपा ने की छह प्रत्याशियों की घोषणा

- कांग्रेस से समझौते के पहले ही जारी की नामों की सूची
- 6 में से 5 सीटों पर नेताओं के बेटे-बेटी, पत्नी व रिश्तेदार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम आने के 24 घंटे के भीतर ही समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने उप्र. में 10 सीटों के लिए होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए 6 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए। कांग्रेस से सीट बंटवारे पर समझौता किए बगैर अखिलेश यादव ने पहल करते हुए टिकट वितरण में परिवार पर भरोसा जताया है। हालांकि, सपा ने बुधवार को जो सूची जारी की है, उसमें ऊपर लिखा है- होगा पीडीए के नाम-एकजुट मतदान।

सपा की सूची में अखिलेश यादव के भतीजे, पूर्व सांसद की बेटी, पूर्व विधायक की पत्नी, वर्तमान सांसद की पत्नी, वर्तमान सांसद के पुत्र को प्रत्याशी बनाया गया है। सबसे ज्यादा चर्चित अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर अजित प्रसाद को उतारा गया है। अजीत प्रसाद सपा सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे हैं। अखिलेश ने अपनी सीट करहल से चचेरे भाई तेज प्रताप यादव को टिकट दिया है। तेज प्रताप बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के दामाद भी हैं। कानपुर की सीसामऊ सीट से नसीम सोलंकी को उतारा गया है। नसीम यहीं से पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी हैं। अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट से शोभावती वर्मा को टिकट दिया गया है। शोभावती वर्मा अम्बेडकरनगर के सांसद लालजी वर्मा की पत्नी हैं। मिर्जापुर की मझवां से ज्योति बिंद को उतारा गया है। ज्योति बिंद पूर्व सांसद रमेश बिंद की बेटी हैं। केवल प्रयागराज की फुलपुर सीट पर अलग हटकर पूर्व विधायक मुज्जतफा सिद्दीकी को टिकट दिया गया है।

## सड़क हादसे में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद घायल



**सलोन (रायबरेली)।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में चोटिल हो गए। मंत्री की कार उनके एस्कॉर्ट से टकरा गई। उनके घुटने में चोट आई हैं। काफिले की कई गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। निषाद को प्रतापगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। सुबह संजय निषाद लखनऊ से प्रतापगढ़ के विकास भवन समीक्षा बैठक के लिए जा रहे थे। जहां उन्हें जिला पंचायत सभागार में मत्स्य पालकों की कार्यशाला को संबोधित करना था। लगभग 10 बजे वह रायबरेली के सलोन थाना क्षेत्र के करहिया बाजार के पास पहुंचे थे। तभी एस्कॉर्ट के ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इससे मंत्री की कार एस्कार्ट से टकरा गई।

## जम्मू-कश्मीर में गोलियों से छलनी मिला जवान का शव

- अनंतनाग में आतंकियों के खिलाफ अभियान में हुआ था लापता

श्रीनगर, एजेंसी

सेना के मंगलवार से लापता जवान का गोलियों से छलनी शव बुधवार सुबह अनंतनाग जिले में बरामद हुआ। अधिकारियों ने बताया कि प्रादेशिक सेना (टीए) की 162 यूनिट का एक जवान मंगलवार को होरनाग शंगुस वन क्षेत्र में संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान लापता हो गया था। आतंकियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। बुधवार सुबह सैनिक का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ।

दिन में सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा था कि एक खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू किए गए संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान सैनिक लापता हो गया था। चिनार कोर ने एक्स पर कहा था कि सेना ने 8 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य एजेंसियों के समन्वय से काज़वान वन, कोकेरनाग में संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया था। इस दौरान प्रादेशिक सेना के दो जवान कुछ जानकारी की पुष्टि के लिए वन क्षेत्र में गए थे जहां उनका आतंकवादियों से आमना-सामना हुआ। दो टीए सैनिकों में से एक भागने में सफल रहा और पहाड़ी से नीचे गिरकर घायल हो गया।

## इस बार तीन वैज्ञानिकों को रसायन का नोबेल

- प्रोटीन संरचना पर काम करने के लिए मिला सम्मान

**स्टॉकहोम।** रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार इस साल डेविड बेकर, डेमिस हस्साबिस और जॉन जंपर को प्रोटीन की संरचना का पूर्वानुमान लगाने और डिजाइन करने संबंधी कार्य के लिए प्रदान किया जाएगा। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेस के महासचिव हैंस एलेग्रेन ने बुधवार को उनके नाम की घोषणा की। रसायन विज्ञान के लिए नोबेल समिति के अध्यक्ष हीनर लिन्के ने कहा कि इस पुरस्कार से उस अनुसंधान को सम्मानित किया जाएगा जिसने अमीनो एसिड की श्रृंखला और प्रोटीन संरचना के बीच कड़ी जोड़ी है। उन्होंने कहा कि रसायन विज्ञान में इसे दरअसल एक बड़ी चुनौती कहा जा रहा था और खासतौर पर जैव रसायन में दशकों से यह चुनौती बना हुआ था। इसलिए इस उपलब्धि को सम्मान के लिए चुना गया है। बेकर सिएटल में यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन में जबकि हस्साबिस और जंपर लंदन में गूगल डीपमाइंड संस्थान में काम करते हैं।

## विजयादशमी पर योगियों की अदालत में दंडाधिकारी होंगे आदित्यनाथ

### गोरक्षपीठ में नाथपंथ की अवधूत भेष 12 पंथ योगियों की पात्र पूजा के बाद विवादों पर देंगे निर्णय



राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोरक्षपीठ में विजयादशमी का दिन एक और मायने में भी विशेष होता है। इस दिन यहां नाथपंथ की अवधूत भेष 12 पंथ योगियों की पात्र पूजा के बाद लगने वाली अदालत में गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संत योगियों के विवादों पर सुनवाई करेंगे और दोषियों को दंड देंगे।

नाथपंथ की परंपरा के अनुसार प्रत्येक वर्ष विजयादशमी के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में पीठाधीश्वर द्वारा संतों के विवादों का निस्तारण किया जाता है। मुख्यमंत्री नाथपंथ की शीर्ष संस्था अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष 12 पंथ योगी महासभा के अध्यक्ष भी हैं। इस पद पर वह दंडाधिकारी की भूमिका में होते हैं। गोरखनाथ मंदिर में विजयादशमी को पात्र पूजा का कार्यक्रम होता है। इसमें गोरक्षपीठाधीश्वर संतों के आपसी विवाद सुलझाते हैं।

विवादों के निस्तारण से पूर्व संतगण पात्र देव के रूप में योगी आदित्यनाथ का पूजन करते हैं। पात्र देवता के सामने सुनवाई में कोई भी झूठ नहीं बोलता है। पात्र पूजा संत समाज में अनुशासन के लिए भी जाना जाता है। यदि किसी संत के विरुद्ध कोई शिकायत सही पाई जाती है या नाथ परंपरा के विरुद्ध किसी गतिविधि में संलिप्त मिलता है तो गोरक्षपीठाधीश्वर संबंधित संत पर कार्रवाई का निर्णय लेते हैं। सजा व माफी दोनों का अधिकार पात्र देवता को होता है। पात्र पूजा के दौरान संतों की अदालत करीब तीन घंटे लगती है। इस दौरान किसी को भी पूजा परिसर से बाहर जाने की अनुमति नहीं होती। पूजा में केवल वही संत व पुजारी हिस्सा लेते हैं, जिन्होंने नाथ पंथ के किसी योगी से दीक्षा ग्रहण की है। पूजा के दौरान सभी को अपने गुरु का नाम बताना पड़ता है।

### आज से तीन दिन विशिष्ट आराधना में लीन रहेंगे मुख्यमंत्री योगी

शिवावतार गुरु गोरखनाथ की तपस्थली गोरक्षपीठ गोरखपुर में शारदीय नवरात्र में गुरुवार से गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अनवरत तीन दिन अनुष्ठान और आराधना में लीन रहेंगे। अष्टमी की शाम गोरक्षपीठ के पारंपरिक निशा पूजा में सम्मिलित होंगे। जबकि शुक्रवार को नवमी तिथि पर उनके द्वारा कन्या पूजन का अनुष्ठान किया जाएगा। नौ दुर्गा स्वरूपा नौ कुंवारी कन्याओं का पूजन करेंगे। शनिवार को गुरु गोरक्षनाथ के विशिष्ट पूजन व गोरक्षपीठाधीश्वर के तिलकोत्सव के बाद सायंकाल विजयादशमी की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## उत्तराखंड में 28 जनवरी से होंगे राष्ट्रीय खेल

**देहरादून।** 38वें राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक उत्तराखंड में होंगे। 25 अक्टूबर 2024 को प्रस्तावित भारतीय ओलंपिक संघ की आमसभा की बैठक में इसका पूरा कार्यक्रम जारी किया जाएगा। राष्ट्रीय खेलों के साथ ही विंटर नेशनल गेम का आयोजन भी उत्तराखंड होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को नई दिल्ली में भारतीय ओलम्पिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा से भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि उत्तराखंड को 38वें राष्ट्रीय खेलों की जिम्मेदारी मिली है।

## दिल्ली में मुख्यमंत्री का आवास किया गया सील

- भाजपा के इशारे पर आवास जबरन खाली कराने का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास को लेकर विवाद उठ खड़ा हुआ है। दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने बुधवार को एक बयान में आरोप लगाया कि सिविल लाइंस में 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर जबरन खाली कराया गया, क्योंकि उपराज्यपाल वीके सक्सेना इसे भाजपा के एक नेता को आवंटित करना चाहते हैं।

उपराज्यपाल कार्यालय या भाजपा की ओर से इन आरोपों पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। बयान में कहा गया है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी का सामान भी आवास से हटा दिया गया है। आतिशी से पहले इस आवास में तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रहते थे। बयान में दावा किया गया है कि बंगला किसी महत्वपूर्ण भाजपा नेता को आवंटित करने की योजना है। इससे पहले, आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा था कि अधिकारी मुख्यमंत्री आतिशी को बंगला आवंटित नहीं कर रहे हैं और वहां उनका कैंप कार्यालय भी खाली करा दिया गया है।

नवरात्र विशेष

# गुप्तार घाट में सिंहासन पर विराजमान हैं मरी माता

▸▸ नवरात्र के 9 दिन शाम को 8 बजे पांच हजार बत्तियों से होती है विशेष आरती


मरी माता का किया गया भव्य श्रृंगार ।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या में सरयू नदी के किनारे गुप्तारघाट स्थित मरी माता का प्रसिद्ध मंदिर है। यहां सिंहासन पर विराजमान माता रानी का दिव्य दर्शन हर किसी को आकर्षित करता है। नवरात्र के समय दर्शन करने वाले भक्तों की अपार भीड़ लगती है। कहा जाता है कि सिर्फ धूप, कपूर और अगरबत्ती से प्रसन्न होने वाली माता के दरबार में प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को भक्त जुटते हैं। मंदिर कि पौराणिकता में बताया जाता है कि पहले इस स्थान पर माता के रूप में सिर्फ एक पिंड था। ये पिंड हजारों वर्ष पुराना था। पिंड कहां से आया, किसने और कब रखा। किसी को जानकारी नहीं है। करीब डेढ़ सौ साल पहले की बंदोबस्ती व फैजाबाद गजेटियर में भी इस मंदिर का जिक्र है। 2002 में पिंड वाले स्थान पर भव्य मंदिर बनवाने की कवायद शुरू हुई थी। इस मंदिर में बाहर दाहिनी तरफ बाल रूप में बालाजी तो बायीं ओर गणेश जी की मूर्ति है। श्री मरी माता मंदिर सेवा ट्रस्ट के मुताबिक यहां प्रतिदिन पांच आरती की विशेष व्यवस्था है, लेकिन नवरात्र के 9 दिन शाम को 8 बजे पांच हजार बत्तियों से विशेष आरती होती है।

# आठ बजे घंटा, घड़ियाल व शंखनाद से गूंजा शहर

## एक साथ, एक समय पर की गई राम लला और मां दुर्गा की आरती ▸ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले साल शुरू की गई परंपरा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** शहर के सभी पूजा पंडालों के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए। देवी-मंदिरों से पूजा पंडालों में शाम को रामलला और मां दुर्गा की आरती में शामिल होने के लिए भक्तों की भीड़ लग गई। ठीक आठ बजे एक साथ सैकड़ों पूजा पंडालों में घंटे-घड़ियाल और शंख का नाद पूरे शहर में गूंजने लगा। इस साल दुर्गा पूजा समिति ने नया प्रयोग किया। यह तीन दिन तक चलेगा।

बुधवार को नवरात्र की सप्तमी थी। शहर के अवशेष पंडालों में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रतिमाओं की स्थापना की गई। पंडालों से श्री दुर्गा सप्तशती के श्लोकों या देवी सर्वभूतेषु मातृ रुपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः के स्वर गूंज रहे थे। शाम दूधिया रोशनी में पंडालों की खूबसूरती देखने लायक थी। इस साल रामलला और मां के भक्तों ने एक अभिनव प्रयोग शुरू किया है। शहर के सभी पूजा पंडालों में एक साथ रामलला और मां दुर्गा की आरती एक समय पर किए जाने का फैसला लिया गया था। बुधवार को पहला दिन था। पहली बार के इस कार्यक्रम को लेकर पूजा समितियों के लोग सक्रिय हैं। ठीक आठ बजे एक साथ शहर के पूजा पंडालों में एक घंटे-घड़ियाल, शंख ध्वनि हुई तो पूरा शहर नाद में डूब गया। लगभग आधे घंटे से ज्यादा समय तक यह नाद गूंजता रहा। शहर के मार्गों पर चलने वाले लोग भी ठहर कर इस दृश्य को देखने लगे। धूप दीप के साथ आरती हुई। प्रसाद वितरण किया गया। पंडालों में बड़ी संख्या में बाल, वृद्ध, नर-नारी मौजूद रहे। दुर्गा पूजा एवं रामलीला समिति से बताया गया है कि सभी पंडालों में एक साथ आरती का आयोजन किया गया।

आरती में मौजूद रहे दिनेश गुप्ता ने कहा कि बहुत अच्छा लगा। एक साथ शहर के लोग श्रद्धा भक्ति में डूब गए। माहौल भक्तिमय हो गया। निशा पांडेय ने कहा कि राम लला अयोध्या के आराध्य हैं। मां दुर्गा की दिन है। ऐसे में दोनों की एक साथ आरती से मन प्रसन्न हुआ।


दुर्गा पंडालों में मां की प्रतिमाओं के साथ सेल्फी लेने की होड़ मची हुई है।


श्री रामलीला समिति कनकपुर मया में रात आठ बजे रामलला व मां दुर्गा की सामूहिक आरती करते पदाधिकारी।

### कम हो सकता है प्रतिमा विसर्जन के लिए पानी

अयोध्या, अमृत विचार : दुर्गा पूजा के बाद प्रतिमा विसर्जन स्थल की तैयारी ठीक नहीं है। यह बात केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों की एक बैठक में सामने आई। कार्यालय पर हुई बैठक में घाट प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने बताया कि घाट पर पानी बहुत कम है। प्रशासन से नदी को गहरा करने के लिए लगाए गए मड पंप से समस्या का हल नहीं हो पा रहा है। विसर्जन के लिए पानी पर्याप्त नहीं है। प्रशासन से कहा गया कि विसर्जन के लिए हर हाल में पर्याप्त मात्रा में जल की उपलब्धता कराई जाए।

### जायजा लेने निकले कमिश्नर व आईजी

शहर में दुर्गा पूजा की धूम के दौरान बुधवार देर शाम आठ बजे मंडलायुक्त गौरव दयाल और आईजी प्रवीण कुमार पैदल नगर भ्रमण पर निकले। शहर के विभिन्न मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए इंतजाम को परखा। अधिकारियों द्वारा देखा जा रहा है कि सुरक्षा के क्या और कैसे इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ ही मातहतों को पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और लोगों की सुविधा को लेकर निर्देश भी दिया।

# राजस्व निरीक्षक के घर चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

मिल्कीपुर, अयोध्या।


गिरफ्तार किए गए आरोपी।

**अमृत विचार :** कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित बरई पारा गांव के पास राजस्व निरीक्षक के घर डेढ़ माह पूर्व हुई चोरी की बड़ी घटना का कुमारगंज पुलिस ने पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी किए गए आभूषण और नकदी भी बरामद की है। हालांकि पुलिसिया कार्रवाई से परिवार पूरी तरह से असंतुष्ट है।

कुमारगंज थाना क्षेत्र के चिलबिली चौकी क्षेत्र अंतर्गत गनेशपुर निवासी राजस्व निरीक्षक हरिश्चंद्र सिंह अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बरईपारा गांव के पास मकान बना परिवार सहित रहते हैं। वह पिता के निधन पर गांव गए थे। इसी दौरान बीते 25/26 अगस्त की रात चोरों ने उनके घर को निशाना बनाया सोने एवं चांदी के आभूषण सहित नकदी भी पार कर दिए थे। मामले में पुलिस ने दो चोरों रणवीर उर्फ मनीष व करण गुप्ता उर्फ राहुल कानपुर को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बुधवार को सोहिल उर्फ कल्लू उर्फ करण निवासी एसपी आवास कानपुर, वीरेंद्र चक्र निवासी शहरी थाना औरैया और चोरी का माल खरीदने वाले व्यापारी प्रत्येश कटियार निवासी कानपुर नगर को गिरफ्तार किया। कब्जे से सोने व चांदी के आभूषण भी बरामद किए। पुलिस ने एक कार भी बरामद की है। वहीं राजस्व निरीक्षक हरिश्चंद्र सिंह के ग्राम प्रधान भतीजे अभिषेक सिंह ने पुलिसिया कार्यवाही पर असंतोष व्यक्त किया है।

## ग्राम प्रधान पर जानलेवा हमला, 6 पर मुकदमा

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र अंतर्गत कंदईकला गांव में तालाब का निर्माण करवा रहे ग्राम प्रधान संतराम सिंह पर दबंगों ने हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। उन्हें सीएचसी खंडासा से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ग्राम प्रधान की तहरीर पर खंडासा पुलिस ने 6 पर केस दर्ज करते हुए तीन को गिरफ्तार किया है। कंदईकला गांव में ग्राम प्रधान संतराम सिंह तालाब खोदवा रहे थे। इसी दौरान तालाब की जमीन विवाद को लेकर गांव के ही अरविंद कुमार, अशोक, हरिप्रसाद, रामू, राम बहादुर, रामखेलावन ने ग्राम प्रधान पर हमला कर दिया। मामले में कार्रवाई करते हुए 6 लोगों के विरुद्ध बलवा, मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। ग्राम प्रधान संघ अमानीगंज के अध्यक्ष पवन पांडे ने घटना की निंदा की है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# प्रधान व कोटेदार में रार, 3 दिन भूखे लौटे छात्र

पूराबाजार, अयोध्या।

▸▸ राशन न मिलने के कारण नहीं बना मध्यान्ह भोजन, खुलासे के बाद अब नोटिस का खेल


पूराबाजार का प्राथमिक विद्यालय भदौली बुजुर्ग।

> तीनों विद्यालय में बच्चों को भोजन न बनने के लिए स्पष्टीकरण हेतु ग्राम प्रधान व तीनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को नोटिस जारी किया है। जवाब आने पर अगली कार्रवाई होगी। **–रियाज अंसारी, खंड शिक्षा अधिकारी, पूराबाजार**

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना प्रधान और कोटेदारों की रार की भेंट चढ़ रही है। खंड शिक्षा क्षेत्र पूराबाजार में तीन परिषदीय विद्यालयों के छात्रों को तीन दिन बिना मध्यान्ह भोजन के भूखे पेट घर लौटना पड़ा। इसका खुलासा तब हुआ जब छात्रों ने घर में भोजन न मिलने की बात बताई तो अभिभावकों ने खंड शिक्षा अधिकारी से शिकायत दर्ज कराई। इतना ही नहीं, इन तीन परिषदीय विद्यालयों के 119 प्रभावित छात्रों के स्कूल से भूखे लौटने के मामले को लेकर अब नोटिस का खेल शुरू हो गया है। तीनों स्कूलों के प्रधानाध्यापकों द्वारा भी अधिकारियों को सूचित नहीं कर मामला दबाए रखा गया।

खंड शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भदौली बुजुर्ग में छात्र संख्या 37 हैं। प्रधानाध्यापक अंजुलता लता ने बताया कि राशन न मिल पाने के कारण 5, 7 और 8 अक्टूबर को विद्यालय में भोजन नहीं बना था। उन्होंने बताया कि प्रधान द्वारा राशन नहीं उपलब्ध कराया गया था। वहीं माध्यमिक विद्यालय भदौली बुजुर्ग की छात्र संख्या 34 है। इंचार्ज प्रधानाध्यापक अध्यापक उमाकांत मिश्रा ने बताया कि राशन न मिलने से 7 और 8 अक्टूबर को विद्यालय में बच्चों को दोपहर में मिलने वाला भोजन नहीं बना। उन्होंने बताया कि 7 अक्टूबर को प्रधान द्वारा राशन नहीं दिया गया था 8 को मैं अवकाश पर था। 9 अक्टूबर को विद्यालय आते ही प्रधान को बुलाकर राशन की मांग की गई है। वहीं प्राथमिक विद्यालय पलिया टेकधर में छात्रों की संख्या 48 है। इंचार्ज प्रधानाध्यापक सुमित सिंह ने बताया कि 5 व 7 अक्टूबर को राशन नहीं मिला था। दावा किया है कि फिर भी निजी व्यवस्था से भोजन मैंने बनवाया था। ग्राम पंचायत के दो विद्यालयों में भोजन नहीं बन रहा था इसलिए 8 अक्टूबर को हमने भी भोजन नहीं बनवाया। विद्यालय को राशन नहीं मिल पा रहा है। बता दें कि इससे पहले भी क्षेत्र के तीन स्कूलों में मध्यान्ह भोजन चार दिनों तक बाधित रहा था तब भी नोटिस जारी की गई थी लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। बताया जाता है कि संबधित स्कूलों के क्षेत्र में प्रधान और कोटेदार के बीच रार के कारण बच्चे प्रभावित हो रहे हैं।

## सार-संक्षेप


पूराबाजार क्षेत्र में पूजा पंडालों पर पहुंच दर्शन करते पूर्व सांसद लल्लू सिंह।

### सच्चे भक्तों की रक्षा करती हैं माता रानी : लल्लू सिंह

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने मंगलवार देर शाम को क्षेत्र के मां दुर्गा पंडालों में पहुंच कर माथा टेककर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि माता रानी सच्चे भक्तों की रक्षा करती है। विकासखंड पूरा बाजार से हनुमत नगर, नारायनपुर, कछौली, खनुवावां, कोडरी बाजार, गगौली, सौनैसा, अंजना, भवानीपुर, शान्तीपुर, अलावलपुर, बहोरनपुर, मोहतशिमपुर, अंकवारा व नारा में पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने पंडालों में स्थापित मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। मंडल अध्यक्ष नंदीग्राम अमरनाथ वर्मा, मंडल महामंत्री पूरा राजेश पाठक, जिला पंचायत सदस्य देवता प्रसाद पटेल, आनंद सिंह पिंटू, शोभाराम वर्मा, सभाजीत निषाद, अनूप श्रीवास्तव, लकी पांडे, धर्मपाल निषाद, गुड़िया बीडीसी, भूपेंद्र पांडे, योगेश मिश्रा, अविनाश, अनूप कुमार वर्मा, रमेश सिंह प्रधान नारा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### मां सरयू का जल लेकर सैफई रवाना हुई पांच सदस्यीय टीम


सरयू जल लेकर सैफई के लिए रवाना होते सपा के कार्यकर्ता।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के संरक्षक पूर्व रक्षा मंत्री पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव नेताजी की द्वितीय पुण्यतिथि पर अयोध्या से मां सरयू का जल लेकर पांच सदस्यीय टीम सैफई रवाना हुई। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन और जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने टीम को रवाना किया। जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि सैफई इटावा के लिए पवित्र सरयू जल लेकर जाने वाले मुख्य रूप से सूर्य प्रकाश यादव, पूर्व पार्षद राम अजोर यादव, बृजेश सिंह चौहान, विजय तिवारी और वीरेंद्र गौतम शामिल हैं।

### काशीराम ने दलितों और शोषितों को दिलाया अधिकार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर बुधवार को बसपा संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि मनाई गई। अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा कांशीराम ने हमेशा दलित, पिछड़ों और समाज में सबसे गरीब शोषित वंचित के हक को दिलाने का काम किया। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कांशीराम ने अपना पूरा जीवन दलित और पिछड़ों के लिए समर्पित कर दिया। प्रदेश सचिव मोहम्मद हलीम पप्पू, रामअचल यादव, महिला महानगर अध्यक्ष अपर्णा जायसवाल, डॉ घनश्याम यादव, इमरान खान, ऋतुराज सिंह, कमलेश सोलंकी, प्रवीण राठौर, इश्तियाक खान आदि मौजूद रहे।

### पुरानी पेंशन बहाली समेत उठे कई मुद्दे, सौंपा ज्ञापन


शिक्षा भवन पर आयोजित धरने को संबोधित करते शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर बुधवार को मंडल के सभी चारों जिलों के तीन सौ अधिक शिक्षकों की शिक्षा भवन पर जुटान हुई। धरने में पुरानी पेंशन बहाली समेत 24 मांगों को लेकर शिक्षकों ने हुंकार भरी। प्रदेश स्तर के शिक्षक नेताओं की मौजूदगी में ज्ञापन संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ ओपी गुप्ता और जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पवन कुमार तिवारी को सौंपा गया। धरने की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामानुज तिवारी तथा संचालन मंडलीय मंत्री शिव भूषण उपाध्याय ने किया। गोरखपुर – फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन सीट से शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि आज विषम परिस्थितियां उत्पन्न हो गई हैं। शिक्षकों के आगे करो या मरो की स्थिति आ गई है। शिक्षकों को निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार होना होगा। अध्यक्षता करते हुए मंडलीय अध्यक्ष राम अनुज तिवारी और ने प्रदेश महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने पुरानी पेंशन का मुद्दा उठाया। पूर्व प्रदेश महामंत्री इंद्रासन सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष रामेश्वर उपाध्याय, रामचंद्र यादव, गोंडा मंडलीय अध्यक्ष अजीत सिंह, आलोक तिवारी व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### अराजकता फैलाने वालों की खैर नहीं : एसपी ग्रामीण

**पूरा बाजार, अयोध्या।** थाना महाराजगंज क्षेत्र के पुलिस चौकी पूरा बाजार के प्रांगण में बुधवार को दुर्गा पूजा व रामलीला पर्व पर शान्ति बैठक का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि एसपी ग्रामीण बलवंत ने कहा कि धार्मिक पर्व पर अराजकता फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। थानाध्यक्ष महाराजगंज राजेश सिंह व चौकी प्रभारी हरिशंकर राय ने भी विचार व्यक्त किया। व्यापारी नेता प्रमोद सोनी, पन्नालाल गुप्त, रईस अहमद, ग्राम प्रधान रमेश सिंह, अरुण कुमार सिंह, ओम प्रकाश यादव, गया प्रसाद यादव सहित गण्मान्य मौजूद रहे।

### कार्यशाला में दी गई घरेलू हिंसा के बारे में जानकारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग ने मिशन शक्ति पांच के तहत अवध इंटरनेशनल स्कूल में घरेलू हिंसा अधिनियम और कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न पर अभिमुखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्र–छात्राओं और अध्यापिकाओं को विस्तार में घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर होने वाले उत्पीड़न के विषय मे जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अधिवक्ता श्वेताराज सिंह ने बालिकाओं के साथ संवाद किया। आत्मरक्षा के लिए जागरूक किया।


अवध विश्वविद्यालय के छात्रावास में छात्राओं के साथ कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल। अमृत विचार

# डांडिया नृत्य भारतीय संस्कृति का अंगः कुलपति

अयोध्या कार्यालय

▸▸ छात्रावास में छात्राओं ने उल्लास के साथ किया डांडिया

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आचार्य नरेंद्र देव महिला छात्रावास में छात्राओं द्वारा डांडिया का आयोजन किया गया।

कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने मां दुर्गा के पट खोलने के साथ ही पूजन-अर्चन किया। उन्होंने बताया कि डांडिया नृत्य भारतीय संस्कृति का अंग है। यह देवी दुर्गा के सम्मान में किया जाता है। बताया कि डांडिया मां दुर्गा की तलवार का प्रतीक है, जो बुराई का अंत करता है। कुलसचिव डॉ अंजनी कुमार मिश्र, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक, वार्डन डॉ. महिमा चौरसिया ने भी छात्राओं को शुभकामनाएं दी। डॉ. नीलम सिंह, डॉ प्रतिभा, साधना पाठक, निर्मला मिश्र और छात्राओं में कोमल, सेजल गुप्ता, नैंसी, सृष्टि, खुशी, वंशिका अमृता, अर्पिता, प्रीति,पारुल अवंतिका,श्रद्धा, चांदनी, अदिति, निशा, हर्षा, मिनाक्षी, सुवर्णा सुहानी, ललिता मौजूद रहीं।

# 31 वाहनों का चालान, तीन से उतरवाई काली फिल्म

अयोध्या कार्यालय

▸▸ प्रदूषण फैलाने, मोडीफाइड साइलेन्सर व प्रेशर हॉर्न पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचारः** सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत बुधवार को वाहन प्रदूषण जांच केंद्रों, मानक से अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों, मोडीफाइड साइलेन्सर, हूटर, प्रेशर हॉर्न व शीशे पर लगी काली फिल्म के विरुद्ध अभियान चलाते हुए कार्रवाई की गई।

एआरटीओ (प्रवर्तन) प्रवीण कुमार सिंह द्वारा अमित एजुकेशनल, पैरामाउंट सर्विस, बीआर प्रदूषण, आशा फाउंडेशन, मेसर्स गोकुल पर्यावरण सेवा संस्थान, मुमकिन सेवा संस्थान एवं कला कृत्रि सोसाइटी प्रदूषण जांच का निरीक्षण करते हुए प्रदूषण केंद्रों का ब्यौरा व यान्त्रिक दशा का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होने कई गाड़ियों से निकलने वाले प्रदूषण की जांच अपने सामने कराई। अभियान के तहत मानक से अधिक प्रदूषण फैला रही 17 वाहनों, मोडीफाइड साइलेन्सर के 11 वाहनों एवं प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने वाले तीन वाहनों सहित कुल 31 वाहनों का चालान करते हुए तीन वाहनों के शीशे पर लगायी गयी काली फिल्म उतरवाई। टीआई अजय कुमार द्वारा वाहनों से प्रदूषण के कम उत्सर्जन के टिप्स देते हुए कहा कि वाहन चालक को सुनिश्चित करना होगा कि वाहन के टायरों में हवा निर्धारित मात्रा में भरी हो, जिससे वाहन में ईंधन की खपत कम हो। उन्होने बताया कि वैध प्रदूषण प्रमाण-पत्र न होने की स्थिति में 10 हजार रुपये का जुर्माना देय है।

# ड्रोन से निगरानी के फैसले का संतों ने किया स्वागत


महंत देवेशाचार्य हनुमान गढ़ी


जगद्गुरु राम दिनेशाचार्य

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** योगी सरकार धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बेहद संवेदनशील है। अयोध्या, मथुरा, काशी, गोरखपुर, आगरा समेत कई प्रमुख स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। प्रदेश की पुलिस चार करोड़ 61 लाख की लागत से नौ टेथर्ड ड्रोन की खरीद करेगी, जिससे राम नगरी की भी सुरक्षा को अभेद करेगी। संतों ने सरकार की ओर से सुरक्षा के लिए किए गए निर्णय का स्वागत किया है। जगद्गुरु राम दिनेशाचार्य ने कहा कि यह बहुत ही स्वागत योग्य कदम है। कोई भी अपने नापाक इरादों में कामयाब ना हो इसके लिए यह कार्य बहुत ही आवश्यक है। महंत देवेशाचार्य हनुमान गढ़ी ने कहा कि अयोध्या तो पहले से ही सुरक्षित रही है, लेकिन जब से राम मंदिर का निर्माण हुआ है तब से मिल रही धमकियों को देखते हुए प्रदेश सरकार ड्रोन सहित अन्य प्रमुख यंत्रों के माध्यम से सुरक्षा अभेद करने में जुटी हुई है। सरकार का यह कदम स्वागत योग्य है।

# अंतर प्रांतीय घुड़दौड़ प्रतियोगिता में बिहार रहा अव्वल

▸▸ विनर और रनर दोनों खिताब के दावेदार रहे मोतिहारी बिहार के सैयद फरहान के घोड़े

सोहावल, अयोध्या।


घुड़दौड़ में विजेता और उप विजेता बिहार के सैयद फरहान अपने घोड़े के साथ।

**अमृत विचार :** रौनाही में आयोजित हुई स्वर्गीय हाजी जुबेर और सुलतान खान मेमोरियल प्रांतीय घुड़दौड़ प्रतियोगिता बुधवार को हुई। यूपी, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश सहित कई प्रांतों से आए घोड़ों, उनके मलिकानों और सवारों से सजी भीड़ के बीच हुई फाइनल दौड़ में बाजी मोतिहारी बिहार के निवासी सैयद फरहान के दो घोड़ों के नाम रही। जिन्होंने अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ कर विजेता और उप विजेता का खिताब जीता।

प्रतियोगिता के अंपायर हाजी सरफराज खान, आयोजक मंडल के हाजी फिरोज खान गब्बर, एजाज अहमद, फिरदौस खान, गाजी खान आदि के इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि कैंसरगंज के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह और बिपिन सिंह ने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने विजेता मालिक सैयद फरहान मोतिहार बिहार और घुड़सवार राजेश कुमार को ट्राफी और 51 और 25 हजार नकद प्रदान किया। तीसरा स्थान सुरेंद्र सिंह प्रयागराज ने प्राप्त किया। बिहार पहले और दूसरे स्थान पर रहा।

## 2014 के बाद हुआ असीमित विकास

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के तीन ग्राम पंचायतों में बुधवार को मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव के नेतृत्व में ग्राम चौपाल हुई। मुख्य अतिथि ने कहा कि 2014 के बाद देश और प्रदेश में असीमित विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा युद्ध स्तर पर अनवरत हो रहे विकास से विपक्षी बौखला गए हैं। ग्राम पलिया लोहानी की जन चौपाल कार्यक्रम में जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा की। पलिया लोहानी के अलावा घुरेहटा और सिंधौरा में भी जनता की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों से हर घर तक बिजली और प्रत्येक पात्र परिवार को राशनकार्ड के साथ सभी सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय 'बादल', सरजू दूबे, अभिषेक भद्र सिंह, अजय सिंह, पवन तिवारी, विकास सिंह, विकास चौरसिया, रामदीन, हरिवंश सिंह, भानु प्रताप सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# 61 नहीं अब 90 हजार लीटर तेल का किया जाएगा प्रयोग

अयोध्या कार्यालय

दीपोत्सव


▸▸ 20 से स्वयंसेवकों को आईकार्ड का शुरू होगा वितरण



**अमृत विचारः** आठवें दीपोत्सव को संपन्न कराने के लिए डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने कमर कस ली है। छोटी दीपावली पर 55 घाटों पर 25 लाख से अधिक दीए प्रज्ज्वलित होंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने 30 हजार स्वयंसेवकों को लगाने की तैयारी की है।

दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर नोडल समन्वयक प्रो. एसएस मिश्र ने बताया कि 25 लाख दीए जलाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 28 लाख दीए बिछाये जाएंगे। राम की पैड़ी के सभी घाटों पर 16 गुणे 16 ब्लाक में 30 एमएल दीए में 30 एमएल सरसों का तेल पड़ेगा, जिसके लिए 90 हजार लीटर सरसों का इंतजाम जिला प्रशासन के सहयोग से पूरा किया जा रहा है। 26 अक्टूबर से घाटों पर दीए की खेप पहुंचनी शुरू हो जाएगी। 27 अक्टूबर से स्वयंसेवकों द्वारा घाटों पर दीए बिछाने के साथ 30 अक्टूबर को दीए प्रज्ज्वलित करके विश्व रिकार्ड बनायेंगे। उन्होंने बताया कि श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद का पहला दीपोत्सव ऐतिहासिक बनाया जायेगा। दीपोत्सव में सहभागिता के लिए पंजीकरण की तिथि विस्तारित कर दी है। अब 15 अक्टूबर तक सहभागिता के लिए पंजीकरण कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवकों के दीपोत्सव आईकार्ड को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। 20 अक्टूबर से स्वयंसेवकों को आईकार्ड का वितरण शुरू कर दिया जायेगा। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले विवि प्रशासन ने 61 हजार लीटर सरसों का तेल खरीदने की बात कही थी।

**अष्टम महागौरी**



मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप, संताप, दैन्य - दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। देवी महागौरी की पूजा से राहु का बुरा प्रभाव खत्म होता है।

बीज मंत्र - श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नमः।


नवरात्रि के पावन महोत्सव की
एम.के. बन्धानी हींग परिवार
की ओर से
हार्दिक शुभकामनाएँ
सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते॥
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

**आज का मौसम**

आगामी 24 घंटे में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है।

| 34.0° | 23.5° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

**आज के कार्यक्रम**



- उपचुनाव को लेकर मिल्कीपुर में भारतीय जनता पार्टी की चौपाल तीन पंचायतों में प्रातः 11 :00 बजे से।
- समाजवादी पार्टी द्वारा गुलाबबाड़ी कार्यालय पर मिल्कीपुर उप चुनाव को लेकर बैठक अपराह्न 12 :00 बजे से
- जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में पीटीएम अपराह्न 03 :00 बजे से।
- रुदौली में चल रही ऐतिहासिक रामलीला में विभिन्न प्रसंगों का मंचन सायं 07 :00 बजे से

# लगाया पिंजड़ा, कम पड़ गई रैबीज की निडिल

**खौफ** | अभी नहीं लगा हिंसक जानवर का सुराग, सहमे हैं ग्रामीण | लोग कर रहे रतजगा, समूह में निकल रहे ग्रामीण | दिन ढलने के बाद बच्चों के घर से निकलने पर पाबंदी

मिल्कीपुर, अयोध्या।

**अमृत विचार :** मिल्कीपुर क्षेत्र में हिंसक जानवर का सुराग लगाने में विभाग अब तक नाकाम है। आदमखोर जंगली जानवर का खौफ बरकरार है। गांव के लोग रतजगा कर रहे हैं। समूह में ही बाहर निकल रहे हैं। दिन ढलने के बाद बच्चों के घर से निकलने पर पाबंदी है। वन विभाग ने क्षेत्र के गनेशपुर में पिंजड़ा लगाने के साथ दो टीमों से गश्त का दावा किया है।

वन विभाग सक्रिय है, लेकिन अब तक हिंसक जानवर और न ही उसका ठिकाना कोज पाया है। लगभग 15 किलोमीटर परिधि के दायरे के आधा दर्जन गांवों में इसकी दहशत है। हमले में 15 से ज्यादा घायल हुए हैं। अब पता चल रहा है कि हैरिंग्टनगंज सीएचसी पर रैबीज इंजेक्शन की निडिल कम पड़ गई। मेडिकल स्टोरों पर लोगों को खरीदने के लिए भेजा जा रहा है।

सिंधौरा गांव के बाद हिंसक जानवर की लोकेशन नहीं मिली। बड़ी दहशत है। शाम के बाद लोग घरों में दुबक रहे हैं। जरूरी काम से रात में बाहर निकले तो भीड़ के साथ। अब तक हिंसक जानवर क्षेत्र के आदिलपुर, उरुवा वैश्य, स्वर्ण वर्षा, महोलिया, खड़भड़ेपुर, जमोलिया, भिच्छु का पुरवा और लाला का पुरवा में हमले में 15 लोग घायल हुए। हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के गनेशपुर चिलबिली से लेकर परसपुर सथरा, पलिया लोहानी, सिंधौरा, बसवार कला, डीह पूरे बीरबल, हरीरामपुर, घुरेहटा, परवरपारा, सोहवल सलोनी, सराय मजरा, नियामतपुर और चौधरीपुर के लोग भी दहशत में हैं। गांव के अभिषेक सिंह, मनीराम, रवि कुमार, दातादीन, त्रिलोकी आदि ने बताया कि वन विभाग से पिंजड़ा लगाया गया है लेकिन अभी तक भेड़िया नहीं फंसा है। पिंजरे के आसपास सियार ही दिखाई पड़े हैं। पता चला है कि आदमखोर जानवर के हमले के दिन हैरिंग्टनगंज सीएचसी पर पीड़ितों का जमावड़ा लग गया था। वहां मौजूद रहे चौधरीपुर के विपिन तिवारी ने बताया कि अस्पताल में लगातार आए कई मामलों के बाद रैबीज के इंजेक्शन की निडिल की कमी देखी गई थी। आलम यह रहा कि कई को निडिल लेने के लिए मेडिकल स्टोरों पर भेजा गया।



मिल्कीपुर के आदिलपुर गांव में वन विभाग की टीम के साथ पहरा देते ग्रामीण।



मिल्कीपुर के गनेशपुर गांव में वन विभाग ने लगाया पिंजरा।

### क्षेत्र में रात दिन गश्त

वन विभाग की दो टीमें दिन और रात के समय गस्त कर रही हैं। सुबह आठ से रात्रि आठ बजे तक डिप्टी रेंजर मनोज सिंह के नेतृत्व में दिलीप श्रीवास्तव, मनोज वर्मा, राजेंद्र प्रसाद की टीम गश्त करती है। रात आठ से सुबह आठ बजे तक फॉरेस्टर विष्णु प्रसाद चौहान के नेतृत्व में फॉरेस्टर सुनील कुमार दुबे, फॉरेस्ट गार्ड शुभम सिंह की टीम ग्रामीणों के साथ गश्त करती है। वन कर्मियों ने बताया कि पिंजड़ा लगाया गया है। गश्त की जा रही है, लेकिन अभी हिंसक जानवर का सुराग नहीं लगा।

### लगातार घट रही स्कूलों में बच्चों की संख्या

आदमखोर जंगली जानवर का खौफ है। स्कूलों में पढ़ने आने वाले बच्चों की संख्या लगातार घटती जा रही है। अब सिंधौरा के आसपास बच्चों की संख्या में गिरावट है। गनेशपुर चिलबिली, पलिया लोहानी, आदिलपुर, स्वर्ण वर्षा, बसवार कलां आदि के स्कूलों में तैनात शिक्षकों ने बताया कि स्कूल के नजदीक के बच्चे या जिनके अभिभावक बच्चों को लेकर स्कूल तक छोड़ने आते हैं, वही बच्चे स्कूल आ रहे हैं।

> रैबीज के इंजेक्शन की निडिल अलग होती है। इसकी सप्लाई भी कम होती है। उधर मामले बढ़ गए थे। हालांकि मैं दिखवाता हूं। - डॉ. संतोष सिंह, अधीक्षक, हैरिंग्टनगंज सीएचसी

## ...लेकिन नहीं आया हिंसक जानवरों से घायलों का ख्याल

बलराम तिवारी, मिल्कीपुर (अयोध्या)

**अमृत विचार :** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की गर्मी है। गांव-गांव राजनीतिक दलों के कार्यक्रम लग रहे हैं, लेकिन सत्ता पक्ष या विपक्ष के नेताओं को हिंसक जानवर के हमले में घायल ग्रामीणों का ख्याल नहीं आया। आम लोगों की टिप्पणी रही कि केवल चुनाव में दिखने वाले इन माननीयों को केवल वोट की दरकार है, उनके साथ क्या गुजर रही है, इसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है।

बुधवार को हैरिंगटनगंज ब्लॉक के सिंधौरा, पलिया लोहानी और घुरेहटा में एक वीआईपी का कार्यक्रम था। ग्रामीणों ने टिप्पणी की कि बुधवार को हिंसक जानवर के हमले में घायल दर्जनों लोगों के घरों के बगल से काफिले की दर्जनों गाड़ियां फर्राटा भरते हुए निकल गई, लेकिन न तो उन्हें सुधि आई और न ही किसी ने इन्हें बताया। इस बात का मलाल हम ग्रामीणों को जरूर है। परवर पारा के योगेंद्र कुमार कहते हैं कि धूल उड़ाते दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ वीआईपी चले गए। यहीं बगल में हिंसक जानवर के हमले से घायल तारा देवी पड़ी कराह रही है, लेकिन उसका हाल-चाल लेना मुनासिब नहीं समझा। उरुवा वैश्य के सुनील कुमार ने कहा कि हमारे गांव की शान सेना का जवान हिंसक जानवर के हमले से जख्मी हुआ है। उसका मिलिट्री हॉस्पिटल से इलाज भी चल रहा है। सैनिक के घर के 50 मीटर फासले से वीआईपी धूल उड़ाते निकल गए। हम लोग तो समझ रहे थे कि वह जरूर आएंगे। बगल में बैठे पूर्व सैनिक रामेंद्र कुमार कहते हैं कि भैया चुनाव है, इसलिए नेता लोग गांव में दिखाई दे रहे हैं, नहीं तो इनका काफिला भी देखने को ना पाते। पलिया लोहानी के विनोद कुमार कहते हैं कि उपचुनाव है। नेताजी की गाड़ी दौड़ रही है। हम लोग भेड़िया के डर में रतजगा कर रहे हैं। खेतों की रखवाली नहीं हो पा रही है। छुट्टा जानवर फसल चट कर रहे हैं, लेकिन कोई पुरसाहाल नहीं है। नियामतपुर के विपिन तिवारी ने टिप्पणी की कि लोगों के बर्थडे, मुंडन, तेरहवीं जैसे कार्यक्रमों में लगातार पहुंचने वाले नेताओं को जंगली जानवर के हमले में घायलों का हाल-चाल लेने का समय नहीं है। घायलों को रैबीज के इंजेक्शन लग पा रहे हैं या नहीं, इसका ख्याल किसी को नहीं है।

**घायलों के गांव के बगल से फर्राटा भरते निकल रहा काफिला**

## तीन दिन से झांकने तक नहीं आए डॉक्टर, भागे मरीज



जिला अस्पताल के ईएनटी वार्ड में भर्ती मरीजों के तीमारदारों में दिखा आक्रोश।

अयोध्या कार्यालय

- जिला अस्पताल के ईएनटी वार्ड में भर्ती हैं कैंसर समेत कई गंभीर रोगी
- बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है जिला अस्पताल प्रशासन

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के ईएनटी वार्ड में तीन दिन से डॉक्टर झांकने तक नहीं पहुंचे हैं। नर्स सुबह-शाम आकर इंजेक्शन लगा जाती हैं। पूछो तो कुछ भी बताने को तैयार नहीं हैं। मरीज आग-बबूले बैठे हैं तो कुछ मंगलवार की रात ही वार्ड छोड़कर भाग गए। कैंसर रोगी समेत कई गंभीर मरीज अब भी इस वार्ड में भर्ती हैं, लेकिन उनकी सुधि लेने वाला नहीं है। अस्पताल प्रशासन बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है।

जिला अस्पताल की इमरजेंसी ओपीडी में देर-सवेर पहुंचने वाले मरीजों को ईएनटी वार्ड में भर्ती कर दिया जाता है। आठ बेड वाले वार्ड में अब सिर्फ दो ऐसे मरीज हैं जो शनिवार को भर्ती हुए हैं। उनमें एक मरीज कैंसर पेशेंट है, जबकि दूसरे बुजुर्ग मरीज का कान व पैर सुन्न पड़ा है। वार्ड में मौजूद मरीज व तीमारदारों ने बताया कि यहां किसी से पूछो कि डॉक्टर साहब कब आएंगे तो वे कुछ भी जवाब नहीं देते।

### वार्ड से जा चुके हैं तीन मरीज

सहादतगंज बढ़ई का पुरवा निवासी रामकरन बेड नंबर आठ पर भर्ती हैं। उन्होंने बताया कि वह शनिवार को भर्ती हुए हैं। उसी दिन डॉक्टर आए थे। उसके बाद से दर्शन नहीं हुए। उनका कान सुन्न पड़ा है। पैर भी वैसे ही है। तीन मरीज भाग गए। सुबह-शाम नर्स आकर ग्लूकोज लगा जाती हैं। डॉक्टर के बारे में कुछ नहीं बताती।

### जिसका केस है वही देखगा

दिल्ली दरवाजा के ककरही बाजार निवासी संजय कुमार कैंसर पेशेंट हैं। उनके तीमारदार ने बताया कि ब्लड और प्लेटलेट्स कम है। तीन दिन से डॉक्टर नहीं आए हैं। कुछ मरीज को डॉक्टर देखे तो उनसे कहा कि मेरा मरीज भी देख लीजिए तो उन्होंने कहा कि जिस डॉक्टर ने भर्ती किया है वही देखेगा। नर्स से पूछो तो कहती हैं हमसे जितना हो रहा है हम पूरा सहयोग करेंगे।

> मैं तो मंगलवार की रात ही राउंड पर गया था। मुझे ऐसी कोई परेशानी नहीं दिखी है। वैसे ईएनटी वार्ड में तो कैंसर पेशेंट तो नहीं भर्ती है। आपने बताया है तो मैं अभी बात करता हूं।
> -डॉ. उत्तम कुमार, सीएमएस, जिला अस्पताल

## उपचुनाव को लेकर प्रभारियों की बैठक आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** मिल्कीपुर (अजा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन के मद्देनजर प्रभारी अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारियों की बैठक 10 अक्टूबर को डेढ़ बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह इसकी अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने दी।

# 1500 के मेहनताने पर चुराते थे बाइक, तीन गिरफ्तार

रुदौली, अयोध्या।

**अमृत विचार :** वाहन चेकिंग के दौरान रुदौली पुलिस को अजब-गजब ढंग से बाइक चोरी करने वाले हत्थे चढ़ गए। पुलिस के हत्थे चढ़ने वाला गैंग 1500 रुपये प्रति बाइक चुराने के नाम पर मेहनताना लेकर वारदात अंजाम देता था। इतना ही नहीं अयोध्या से बाराबंकी तक फैले गैंग के नेटवर्क से सुनियोजित ढंग से बाइक चोरी को अंजाम दे एक तयशुदा बाग में छोड़ दिया जाता था। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार करते हुए कटी बाइकें और चेसिस आदि भी बरामद की है।

कोतवाली रुदौली में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि मंगलवार को वाहन चेकिंग चल रही थी। इस दौरान एक युवक को पकड़ा गया। मनीष निषाद निवासी मोहल्ला शेखाना रुदौली ने बताया कि यह बाइक चोरी की है। गैंग में साजिद, फकरे आलम निवासी मोहल्ला सोफियाना, कबाड़ी सजनू, शाह ,इंसाफ अली निवासी मोहल्ला पुरेखान भी शामिल हैं। आरोपी मनीष निषाद ने पुलिस को बताया कि बाइक चोरी कर गैंग के लोग ग्राम भौली की एक बाग में खड़ी कर देते थे। एक आरोपी फकरे आलम देर रात बाइक अपने घर लाता और मो. साजिद बाइक की चेचिस काट कर और पार्ट खोल कर कबाड़ी सजनु शाह, इंसाफ अली को बेच देते थे। उसने बताया गैंग का कार्य क्षेत्र अयोध्या के कई स्थानों के अलावा रुदौली कस्बे और जनपद बाराबंकी के टिकैत नगर नियमतगंज में है। एसपी ग्रामीण ने बताया कि देखा जा रहा है कि गैंग में कितने लोग हैं जो मेहनताने के लिए चोरी करते थे।



रुदौली पुलिस ने बरामद की बाइक। अमृत विचार

- रुदौली में चेकिंग के दौरान दबोचा, कटी बाइक भी बरामद
- अयोध्या के अलावा बाराबंकी तक फैला था नेटवर्क

### गिरफ्तारी के दौरान यह हुई बरामदगी

पुलिस ने चार बाइक, दो चेचिस, 10 मोटरसाइकिल की रिम, 6 एलॉय व्हील रिम, दो साइलेंसर, आठ शाकर, चार बाइक की टंकी, बाइक के 4 मीटर, दो हेडलाइट, दो चैन कवर बरामद किया है। मनीष निषाद,फकरे आलम, और मो साजिद को जेल भेजा जा रहा है। सजनू शाह और इंसाफ अली की तलाश की जा रही है।

# बनेंगे सरयू पर दो पुल, चार आरओबी, 16 अंडरपास व सात फ्लाईओवर

अयोध्या कार्यालय

- अयोध्या रिंग रोड की टेंडर प्रक्रिया पूरी, जल्द शुरू होगा निर्माण



पूर्व सांसद लल्लू सिंह

**अमृत विचार:** रामनगरी में बनने वाली रिंग रोड की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई। कार्यदायी संस्था सीगल से रिंग रोड का निर्माण किया जाएगा। 3935 करोड़ की लागत से 67.17 किमी लंबे रिंग रोड के बन जाने से अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज और रायबरेली मार्गों पर यातायात का दबाव घटेगा।

पूर्व सांसद लल्लू सिंह अयोध्या रिंग रोड के लिए प्रयासरत है। आठ फरवरी 2019 को जीआईसी मैदान में सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की जनसभा में रिंग रोड का शिलान्यास किया गया था। बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने से जल्द ही इसका निर्माण शुरू हो जाएगा। परियोजना की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने पर पूर्व सांसद ने रामनगरी के संत-महंतों व आमजन की ओर से पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया है। मोदी सरकार अयोध्या को विश्व मानचित्र पर स्थापित करने के लिए संकल्पित है। बताया कि रिंग रोड में सरयू नदी पर दो पुल, कुल सात फलाईओवर, चार आरओबी, 16 वाहन अंडरपास का निर्माण होगा। सरयू नदी पर बनने वाले पुलों के द्वारा अयोध्या से बस्ती तथा गोण्डा को जोड़ा जाएगा। अयोध्या से बस्ती पुल राजेपुर के पास से और अयोध्या गोण्डा पुल ढेमुवा घाट अप साइड का निर्माण होगा। अयोध्या से वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, तथा मनकापुर चारों रेलवे लाइनों पर आरओबी का निर्माण किया जाएगा। रिंग रोड एनएच 27 लखनऊ-गोरखपुर, एनएच 330 ए अयोध्या-रायबरेली, एनएच 330 अयोध्या-प्रयागराज, 135 ए अयोध्या-वाराणसी वाया अम्बेडकर नगर, अयोध्या-गोण्डा को जोड़ेगा। उन्होंने बताया कि परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण का कार्य पहले ही पूर्ण कर लिया गया है।

# फर्जी बिल के आधार पर पांच लाख का भुगतान

सुरेश दूबे, पूराबाजार (अयोध्या)

**अमृत विचार :** पूराबाजार ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में अनियमितता का खेल अब उजागर होने लगा है। एक के बाद एक कारनामे सामने आ रहे हैं। तीन पंचायतों के बाद अब चौथी पंचायत में फर्जी बिलों के आधार पर पांच लाख के भुगतान का मामला सामने आया है।

खानपुर ग्राम पंचायत में हुए एक बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है, जहां 8 बिलों के जरिए लाखों रुपये का भुगतान किया गया। बिना प्रधान व सचिव के हस्ताक्षर व बिना किसी स्वीकृति के पांच लाख रुपये का भुगतान किया गया। इस फर्जीवाड़े में सोशल ऑडिट करने वाले अधिकारी भी शक के घेरे में हैं।



**फर्जीवाड़ा**

- पूराबाजार की ग्राम पंचायत खानपुर का मामला, आठ फर्जी बिलों के नाम पर हुआ खेल
- सोशल आडिट टीम भी संदेह के घेरे में

फर्जी बिलों से हो रही लूट सप्लायर्स द्वारा निर्माण सामग्री जैसे गिट्टी, रेत, और ईंट के फर्जी बिल जमा किए जा रहे हैं। इन बिलों के आधार पर लाखों रुपये सप्लायर्स के खातों में ट्रांसफर कर दिए गए। स्थानीय प्रशासन और जीएसटी विभाग की अनदेखी भी की गई है। इससे पहले ग्राम पंचायत जलालुद्दीन नगर व अंजना में इसी तरह के मामले का खुलासा हुआ है जिसकी जांच चल रही है। इस मामले में एडीओ पंचायत पूरा बाजार रवींद्र वर्मा ने कहा कि बिना प्रधान और सचिव के हस्ताक्षर वाला कोई भी भुगतान अवैध है। उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच की जा रही है।

## डीसीएम की चपेट में आने से एक की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या - रायबरेली हाईवे पर मंगलवार की दोपहर एक तेज रफ्तार डीसीएम की चपेट में बाइक सवार आ गए, जिसमें एक की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कैंट थाना क्षेत्र के बनबीरपुर निवासी राम सिंह पुत्र स्वर्गीय सीताराम और छठी यादव पुत्र स्वर्गीय मंगरू किसी काम से अयोध्या रायबरेली हाईवे से जा रहे थे। गुरु नानक स्कूल के पास एक तेज रफ्तार डीसीएम की चपेट में आ गए, जिसमें छठी यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राम सिंह बुरी तरह से घायल हो गए। नवीन मंडी चौकी पुलिस द्वारा घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# एसएसपी ने 18 उप निरीक्षकों को किया इधर-उधर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** एसएसपी राज करन नैय्यर ने 18 उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। इससे पहले दो बार बदलाव कर चुके हैं।

फेरबदल के तहत उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पाल को चौकी हैरिंग्टनगंज, उप निरीक्षक अविनाश प्रताप सिंह को चौकी बारुन, उप निरीक्षक चंद्रहास मिश्र को चौकी सुचितागंज का प्रभारी बनाया। वीरेंद्र बहादुर सिंह पुलिस लाइन से थाना गोसाईगंज, पवन कुमार को पुलिस लाइन से थाना इनायतनगर, प्रकाश बाबू मिश्र को पुलिस लाइन से थाना खण्डासा, अखिलेश कुमार को पुलिस लाइन से थाना हैदरगंज, राजदेव को पुलिस लाइन से थाना तारुन, ईश्वर चंद्र कौशल को पुलिस लाइन से थाना कुमारगंज, पवन कुमार को पुलिस लाइन से थाना रुदौली, सुरेंद्र सिंह को पुलिस लाइन से थाना पटरंगा भेजा गया है। उप निरीक्षक महेश कुमार को पुलिस लाइन से कोतवाली अयोध्या, जुनैद अहमद को पुलिस लाइन से कोतवाली नगर, उपेंद्र उपाध्याय को पुलिस लाइन से थाना खण्डासा, हर्दोष सिंह को पुलिस लाइन से थाना खण्डासा, राजकुमार को पुलिस लाइन से महराजगंज, वशीर अहमद को पुलिस लाइन से थाना तारुन भेजा गया है। वहीं खण्डासा में तैनात उपनिरीक्षक धर्मेंद्र को थाना गोसाईगंज भेजा है।

**सार-संक्षेप**



दर्शननगर में पीडीए की साइकिल यात्रा के स्वागत के लिए खड़े पदाधिकारी।

### पीडीए सामाजिक न्याय साइकिल यात्रा का किया स्वागत

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** संविधान बचाओ पीडीए सामाजिक न्याय साइकिल यात्रा छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर विनीत कुशवाहा, कुणाल मौर्य के नेतृत्व में अयोध्या विधानसभा से बुधवार को प्रारंभ हुई। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन के नेतृत्व में रामपुर हलावारा में स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रधान सुरेंद्र यादव, बलराम मौर्या, प्रदेश अध्यक्ष लोहिया वाहिनी राम करन निर्मल, जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव आदि मौजूद रहे। पूर्व मंत्री ने कहा की साइकिल न्याय यात्रा गांव गांव शहर शहर जाकर लोगों को जागरूक करेगी। पाराखान चौराहा पर दीपक यादव, दर्शननगर चौराहे पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव के नेतृत्व में महासचिव हामिद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, राजेश पटेल और छात्र सभा के शिवांशू तिवारी आदि ने स्वागत किया। विधानसभा अयोध्या क्षेत्र में यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया।

### गन्ना समिति के मतदाता सूची का किया अंतिम प्रकाशन

**अयोध्या, अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समितियों के प्रबंध कमेटी सदस्य पद के लिए हो रहे चुनाव में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। तीन समितियों में कुल 1119 मतदाता हैं। नामांकन प्रक्रिया 10 अक्टूबर को होगी। फैजाबाद समिति के सचिव अशोक वर्मा के मुताबिक समिति में 274 मतदाताओं की सूची का प्रकाशन किया गया। मसौधा समिति के सचिव तुलसी राम यादव के मुताबिक समिति के 546 मतदाताओं की सूची का प्रकाशन किया गया। इसी तरह गनौली गन्ना समिति के सचिव अनिल कुमार ने बताया कि 299 मतदाताओं की सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया ।यह मतदाता ही प्रबंध कमेटी के सदस्यों का चुनाव करेंगे।

### त्योहार को लेकर गोसाईगंज में हुआ फ्लैग मार्च



गोसाईगंज कस्बे में फ्लैग मार्च का नेतृत्व करते एसपी ग्रामीण।

**गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** दुर्गापूजा और दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने मंगलवार रात को नगर में फ्लैग मार्च किया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी और क्षेत्राधिकारी सदर योगेन्द्र कुमार के नेतृत्व में नगर के बस स्टैंड से लेकर तेलियागढ चौराहे तक फ्लैग मार्च हुआ। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि माँ के पूजा में शांति और अमन को लेकर फ्लैग मार्च निकाला जा रहा हैं। दुर्गापूजा मेला के त्योहार में उपद्रव मचाने वाले असामाजिक तत्वों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। सभी पूजा समितियों को सख्त हिदायत दी जा रही हैं।

**आस्था** | मानस की रचना के साथ अयोध्या में शुरू हो गई थी रामलीला, राष्ट्रपति भवन, अफ्रीका, वेस्टइंडीज सहित कई देशों में हो चुकी अयोध्या की रामलीला

# अयोध्या से विश्व में हो रहा श्री राम की लीलाओं का प्रसार

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** विश्व में सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाले काव्य ग्रंथ रामचरितमानस की रचना के साथ ही अयोध्या में रामलीला का मंचन शुरू हो गया था। शुरुआत बाबा तुलसी ने की थी। 300 वर्ष से इस परंपरा को अयोध्या के पत्थर मंदिर की रामलीला मंडली आगे बढ़ा रही है। अफ्रीका, वेस्टइंडीज, दुबई, इंडोनेशिया, बैंकॉक सहित विश्व के कई अन्य देशों में अयोध्या की रामलीला का मंचन हो चुका है। देश में राष्ट्रपति भवन व अन्य प्रदेशों में इसका मंचन हुआ। यूनेस्को के अभिलेखों में अयोध्या की रामलीला को धरोहर के रूप में शामिल किया गया है।

अयोध्या के संत बताते हैं कि पहले अयोध्या में रामलीला का मंचन केवल मंचन भर ही नहीं था। बल्कि श्रद्धा भाव के साथ श्री राम के साकार स्वरूप का पूजन था। इसमें पात्रों की भूमिका अयोध्या के संत ही निभाते थे। अयोध्या के पत्थर मंदिर के महंत मनीष दास अपने पूर्वज महंतों की श्रुति परंपरा से बताते हैं कि बाबा तुलसी राम चरित मानस की रचना के साथ तुलसी चौरा पर बालकों को श्री राम सहित अन्य स्वरूपों में सजाते थे। लीलाओं का मंचन करवाते थे। भावविभोर होते थे। यह उनकी पूजा भी थी। वह प्रयागराज और काशी में रहने के दौरान भी ऐसा करते थे। धीरे-धीरे यह अयोध्या की परंपरा बन गई। बाबा तुलसी के बाद यह परंपरा चलती रही। संतों में विस्तार हुआ। हालांकि इसे बहुत लिपिबद्ध नहीं किया गया है, लेकिन पत्थर मंदिर से की जाने वाली रामलीला तीन सौ साल से ज्यादा समय से लिपिबद्ध है। ऐसा मंदिर के महंत बताते हैं। ज्ञात समय के हिसाब से यह अयोध्या की सबसे पुरानी राम लीला है। अब राम लीला का मंचन अवध आदर्श राम लीला मंडल पत्थर मंदिर की ओर से किया जा रहा है। मंदिर के महंत मनीष दास बताते हैं कि रामलीला का संचालन करने वाले संस्थापक स्वामी बिंदुगाद्याचार्य से अपने गुरु रामदेव दास महराज तक 11 पीढ़ियों की जानकारी उनके पास है। अतीत में रामलीला में अयोध्या शीर्ष संत स्वामी बिंदु जी, स्वामी व्याकुल जी, पखावज सम्राट स्वामी पागलदास पात्र की भूमिका निभाते रहे हैं।



**यूनेस्को के अभिलेखों में धरोहर रूप में शामिल है अयोध्या की राम लीला**

दुबई में आयोजित अवध आदर्श रामलीला मंडल से मंचित अवध शैली की रामलीला का दृश्य।

### कई देशों में हो चुकी है अयोध्या की रामलीला

पत्थर मंदिर की आदर्श राम लीला मंडली अफ्रीका, वेस्टइंडीज, दुबई, इंडोनेशिया, त्रिनिडाड, थाईलैंड, नेपाल, भारत के साथ कई अन्य देशों में मंचन कर चुकी है। देश में राष्ट्रपति भवन के साथ मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित देश के विभिन्न प्रदेशों में अपनी प्रस्तुति दी है।

### महिला पात्र के साथ नहीं होता घुंघरू का प्रयोग

मंदिर की रामलीला के मंचन में महिला पात्र नहीं होंगी। नारद मोह से जैसे प्रसंगों में पुरुष नर्तकी होते हैं। रामलीला को पूजा माना जाता है। इसलिए मंच पर घुंघरू का प्रयोग नहीं किया जाता। एक प्रतिबंध और है श्रीराम लक्ष्मण और सीता के पात्र की भूमिका केवल ब्राह्मण व्यक्ति ही निभा सकते हैं। ऐसा मंदिर के महंत बताते हैं। पत्थर मंदिर की रामलीला यूनेस्को में धरोहर रूप में शामिल की गई है। आदर्श राम लीला मंडली देश विदेश में रामलीला में रामलला के जन्मोत्सव से शुरू करके राम राज्याभिषेक तक सजीव मंचन करती है। इसमें दस दिन लगते हैं।

# दिव्या एक दिन के लिए बनीं डीएम, सुनीं फरियाद

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत कक्षा सात की मेधावी छात्रा दिव्या भारती को एक दिन का डीएम बनाया गया। इस दौरान दिव्या ने जिलाधिकारी के कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जनता की समस्याओं को सुनने के अलावा प्रशासनिक कामकाज को समझने की कोशिश की।



बतौर जिलाधिकारी फरियादियों की शिकायतें सुनतीं मेधावी छात्रा दिव्या भारती।

**सरकार ने मेधावी बेटियों को एक दिन के लिए अधिकारी बनाने का लिया है निर्णय**

बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य की बेटियों के सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मिशन शक्ति के तहत परिषदीय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की मेधावी बेटियों को एक दिन के लिए अधिकारी बनाने का निर्णय लिया है। हर जनपद से 100 बालिकाओं का चयन किया जाएगा, जिससे छात्राओं में निपुणता और नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। बुधवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टांडा फतेहपुर की मेधावी छात्रा दिव्या भारती को एक दिन के लिए जिलाधिकारी बनने का मौका मिला है। डीएम अविनाश सिंह ने दिव्या भारती को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। दिव्या ने डीएम के साथ कार्यालय में बैठकर जनता दर्शन में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना और समस्याओं का मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निराकरण के लिए निर्देशित किया।

### छात्राओं में नेतृत्व के गुणों का होगा विकास

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम मिशन शक्ति के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें एक दिवस के लिए अधिकारी बनाने के संबंध में शासन के निर्देश प्राप्त हुए थे। इसी क्रम में जनपद में मेधावी छात्राओं का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि दिव्या भारती कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टांडा के कक्षा सात की मेधावी छात्रा है। दिव्या ग्राम रसूलपुर टांडा की निवासी है। उन्हें बुधवार को एक दिवस का जिलाधिकारी बनाने के लिए चयनित किया गया था। इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं को प्रशासनिक जिम्मेदारियों का अनुभव देना और उनके आत्मविश्वास व नेतृत्व गुणों का विकास करना है। चयनित बालिकाएं डीएम, सीडीओ, बीएसए, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, डीआईओएस जैसे पदों पर एक दिन के लिए कार्य करेंगी।

### दिव्या ने शिकायतों का किया निस्तारण

मेधावी दिव्या भारती ने बतौर जिलाधिकारी फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किया। मीडिया से बात करते हुए छात्रा ने खुशी जताई है। दिव्या ने आम जनमानस की समस्याओं और प्रशासनिक कार्यप्रणाली के बारे में भी जानकारी हासिल किया। इस दौरान मौके पर अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर उप जिलाधिकारी मोहनलाल गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह, शिक्षिका बिंदु वर्मा और वार्डेन पुष्पा जायसवाल मौके पर उपस्थित रहे।

# सपा ने कटेहरी से शोभावती को दिया टिकट

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**लालजी वर्मा के सांसद चुने जाने के बाद से कटेहरी विधानसभा सीट हुई है खाली**



शोभावती वर्मा, कटेहरी विधानसभा से सपा उम्मीदवार।

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी ने कटेहरी विधानसभा उपचुनाव के लिए सांसद लालजी वर्मा की पत्नी शोभावती वर्मा को उम्मीदवार बनाया है। शोभावती वर्मा पूर्व में जिला पंचायत अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। हालांकि वह काफी समय से राजनीति में भी सक्रिय नहीं थी, लेकिन समाजवादी पार्टी ने उन दांव लागकर राजनीतिक हचलच बढ़ा दी है।

बता दें कि सपा द्वारा उम्मीदवार की घोषणा के बाद एक बार फिर कटेहरी की राजनीतिक सियासत गर्म हो गई है। सपा से शोभावती वर्मा का टिकट फाइनल होने के बाद से ही परिवार से सांसद और फिर विधायक उम्मीदवार की घोषणा होने से परिवारवाद का आरोप मुखर होने लगा है। पार्टी में अंतर्कलह की आवास शुरू हो गई है। सूत्रों की माने तो सांसद पत्नी को कटेहरी से उम्मीदवार बनाने के बाद पार्टी में अंदर ही अंदर परिवारवाद को लेकर आरोप प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं। ऐसे में कटेहरी विधानसभा उपचुनाव काफी दिलचस्प होना तय है। सपा ने 2022 के विधानसभा चुनाव में कटेहरी से लालजी वर्मा को उम्मीदवार बनाया था और वह जीत कर विधायक बन गए थे। वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा ने अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से लालजी वर्मा को उम्मीदवार बनाया और वह भारी मतों से जीतकर हासिल कर देश की सर्वोच्च संसद में पहुंच गए। जिसके बाद से कटेहरी विधानसभा सीट खाली हो गई है। सपा ने एक बार फिर से लालजी वर्मा की पत्नी शोभावती वर्मा को कटेहरी विधानसभा सीट से उम्मीदवार बना कर राजनीतिक हलचल को बढ़ा दिया है।

# रसोइयों को जनकल्याणकारी योजनाओं का मिले लाभ

## डीएम ने रसोइयों के साथ सीधा संवाद कर सुनीं समस्याएं

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



पीएम पोषण योजना के तहत रसोइयों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला ओर बीएसए भोलेंद्र प्रताप सिंह।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम पोषण योजना के तहत रसोइयों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने जनपद के रसोइयों के साथ सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मध्यान्ह भोजन योजना का उद्देश्य राजकीय, परिषदीय और राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त अर्ह प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराकर बच्चों में शिक्षा ग्रहण करने की क्षमता को विकसित करना, विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाना, प्राथमिक कक्षाओं में विद्यालय में छात्रों के रूकने की प्रवृत्ति विकसित करना और ड्राप आउट रेट कम करना। बच्चों में भाई-चारे की भावना विकसित करना और विभिन्न जातियों और धर्मों के मध्य के अंतर को दूर करने के लिए उन्हें एक साथ बिठाकर भोजन कराना, जिससे उनमें अच्छी समझ उत्पन्न हो। जिलाधिकारी के प्रयास से प्रत्येक बच्चे को सप्ताह में बुधवार को उपलब्ध कराए जा रहे दूध में शहद मिलाकर भी दिया जा रहा है। बैठक में रसोईयों द्वारा बताई गई समस्याओं को जिलाधिकारी ने एक-एक करके गंभीरता के साथ सुना। उन्होंने रसोइयों की समस्यों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि रसोईयों की जो भी शिकायतें हों उन्हें जल्द से जल्द निस्तारित करें। बैठक के दौरान परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेन्द्र प्रताप सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार वर्मा और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### रसोइयों को जल्द मिलेगी ड्रेस

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त रसोइयों का अगस्त-सितम्बर का संपूर्ण बकाया मानदेय का भुगतान कर दिया गया है। माह अक्टूबर के मानदेय का भुगतान भी शीघ्र ही रसोइयों के खाते में भेज दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों के लिए भोजन बनाने के साथ ही रसोइयों द्वारा आंगनबाड़ी के बच्चों का भी भोजन पकाया जाता है, जिसके पारिश्रमिक प्रति रसोइया को 50 पैसा प्रति बच्चा प्रतिदिन की दर से इसी माह में उनके खाते में प्रेषित कर दिया जाएगा। पूर्व के कार्यक्रमों में रसोइयों द्वारा की गई विभिन्न मांगों को जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाने के फलस्वरूप मुख्यमंत्री ने प्रत्येक रसोईया को दो-दो सेट ड्रेस प्रत्येक रसोइयों को प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है और ड्रेस के रंग का चयन हो गया है। शीघ्र ही रसोइयों को ड्रेस उपलब्ध करा दिया जाएगा।

### रसोइयों ने जिलाधिकारी को बताईं समस्याएं

जिलाधिकारी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जलकल्याणकारी योजनाओं के बारे में रसोईया बहनों से जानकारी हासिल किया। जिस पर रसोइयों ने आवास, पेंशन आदि योजनाओं से अभी तक लाभांवित न होने की समस्या से अवगत कराया। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को तत्काल समस्त रसोइयों की सूची तैयार कर प्रत्येक रसोईयां से उनकी मांगों और समस्याओं को रसोईयावार सूचीबद्ध करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।

# 3 बच्चों के पिता पर दुष्कर्म का केस दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार:** तीन बच्चों के पिता ने पत्नी के रहते शादी का झांसा देकर युवती से 12 वर्षों तक दुष्कर्म करता रहा। शादी के लिए इनकार करने पर पीड़िता ने कोतवाली जलालपुर पहुंच कर अपनी व्यथा बताई। आरोपी सपा के नेता का वाहन चालक बताया जा रहा है। पुलिस ने मुख्य अभियुक्त के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर आरोपी विपिन को हिरासत में लेते हुए विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। आरोपी के पिता व पत्नी के विरुद्ध भी विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

# हरियाणा की जनता भाजपा के कार्यों से संतुष्ट : त्रयंबक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने अटल भवन में हरियाणा में लगातार तीसरी बार जीत पर जिला उपाध्यक्ष विलेंद्र प्रताप सिंह मोनू को मिठाई खिलाकर मनाया जश्न।

**भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में हरियाणा में जीत पर मनाया गया जश्न**

**अमृत विचार:** भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में बीते मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने हरियाणा में लगातार तीसरी बार सत्ता वापसी पर भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के नेतृत्व में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया और बधाई दी।

भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को को बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा में लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत से भाजपा सरकार बनने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन कल्याणकारी कार्यों और जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के सम्मानित मतदाताओं ने एक बार फिर भाजपा सरकार की नीतियों पर विश्वास जताया है। हरियाणा की जनता द्वारा जो जनादेश दिया है उससे प्रमाणित होता है कि जनता भाजपा सरकार के कार्यों से संतुष्ट है और वह कांग्रेस की भ्रष्ट्राचार युक्त सरकार से दूर रहना चाहती है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कटेहरी विधानसभा उपचुनाव में जनता भाजपा प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाकर परिवार वाद की राजनीति करने वालों को मुंह तोड़ जवाब देगी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू ने कहा कि हरियाणा की जनता ने भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर भाजपा की नीतियों पर मुहर लगाने का काम किया है। भाजपा की ऐतिहासिक लोक कल्याण के कार्यों और नीतियों से जनता खुश है।

### कार्यालय पर जश्न मानने वालों में यह भी रहे शामिल

पार्टी कार्यालय अटल भवन में जश्न मनाने वालों में मुख्य रूप से पूर्व प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, पूर्व चेयर मैन प्रत्याशी प्रदीप गुप्ता शंकर, अमित पाण्डेय, नंद कुमार तिवारी राना, ललित मोहन श्रीवास्तव, अतुल वर्मा, शिव पूजन राजभर, अरविंद सिंह डिंपू, अखण्ड प्रताप वर्मा, नीरज त्रिपाठी एडवोकेट, सैय्यद अहमद, गगन मिश्र, शुभम सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# औद्योगिक कॉरिडोर के लिए शासन से मिला एक अरब 13 करोड़ का बजट

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**बजट मिलने से किसानों की जमीन खरीदकर औद्योगिक गलियारा की स्थापना के काम में आ सकेगी तेजी**

**अमृत विचार :** जनपद में दो तहसीलों में औद्योगिक कॉरिडोर की स्थापना में किसानों के जमीन खरीदने के लिए शासन स्तर से एक अरब 13 करोड़ रुपये की राशि का बजट शासन स्तर से जारी किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि इससे संबंधित किसानों की जमीन खरीदकर औद्योगिक गलियारा की स्थापना के काम में तेजी आ सकेगी।

जनपद के अकबरपुर तहसील से गुजरने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और जलालपुर तहसील से जा रहे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के किनारे औद्योगिक कॉरिडोर की स्थापना का ऐलान किया गया था। लंबी प्रक्रिया के बाद पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के निकट बेवाना क्षेत्र में और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के निकट जलालपुर क्षेत्र में कॉरिडोर की स्थापना के लिए भूमि चिह्नित करने का काम पूरा हो चुका है। इसके बाद से ही दोनों स्थानों पर किसानों की भूमि का बैनामा कराने के लिए जिला प्रशासन शासन से मुआवजा प्रतिपूर्ति में दी जाने वाली धनराशि मिलने का इंतजार कर रहा था। जमीन खरीद की इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास अथॉरिटी ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के निकट के लिए 67 करोड़ 26 लाख रुपए जबकि लिंक एक्सप्रेस-वे के लिए 46 करोड़ 21 लाख रुपए की बजट राशि स्वीकृत कर भेजी है।

> औद्योगिक कॉरिडोर की स्थापना के लिए किसानों की जमीन को खरीदने के लिए घनराशि मिली है। इससे जमीन खरीदने की प्रक्रिया में तेजी आएगी।
>
> -सौरभ शुक्ला
> उपजिलाधिकारी सदर

## सार-संक्षेप

### संचारी रोगों से बचाव के लिए सफाई जरूरी : डॉ. आभास



जागरूकता रैली निकालते मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आभास कुमार सिंह।

**संवाददाता, टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार :** संचारी रोगों से निपटने के लिए कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के तत्वावधान में सद्दरपुर में जागरूकता रैली निकली। इस दौरान लोगों को संचारी रोगों के फैलने के कारण उसके लक्षण और बचाव के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही राजकीय मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जागरूकता रैली का शुभारंभ राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आभास कुमार सिंह ने हरी-झंडी दिखाकर किया। उन्होंने कहा कि संचारी रोग ज्यादातर गंदगी से फैलते हैं। इसलिए साफ-सफाई अत्यंत जरूरी है। इस प्रकार के रोग पेयजल व अधपके भोजन के सेवन से भी होते हैं। ऐसे में शुद्ध पेयजल का प्रयोग करना चाहिए। भोजन ठीक से पकाकर खाएं। रैली में शामिल डब्लूएचओ कर्मचारी के अलावा डॉ. शिवरतन, डॉ. विजय, डॉ. दिलकश, डॉ. दिलशाद आरिफ, डॉ. पूजा शुक्ला ने लोगों से संचारी रोगों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इससे पहले पहले कॉलेज में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उप प्रधानाचार्य डॉ. उमेश वर्मा, सीएमएस डॉ. मुकुल सक्सेना, डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने संचारी रोगों के फैलने के कारण और उससे बचाव के बारे में जानकारी दी।

### एसडीएम ने विसर्जन को लेकर घाटों का किया निरीक्षण



दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थलों का निरीक्षण करते उपजिलाधिकारी डॉ. शशि शेखर।

**संवाददाता, टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र अंतर्गत दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल घाटों का उपजिलाधिकारी डॉ. शशि शेखर ने तहसीलदार संतोष कुमार व प्रभारी निरीक्षक दीपक सिंह रघुवंशी के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। बता दें आगामी दिनों में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े इसको लेकर प्रशासन पूरी तरह से चौकन्ना है। जिसको लेकर उपजिलाधिकारी डॉ. शशि शेखर ने क्षेत्र के राजघाट, कालीघाट मुबारकपुर, महादेवा घाट, फूलपुर घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मार्ग पर प्रकाश, गोताखोर नाव, बैरिकेट सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। विसर्जन स्थल राजघाट पर नगर पालिका द्वारा साफ-सफाई के साथ प्रतिमा विसर्जन के लिए मार्ग बनवाए जाने का कार्य जारी है।

### श्रीराम के आदर्शों पर चलने की सीख देती है रामलीला



वहिगवा जोगीपुर में नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता को प्रभु श्रीराम का चित्र भेंटकर सम्मानित करते रामलीला समिति के अध्यक्ष बृजेश तिवारी।

**संवाददाता, बसखारी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार :** प्रभु श्रीराम का चरित्र व्यक्ति को कर्तव्यों, अधिकारों और सामाजिक जिम्मेदारियों का बोध कराता है। प्रभु श्रीराम चन्द्र के जीवननिष्ठ कार्य से मनुष्य धर्म और धार्मिक जीवन का अनुसरण कर अपना जीवन सार्थक कर सकता है। रामायण और रामचरित मानस श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न सहित अन्य कई पात्रों के जीवन आदर्शो पर आधारित एक ऐसा ग्रंथ है जो देश के कोने-कोने में शरद ऋतु के दौरान रामलीला के मंचन के माध्यम से इन सभी के आदर्शों पर चलने की सीख देता है। उक्त विचार नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने श्री नवयुवक रामलीला समिति वहिगवा जोगीपुर में रामलीला मंचन का फीता काटकर शुभारंभ करने के दौरान कहीं है। चेयरमैन ने रामलीला समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद भी ज्ञापित किया। रामलीला रंगमंच पर पहुंचे चेयरमैन ओमकार गुप्ता का रामलीला समिति के अध्यक्ष बृजेश तिवारी, सचिव बजरंगी लाल गुप्ता सहित कई अन्य लोगों ने श्रीराम का चित्र स्वरूप स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। इसके बाद चेयरमैन रामलीला मंचन के दौरान शुरू हुई आरती में भी अपने सहयोगी और रामलीला समिति के सदस्यों व पदाधिकारियों के साथ शामिल हुए।

# मेडिकल कॉलेज में अब खून के थक्के की भी होगी जांच

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**मेडिकल कॉलेज को मिली ब्लड कोएगुलेशन प्रोफाइल मशीन, मरीजों को मिलेगी काफी राहत**

**अमृत विचार:** जनपद के महामाया मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में जल्द ही रक्त का थक्का जमने संबंधित जांच की सुविधा मरीजों को मिलने लगेगी। मेडिकल कॉलेज को ब्लड कोएगुलेशन प्रोफाइल मशीन उपलब्ध हो गई है। इसके इंस्टॉल होने के बाद जांच शुरू हो जाएगी। अभी इस जांच के लिए मरीजों को जनपद से बाहर जाना पड़ता था। जांच शुरू होने के बाद मरीजों को राहत मिलने के आसार हैं।

बता दें कि मेडिकल कॉलेज आने वाले मरीजों को बेहतर इलाज के साथ जांच की सुविधा मिल सके। इसके लिए मेडिकल कॉलेज में स्थित पैथोलॉजी लैब को अपग्रेट किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज के पैथालॉजी में बीते दिनों ही कैंसर, हार्मोंस समेत कई प्रमुख जांच की सुविधा शुरू हुई थी। वहीं अब रक्त का थक्का जमने से संबंधित जांच की सुविधा भी मरीजों को मिलने जा रही है। मेडिकल कॉलेज पैथोलॉजी लैब के एचओडी डॉ. राजेश गौतम ने बताया कि मौजूदा समय में मेडिकल कॉलेज में लगभग दो सौ प्रकार की जांच की सुविधा मरीजों को दी जा रही है।

# समूह की महिलाओं की समस्याओं का करें निस्तारण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



बैठक करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पं. दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन व राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत समूह की दीदियों बीसी सखियों व बैंक सखियों के जीविकोपार्जन को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे का कार्य चल रहा है, इसके अंतर्गत जिन दीदियों के पास आवास नहीं है, उन्हें प्राथमिकता पर आवास से अच्छादित कर लाभान्वित किया जाए। साथ ही साथ शौचालय, पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं से वंचित पात्र लाभार्थियों का भी प्राथमिकता पर चयन कर उन्हें लाभान्वित किया जाए। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम बैंक सखियों, बीसी सखियों के साथ संवाद स्थापित कर मुख्यमंत्री के प्रेरणा स्रोत से संचालित स्वयं सहायता समूह योजना से जुडक़र किए गए स्वरोजगार से उनके जीविकोपार्जन में आए बदलाव से रूबरू हुए और उनकी स्वरोजगार में आ रही समस्याओं को सुनकर प्राथमिकता पर निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने बीसी सखियों और बैंक सखियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरंतर कड़ी मेहनत कर स्वरोजगार स्थापित करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, उपायुक्त स्वतः रोजगार अनिल कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी और समूह की दीदियां उपस्थित रहीं।

# साजिशन दो युवकों पर छेड़छाड़ का मुकदमा

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार :** महिला सुरक्षा के लिए बनी कानूनी धाराएं न्याय पाने के बजाय धन उगाही का हथियार बन गई है। थाना क्षेत्र के एक गांव के किशोरी के पिता ने पुलिस के बहकावे से प्रलोभन में दो युवकों पर पॉक्सो और छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। फिरोज की पत्नी का आरोप है कि पुलिस ने उसके पति को जानबूझकर फंसाया है। खुन्नस खाए सिपाहियों ने शिवकुमार और फिरोज को मुकदमे में फंसाने के लिए प्रयास शुरू कर दिया था। पुलिस को किशोरी के पिता ने दोनों युवकों के विरुद्ध बेटी के साथ अश्लील हरकत करने की तहरीर दी। वहीं प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर एससी-एसटी, पाक्सो व छेड़छाड़ की धारा में केस दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# श्रद्धालुओं के लिए खुले दुर्गा पूजा पंडालों के पट

**मंत्रोच्चार के बीच पूजा पंडालों में स्थापित की गई देवी प्रतिमाएं, लोगों ने दर्शन-पूजन कर माता का लिया आर्शीवाद**

संवाददाता, बसखारी, अंबेडकरनगर



अकबरपुर के ग्राम जियापुर में सजा पंडाल।



अकबरपुर नगर स्थित पंडाल में माता की पूजा अर्चना करते भक्त।



अकबरपुर नगर के पुरानी तहसील पर बने मां विंध्यवासिनी का भव्य पंडाल।



पहतीपुर बाजार में पूजा करते भक्त।

**अमृत विचार:** शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन जहां भक्तों ने अपने-अपने घरों में कलश स्थापना कर कुछ पंडालों के पट प्रथम दिन ही खोल दिए थे। वहीं सप्तमी के दिन माता कालरात्रि की आराधना के साथ वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच माता दुर्गा की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा करते हुए पूजा पंडालों को संजीवता प्रदान की गई। बुधवार को देवों में प्रथम पूजनीय गणेश की वंदना के साथ दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचे पुरोहितों ने विशेष पूजा-आराधना करते हुए वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सभी देवी देवताओं का आह्वान करते हुए माता दुर्गा की प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा किया। इसके बाद पूजा पंडालों के पट भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिए गए।

तीन अक्टूबर से शुरू हुए शरदीय नवरात्र का बुधवार को सातवां दिन है। नवरात्रि के सातवें दिन मां नवदुर्गा के सातवें स्वरूप में माता कालरात्रि की विशेष पूजा-आराधना करने का विधान शास्त्रों में वर्णित है।

**दुर्गा पूजा का उल्लास जोरों पर :** जनपद में प्रमुख मंदिरों और ऐतिहासिक स्थलों के मॉडल तैयार करने के साथ ही पूजा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजा दिया गया है। बुधवार सुबह अकबरपुर समेत कई शहरी क्षेत्रों में विधि-विधान पूर्वक मंत्रोच्चार के बीच पूजा पंडालों में दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की गई। इसके बाद दर्शन के लिए पट खोल दिए गए हैं। उधर, श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए नगर के पूजा पंडालों को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया हैं। बीते दिनों एसपी डॉ. कौस्तुभ ने निर्देश दिए थे कि पूजा पंडालों पर सीसीटीवी कैमरा जरूर लगाया जाए। इसी तरह बसखारी, आलापुर, राजेसुल्तानपुर, जहांगीरगंज, जलालपुर, टांडा, भीटी, महरुआ, कटेहरी समेत कई क्षेत्रों में भी दर्शन पूजन का दौर सुबह से रात तक चलता रहा।

## एक नजर

### राजस्थान के युवक ने युवती का किया अपहरण

**खरगूपुर।** मामला स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की है। उक्त गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया है कि उसके बेटी को राजस्थान निवासी एक युवक अपहरण कर ले गया। आरोपी उक्त गांव में स्वच्छ पेयजल मिशन के तहत पानी सप्लाई के लिए पाइप डालने का कार्य करता था। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित लड़की के पिता के तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है ।

### चोरी से लकड़ी काटने पर दो लोगों पर केस

**मनकापुर।** टिकरी रेंज के बक्सरा बीट में तैनात वन रक्षक राजेश्वर दत्त तिवारी ने दर्ज कराए मुकदमे में कहा कि वह अपने बीट क्षेत्र में रात्रि गश्त पर थे। इसी दौरान दो लोग मोटर साइकिल पर लकड़ी का बोटा लाद कर ले जाते हुए दिखाई पड़े। जब पीछा किया गया तो बोटा छोड़ कर बाइक सवार फरार हो गए। टार्च की रोशनी में भागते हुए दोनो बाइक सवार व चालक की पहचान ग्राम भिटौरा दिलीप पुरवा निवासी सुमित सिंह, ग्राम गोसाईं जोत निवासी कृष्णा व दो अज्ञात के रूप में कई गयी। प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्र ने बताया की दो नामजद व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# रेलवे क्रॉसिंग पर फंसी बस

## दुर्घटना होने से बची, गोंडा-बलरामपुर मार्ग स्थित क्रॉसिंग का मामला



सुभागपुर रेलवे क्रॉसिंग के बीच फंसी बस। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, गोंडा**

**अमृत विचारः** बस चालक की लापरवाही से क्रॉसिंग पर ही बस खड़ी हो गई। जिससे हड़कंप मच गया। बस में करीब 40 से अधिक यात्री बैठे हुए थे, बड़ी दुर्घटना होते होते बची। गेट बंद होने की वजह से अफरा तफरी मच गई।

गोंडा बलरामपुर मार्ग स्थित सुभागपुर रेलवे क्रॉसिंग पर बुधवार को बड़ी दुर्घटना होते-होते बची। बलरामपुर की ओर से गोंडा की तरफ एक प्राइवेट बस आ रही थी, जिस पर करीब 40 से अधिक यात्री बैठे हुए थे, बस जैसे ही क्रॉसिंग के समीप पहुंची वैसे ही गेटमैन गेट को बंद करने लगा लेकिन बस चालक ने बस को रोका नहीं और रेलवे पटरी पर पहुंच गया। इसी दौरान दूसरा ओर का भी गेट बंद हो गया। गेट बंद हो जाने के कारण रेलवे पटरी पर ही बस खड़ी हो गई। दूसरी तरफ सुभागपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन भी आकर खड़ी हो चुकी थी। उसको गोंडा रेलवे स्टेशन पर आना था। रेलवे क्रॉसिंग के बीच बस खड़ी होने की जानकारी गेटमैन की ओर से सुभागपुर स्टेशन पर दी गई और ट्रेन को रोक दिया गया। रेल पटरी पर बस खड़ी होने तथा रेलवे गेट बंद होने से बस में बैठे यात्रियों में हड़कंप मच गया। लोग उतारने व खिड़कियों से कूदने लगे, हालांकि स्थानीय लोगों ने सभी को आराम से बस से उतारा। कुछ देर बाद गेटमैन ने बस को बाहर निकाला तब जाकर ट्रेन का आवागमन शुरू हो सका। बस चालक की लापरवाही से कई लोगों की जान मुश्किल में पड़ गई थी। लेकिन गेटमैन के तत्परता से बड़ी दुर्घटना होते-होते बची है। फिलहाल इस क्रॉसिंग पर आए थे गेट टूटता है और आवागमन प्रभावित होता है।

## दवा दुकानों पर छापेमारी, दो लोगों को नोटिस

**संवाददाता, खरगूपुर, गोंडा**

**अमृत विचारः** जिला औषधि निरीक्षक ने कस्बे में तीन मेडिकल स्टोरों पर छापा मारा। जिसमें दो को नोटिस देकर दिया तो वहीं एक पर फ़ार्मासिस्ट की उपलब्धता न मिलने व मानक में कमी पाए जाने पर उसे फ़ार्मासिष्ट के पेपर जांच होने तक इसे बंद करा दिया है।

खरगूपुर नगर पंचायत में समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने कई मेडिकल स्टोर संचालित है। जहां बुधवार को जिला औषधि निरीक्षक रजिया बानो ने श्री बाला जी ड्रग एजेंसी, दिव्य मेडिकल स्टोर व अपना मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। जिला औषधि निरीक्षक रजिया बानो ने बताया कि अपना मेडिकल व दिव्य मेडिकल पर कुछ कमियां मिली थी। जिन्हें सुधार एक चेतावनी देते हुए उन्हें नोटिस दिया गया है।

वहीं श्री बाला जी ड्रग एजेंसी पर फ़ार्मासिस्ट मौके पर नहीं मिला और मेडिकल स्टोर मानक के अनुरूप भी नहीं था। इसलिए फार्मासिस्ट के पेपर जांच तक इसे बंद करा दिया गया है।

# शौच के लिए गए छात्र की सड़क हादसे में मौत

▶▶ **अज्ञात वाहन ने रौंदा, परिवार में मचा कोहराम**

**गोंडा, अमृत विचारः** धानेपुर के दतौली मार्ग पर मंगलवार की देर रात हुए दर्दनाक हादसे में एक छात्र की मौत हो गयी। छात्र सड़क किनारे शौच के लिये गया था इसी बीच दतौली की तरफ जा रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसे रौंद डाला।

जमुनही गांव के पूर्व प्रधान रामजीत कनौजिया परिवार समेत इटवा चौराहे पर मकान बनाकर रहते हैं। रामजीत का बेटा हिमांशु (17) इंटर का छात्र था। मंगलवार की देर रात वह सड़क किनारे शौच के लिए गया था। इसी दौरान धानेपुर से दतौली की तरफ जा रहे किसी अज्ञात वाहन ने हिमांशु को कुचल दिया और फरार हो गया। रात ज्यादा होने के कारण सड़क सुनसान थी इसलिए किसी को हादसे की भनक नहीं लगी। रात में रामलीला देखने जा रहे युवकों ने हिमांशु को सड़क पर पड़ा देखा तो परिवार वालों को इसकी जानकारी दी। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक हिमांशु की सांसे थम चुकी थीं। हालांकि उसे जिला अस्पताल ले जाया गया लेकिन मौत की पुष्टि होने के बाद परिवार के लोग शव को घर ले आए। हिमांशु की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर बुधवार की सुबह धानेपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि मृतक के बाबा की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना की जांच की जा रही है।



हिमांशु (फाइल फोटो)।

**वाहन में फंसकर 20 मीटर तक घिसटता रहा हिमांशु :** जिस स्थान पर हिमांशु के साथ दुर्घटना हुई वह उसके घर से चंद कदम की दूरी पर है। जब वाहन ने उसे ठोकर मारी तो वह उसी में फंस गया और करीब 20 मीटर दूर तक वाहन के साथ घिसटता रहा। पुलिस जांच में दूर तक घसीटे जाने के निशान मिले हैं। मौके पर खून भी बिखरा पड़ा मिला है। घटनास्थल पर ठोकर मारने वाले वाहन के आगे के हिस्से का एक टुकड़ा टूटकर गिर गया था वह भी ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा है।

## काम से लौट रही नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता, गोंडा**

**अमृत विचारः** नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में घर का काम करने गई नाबालिग संग युवक ने जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता की चीख पुकार सुनकर पड़ोस के लोग दौड़े और आरोपी को दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के की रहने वाली एक 17 वर्षीय किशोरी मोहल्ले में ही एक व्यक्ति के यहां झाड़ू पोछा लगाने का काम करती है। मंगलवार को वह काम पर गई थी। काम से लौटते समय रास्ते में एक युवक ने उसे दबोच लिया और पीड़िता के साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता ने जब शोर मचाया तो पड़ोस के लोग जमा हो गए। लोगों ने आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### दो हिस्सों में बंटी मालगाड़ी, बड़ा हादसा टला



दो हिस्सों में बंटी मालगाड़ी। अमृत विचार

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** गोंडा–बुढ़वल रेल मार्ग पर उस समय बड़ा रेल हादसा होते होते टल गया जब एक मालगाड़ी तकनीकी कमी के चलते दो हिस्सों में बंट गई। रेल कर्मियों की सूझबूझ से बाद में मालगाड़ी को फिर से जोड़कर रवाना किया गया। इस दौरान करीब आधे घंटे से अधिक रेलमार्ग बाधित रहा। घटना मंगलवार सुबह 8 :35 बजे पर घटित हुई। बताया जा रहा है कि गोंडा की ओर से आ रही मालगाड़ी अप बीसीएन जैसे ही गेट संख्या 281 बी के पास पहुंचने वाली थी कि पीछे से कुछ बोगियां कट कर पीछे छूट गई। पीछे छूटी बोगियों में गार्ड की भी बोगी शामिल भी। जिसकी सूचना गेटमैन व गार्ड द्वारा करनैलगंज रेलवे स्टेशन व कंट्रोलर को दी गई। जिसके बाद ट्रेन को रोंक दिया गया। मौके पर पहुंचे रेल कर्मियों ने काफी मशक्त के बाद बीच से खुली बोगियों को फिर से जोड़ने में कामियाब रहे। इसके बाद संतुष्ट होने पर मालगाड़ी को आगे रवाना किया गया। इस दौरान रेल कर्मियों में अफरा तफरी का माहौल देखने को मिला। तो वहीं रेलवे फाटक देर तक बंद रहने से जाम की स्थिति बनी रही। रेलकर्मियों ने बताया कि घटना के चलते करीब आधा घंटा से अधिक समय तक रेलमार्ग बाधित रहा। रेल कर्मी घटना की जांच होने की बात बता रहे थे। घटना के बारे में स्थानीय रेलवे स्टेशन के अधीक्षक एसएन प्रसाद ने घटना से अनभिज्ञता जाहिर करते हुए बताया कि इस विषय पर जानकारी हमारे रेल प्रवक्ता ही दे सकते हैं।

### एनसीसी कैडेटों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



शिविर में उपस्थित एनसीसी कैडेट। अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** नंदिनी नगर महाविद्यालय में 48 वीं वाहिनी एनसीसी उत्तर प्रदेश की ओर से चल रही दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन बुधवार को कैडेटों को प्रमाण पत्र व मेडल वितरण के साथ किया। दस दिन तक चले वार्षिक प्रशिक्षण में कैडेटों को ड्रिल, फायरिंग, मैप रीडिंग, खेलकूद, स्वच्छता तथा आपदा से बचाव का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में कैडेटों को सेना के बारे में तथा देशभक्ति के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर ने कहा कि प्रशिक्षण का लाभ कैडेटों को जीवन भर मिलता रहेगा। यह प्रशिक्षण जीवन में किसी न किसी रूप में सार्थक होगी। बटालियन का उद्देश्य कैडेटों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण देना है। जिससे कैडेट्स भी राष्ट्रीय स्तर पर बटालियन का नाम रोशन कर सकें। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान नवाबगंज मेडिकल टीम, नगरपालिका के सदस्यों को को शिविर में सहयोग देने के लिए आभार जताया। अंत में कैडेटों को विभिन्न गतिविधियां में प्रदर्शन के आधार पर मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रणयोध्द सिंह सहित सभी कैडेट्स मौजूद रहे।

### खरगूपुर में 122 देवी प्रतिमाएं स्थापित, लगे जयकारे



खरगूपुर के चौक बाजार में स्थापित देवी प्रतिमा। अमृत विचार

**खरगूपुर :** नगर पंचायत सहित ग्रामीण क्षेत्र में 122 दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई है। वहीं क्षेत्र में दस स्थानों पर रामलीला का मंचन हो रहा है। पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस ने 200 लोगों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की है। खरगूपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 122 दुर्गा प्रतिमाएं अलग–अलग स्थानों पर स्थापित की गई है। जहां बड़ी संख्या में लोग पहुंच कर दर्शन पूजन कर रहे हैं। खरगूपुर नगर में दस स्थानों पर भव्य दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इसके बाद लोगों ने माता जी के आरती के बाद दुर्गा सप्तशती के साथ दुर्गा चालीसा का पाठ किया। वहीं नगर सहित अन्य दस स्थान पर बाहर तथा क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि दुर्गा पूजा एवं रामलीला कार्यक्रम को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करने के लिए 200 लोगों को चिन्हित कर निरोध आत्मक कार्रवाई की गई है। वहीं संदिग्ध लोगों के सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखते हुए उनकी गतिविधियों पर नजर रखी की जा रही है। जिससे माहौल खराब करने वालों से कड़ाई से निपटा जा सके। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के लगभग दो दर्जन मूर्तियां 12 को तथा शेष मूर्तियां पूर्व परंपरा के अनुसार दूसरे दिन 13 अक्टूबर को पृथ्वीनाथ मंदिर स्थित सरोवर सहित आठ स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जित की जाएगी।




## एक नजर

### दो बाइकों की टक्कर में चार घायल

**इटियाथोक :** बुधवार को गोंडा बलरामपुर राजमार्ग पर बेलवा कर्मडीह के पास बलरामपुर की तरफ से तेजी से आ रही बाइक सवार सड़क के किनारे खड़े दूसरे बाइक में जाकर टकरायी। जिससे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में धर्मराज पुत्र हरिराम (42) भाग्यवती पत्नी धर्मराज (40), रेशमा पत्नी विजय कुमार (21) आदित्य पुत्र विजय कुमार उम्र लगभग 1 वर्ष निवासीगण रामधनी पुरवा हिंदूनगर खास थाना इटियाथोक व सुधीर(23) पुत्र चिंकू निवासी सालपुर बलरामपुर को पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी इटियाथोक पहुंचाया जहां इनका इलाज चल रहा है।

### पीएम आवास जांच कराने की मांग

**इटियाथोक :** मुख्य विकास अधिकारी को ग्रामीणों ने पत्र देकर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों की जांच कराए जाने की मांग की है। रुपईडीह विकास खंड के ग्राम रायपुर ब्रहमचारी कुरसहा के दिनेश तिवारी, संजय तिवारी व कमलेश पांडेय ने मुख्य विकास अधिकारी को दिए गए पत्र में कहा है कि ग्राम पंचायत कुरसहा में अधिकांश अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया है। वहीं कमजोर व निर्धन लोगों को पात्रता सूची में शामिल नहीं किया गया है।

### इंडियन एसो. आफ लायर्स ने सौंपा मांग पत्र

**गोंडा :** इंडियन एसोसिएशन आफ लॉयर्स के पदाधिकारियों ने दीवानी न्यायालय परिसर में व्याप्त समस्याओं को लेकर बैठक किया तथा पांच सूत्रीय मांग पत्र जनपद न्यायाधीश को भेजा है। मांग पत्र में कहा गया है कि दीवानी परिसर के अंदर गंदगी की सफाई प्रत्येक सप्ताह सुनिश्चित की जाए। परिसर में बनी कैंटीन को पूर्व की तरह संचालित कराया जाए। शौचालय को सही करते हुए जन उपयोगी बनाया जाए। न्यायालय कक्षों में अधिवक्ताओं को बैठने की उचित व्यवस्था कराई जाए। न्यायालय परिसर का गेट नंबर 3 लखनऊ रोड को संचालित कराया जाए जिससे गेट नंबर 2 पर जाम ना लगे। इस दौरान एडवोकेट वीरेंद्र त्रिपाठी, जीपी पाल, सुरेश चंद्र त्रिपाठी, दीनानाथ त्रिपाठी, शोएब व अन्य मौजूद रहे।

# गलत पता दिखाकर बनीं ब्लॉक प्रमुख

## पंडरीकृपाल की ब्लॉक प्रमुख व पूर्व ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ दर्ज होगा धोखाधड़ी का मुकदमा

संवाददाता, गोंडा


ब्लॉक प्रमुख प्रियंका गौतम।


पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजीव सिंह बिट्टू सिंह।

**अमृत विचार:** पंडरीकृपाल ब्लॉक की प्रमुख प्रियंका गौतम धोखाधड़ी के मामले में फंस गयी हैं। प्रियंका पर गलत पता दिखाकर ब्लॉक प्रमुख का चुनाव लड़ने का आरोप लगा है। उनके साथ ही पूर्व ब्लॉक प्रमुख बिट्टू सिंह पर भी कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर प्रियंका को चुनाव लड़ाने का आरोप है। कोर्ट ने ब्लॉक प्रमुख व पूर्व ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच का आदेश दिया है।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बिसुनपुर बैरिया गांव की रहने वाली छोटका पत्नी शिवकुमार ने कोर्ट को दिए हलफनामे में आरोप लगाया है कि पंडरीकृपाल ब्लॉक की प्रमुख प्रियंका गौतम मूल रूप से बिहार प्रांत के भागलपुर ब्लॉक के करौता गांव की रहने वाली है। प्रियंका का विवाह भी वहीं के रहने वाले मुन्ना के साथ हुआ है। वह जन्म से वहीं रह रही हैं लेकिन ब्लॉक प्रमुखी का चुनाव लड़ाने के लिए पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजीव कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने कूट रचित दस्तावेज तैयार करवाकर प्रियंका गौतम को विकासखंड पंडरी कृपाल के महादेवा गांव के मजरे बिसवां दामोदर का निवासी दिखा दिया गया। गांव के परिवार रजिस्टर में 246 नंबर पर प्रियंका गौतम व उनके पति का नाम दर्ज कराया गया है, जबकि वह अपने जीवनकाल में कभी इस गांव में रही ही नहीं है। छोटका का आरोप है कि ब्लॉक प्रमुख के वर्तमान प्रतिनिधि राजीव सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने यह पूरा खेल किया है।

ब्लॉक प्रमुख पद हासिल करने के अपने बिट्टू सिंह ने अपने रसूख के बल पर जालसाजी कर प्रियंका का फर्जी जाति प्रमाण पत्र भी बनवा दिया और उन्हें ब्लॉक प्रमुख के पद पर गलत तरीके से काबिज करा दिया। छोटका के आरोपों का संज्ञान लेते हुए अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने देहात कोतवाली पुलिस को ब्लॉक प्रमुख प्रियंका गौतम व पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजीव कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच करने का आदेश दिया है। देहात कोतवाल देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अभी आदेश की कॉपी नहीं मिली है। मिलते ही कोर्ट के आदेश का अनुपालन कराया जायेगा।

### जांच हुई तो फंसेंगे प्रमाण पत्र निर्गत करने वाले कर्मी

ब्लॉक प्रमुख प्रियंका गौतम का निवास और जाति प्रमाण पत्र सदर तहसील से जारी हुआ है। ऐसे में अगर मामले की गहनता से पड़ताल हुई तो तत्कालीन अधिकारी व कर्मचारी की भूमिका की भी जांच होगी। अगर प्रमाण पत्र फर्जी मिला तो इन अधिकारियों कर्मचारियों की गर्दन भी फंसना तय है।

## घर में मृत मिली महिला हत्या की आशंका

**गौरा चौकी :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की लाश उसके कमरे में मिली है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

खोड़ारे थाना क्षेत्र के घारीघाट स्थित हकीकुल्लाह डिग्री कॉलेज में कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी कर रहे मनोज निषाद की पत्नी का शव उसके ही कमरे में होने की सूचना प्रबंधक द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका तारा देवी (28) का शव उसके ही घर में तख्त के नीचे पाया गया। घटना की जानकारी के बाद आनन फानन मे मायके के लोग भी पहुंच गए। मृतका के भाई वीरेंद्र कुमार की सूचना पर पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए गोंडा भेज कर मामले के अन्य बिंदुओं की जांच में जुटी हुई है। मृतका के शव को देखने के बाद पुलिस ने घटना को लेकर अंदेशा जाहिर करते हुए बताया कि घटना आज रात्रि का नहीं है। थाना अध्यक्ष एसके राणा ने बताया कि घटना सात अक्टूबर की रात की है। जांच किया जा रहा है।

## पहले भी होते रहे हैं पटाखा फैक्ट्री में हादसे

फॉलोअप

**गोंडा, अमृत विचार:** बेलसरडीहा गांव में पटाखा फैक्ट्री में हुई विस्फोट की घटना ने पुलिस महकमे को हिला दिया है। मंगलवार को पुलिस टीम के साथ बम निरोधक दस्ते ने भी घटनास्थल पर जाकर जांच पड़ताल की और यह पता लगाने की कोशिश की कि आखिर इतना बारूद गांव में कैसे पहुंचा।

जांच का दायरा बढने से इस घटना की गंभीरता की अंदाजा भी लगाया जा सकता है लेकिन जो सबसे अहम बात है वह यह कि गोंडा पुलिस पिछली घटनाओं से भी सबक नहीं लेती। हादसे के कुछ दिन तक तो इसकी जांच की चर्चा होती है लेकिन उसके बाद सब कुछ ठंढे बस्ते में चला जाता है। फाइल बंद की कर दी जाती है और सब कुछ भुला दिया जाता है। जिले में पिछले तीन चार वर्षों में हुई पटाखा विस्फोट की घटनाएं तो यही कह रही हैं कि पुलिस महकमा इन घटनाओं से सबक लेने को तैयार नहीं है। चाहे वह वजीरगंज मे 8 लोगों की मौत का मामला रहा हो या नवाबगंज मे हुई मां बेटे की मौत का। इन मामलों की जांच में क्या रहा यह पुलिस ने सार्वजनिक नहीं किया।यही कारण हैं कि दीवाली आते ही पूरे जिले में पटाखे के अवैध कारोबार का धंधा फलने फूलने लगता है। घटना के बाद मंगलवार को जिले भर में अवैध पटाखा कारोबारियों के खिलाफ हुई कार्रवाई से यह साबित हो गया कि बारूद का कारोबार सिर्फ बेलसर डीहा में ही नहीं पूरे जिले में फैला है। पुलिस कार्रवाई में करीब 10 क्विंटल पटाखा बरामद हुआ और 8 लोग पकड़े गए।

सोमवार को बेलसर डीहा गांव में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट के बाद एसपी विनीत जायसवाल ने गंभीरता दिखाई है और लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों को निलंबित किया है, लेकिन सवाल यह है कि क्या इस विस्फोट के असली दोषियों तक पुलिस पहुंच पायेगी।

**घटना–एक : नवाबगंज के संचरही मोहल्ले में गयी थी मां बेटे की जान**

नवाबगंज के संचारी मोहल्ले के रहने वाले मोहम्मद सईद के मकान में भी 24 अक्टूबर 2022 को विस्फोट हुआ था। इस विस्फोट में उसका दो मंजिला मकान धराशायी हो गया था और उसकी पत्नी खैरुलनिशा व बेटे इब्राहिम की मौत हो गयी थी। इस घटना की भी पुलिस ने कुछ दिन तक जांच पड़ताल की लेकिन फिर मामला ठंढे बस्ते में चला गया।

**घटना दो : वजीरगंज में पटाखा विस्फोट में गई थी 8 लोगों की जान**

दो साल पहले 6 जून 2021 को वजीरगंज थाना क्षेत्र के टिकरी गांव में देर रात विस्फोट हुआ था। विस्फोट से मकान धराशायी हो गया था और उसके मलबे में दबकर निसार अहमद, शमशाद, शायरुनिशा, रुबीना बानो, मोहम्मद शोएब, मिराज व नूरी सबा की मौत हुई थी, जबकि नूरुल हसन, इरशाद अहमद, निजाम, रेहान अहमद, अलीशा, मोहम्मद जैद व गुलनाज बानो घायल हुई थी। प्रारंभिक जांच में पटाखा भंडारण होने की वजह से विस्फोट की जानकारी सामने आई थी लेकिन मामले को रहा दफा करने के लिए इसे सिलेंडर से विस्फोट होना बता दिया गया था। जबकि गांव के लोगों का साफ कहना था कि मकान में पटाखे का अवैध कारोबार फल फूल रहा था।

## नाले में मिला अज्ञात युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**गोंडा, अमृत विचार:** नगर कोतवाली क्षेत्र के महाराजगंज पुलिस चौकी के समीप स्थित श्रृंगार कुंज मंदिर के पास बुधवार को एक 20 वर्षीय युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मॉर्निंग वॉक करने जा रहे लोगों ने नाली में पड़े युवक के शव को देख नगर कोतवाली पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची नगर कोतवाली और महाराजगंज चौकी की पुलिस ने नाली से युवक के शव को निकालकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की युवक पहचान नहीं हो सकी है। मृतक के चेहरे पर और शरीर पर हल्के-फुल्के चोट के निशान हैं।

नगर कोतवाल मनोज कुमार पाठक ने बताया कि मृतक युवक की पहचान कराई जा रही है। शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पूरे मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### गोंडा पुलिस 11 ने जीता फाइनल मैच


कप के साथ खिलाड़ी। अमृत विचार

**गोंडा :** जिगर मेमोरियल इंटर कॉलेज के मैदान पर खेले जा रहे स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव स्मारक नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट गोंडा प्रीमियर लीग सीजन 5 का फाइनल मुकाबला खेला गया। मुकाबला फाइन फर्नीचर बनाम गोंडा पुलिस 11 के बीच खेला गया, जिसमें फाइन फर्नीचर के कप्तान चित्रांश श्रीवास्तव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। फाइन फर्नीचर की अच्छी गेंदबाजी से गोंडा पुलिस निर्धारित 10 ओवर में 8 विकेट खोकर मात्र 109 रन ही बना सकी। इसके बाद चेस करने उतरी फाइन फर्नीचर की टीम इस स्कोर आसानी से प्राप्त करने वाली थी लेकिन अंतिम ओवरों में गोंडा पुलिस कि गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी करते हुए फाइन फर्नीचर को 9 .5 ओवर में ऑल आउट कर दिया और फाइन फर्नीचर यह मैच 14 रनों से हार गई। गोंडा पुलिस की तरफ से अनस, अजीम, और ऋषभ ने शानदार गेंदबाजी करते हुए फाइन फर्नीचर के हाथों से यह मैच छीन लिया। आयोजक और मुख्य अतिथियों के द्वारा विजेता और उपविजेता टीमों को कप देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट का मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट बैटर का अवार्ड कामाक्षी उत्तम 11 के खिलाड़ी विशाल मौर्य को दिया गया। बेस्ट गेंदबाज के रूप में फाइन फर्नीचर के गेंदबाज अमन को चुना गया साथ ही साथ बेस्ट फील्डर के रूप में गोंडा पुलिस के खिलाड़ी ऋषभ को चुना गया।

### वैध लाइसेंस के बिना ही चल रही थी दुकान, की गई सील

**गोंडा :** ज़िलाधिकारी नेहा शर्मा के आदेश पर नवरात्र पर्व को देखते हुए संजय कुमार सिंह मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में गठित खाद्य दल ने करनैलगंज कस्बे के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर औचक छापेमारी कर चार खाद्य पदार्थों के जाँच के लिए नमूने संग्रहित किए जिसमे मेसर्स राधा रानी मिल्क फूड से दूध ,मेसर्स बाबा ट्रेडर्स से रामदाना, सिंघाड़े का आटा, सेंधा नमक के नमूने जांच के लिए संग्रहीत किए गए। इसके अलावा फल मण्डी करनैलगंज के पास स्थित खाद्य प्रतिष्ठान मेसर्स मोहम्मद आरिफ़ एण्ड कम्पनी द्वारा बिना वैध खाद्य लाइसेंस प्राप्त किये खाद्य कारोबार किये जाने के कारण खाद्य प्रतिष्ठान को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 में किये प्रावधानों के द्रष्टिगत अग्रिम आदेश तक सील बंद किया गया। अजीत कुमार मिश्रा सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि प्रशासन के आदेश पर लगातार मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान जलाया जा रहा है। बुधवार को चार नमूने लिए गए हैं तथा उचित लाइसेंस लिए बिना ही चल ही दुकान को अग्रिम आदेश तक सील किया गया है।

### सीता ने राम को डाली वरमाला, सखियों ने बरसाए फूल


**गोंडा :** रामलीला महोत्सव का आयोजन रानी बाजार मे किया जा रहा है। रामलीला का मंचन मिथिलांचल अवध आदर्श रामलीला फाउंडेशन के कलाकारों कर रहे है। रामलीला में राम विवाह तथा राम कलेवा का मंचन किया गया। सीता जी ने जैसे ही प्रभु राम को वरमाला डाली वैसे ही सखियों ने फूल बरसाना प्रारंभ कर दिया। देवता भी यह दृश्य देखकर पुलकित हो रहे थे।

### मेघनाथ पराक्रम, लक्ष्मण शक्ति एवं कुंभकरण वध का मंचन

**करनैलगंज :** नगर की प्रसिद्ध रामलीला मंचन में बुधवार को मेघनाथ पराक्रम, लक्ष्मण शक्ति एवं कुंभकरण वध की लीला का सजीव मंचन किया गया। इस मौके पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल, आशीष गिरी, महंत गिरिजाशंकर गिरी, कन्हैया लाल वर्मा, नीरज जायसवाल, शिव पूजन गोस्वामी, किशनू सिंह, सचिन गुप्ता सहित भारी संख्या में दर्शकों की भीड़ रही।





पयागपुर में आयोजित रामलीला में राम-केवट प्रसंग का मंचन करते कलाकार।

## राम-केवट संवाद सुन दर्शक मंत्रमुग्ध

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार।** भूपगंज बाजार स्थित रामलीला मैदान पर चल रहे रामलीला महोत्सव के सातवें दिन राम-केवट संवाद मंचन किया गया। श्री राम, अनुज लक्ष्मण सहित सीता जी के साथ जब गंगा तट पर पहुंचते हैं तो उनके कहने पर भी केवट नाव किनारे नही लाते है। केवट की शर्तों को मानकर राम नाव से नदी पार करते हैं। इस दौरान व्यास गोविंद बिहारी शुक्ला द्वारा प्रस्तुत चौपाइयों पर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। समिति अध्यक्ष मनोज सोनी ने बताया कि बुधवार को सीताहरण और बालि वध लीला का मंचन होगा। समिति के महामंत्री रोहित शुक्ला विनय मिश्रा, दानेंद्र शर्मा,राहुल सोनी,दुखहरन शर्मा,उमेश तिवारी और राजकुमार वैश्य सहयोग में जुटे हैं।

# भक्तों ने मां कालरात्रि से मांगा समृद्धि का आशीर्वाद

## शारदीय नवरात्र : पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन-पूजन के लिए उमड़ रही है श्रद्धालुओं की भीड़

**संवाददाता, बहराइच/कैसरगंज**

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र पर बुधवार को मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा कर भक्तों ने सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।

शहर के पानी टंकी, जेल रोड, लोहिया चौराहा, हुजूरपुर रोड समेत अन्य स्थानों पर पंडाल सजे हैं। कैसरगंज के पीपल वाली गली में मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन को भक्तों का तांता लग जाता है। विस क्षेत्र संयोजक गौरव वर्मा, ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह विसेन ने मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष शिव सहाय सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुबेद वर्मा, नीरज श्रीवास्तव एडवोकेट बद्रीबाबा, बृजेश सिंह मौजूद रहे। सब्जी मण्डी में दुर्गा महोत्सव में कार्यक्रम संरक्षक प्रभात सिंह, अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, दिनेश, कौशल,अतुल, अमित, अरविंद मौजूद रहे। धनकुट्टीपुरा में श्री दुर्गा पूजा पंडाल में 380 बच्चों ने प्रतिभाखोज प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कार्यक्रम हेमचंद जायसवाल एडवोकेट की स्मृति में बीते 10 वर्षों से चल रहा है। आयोजक संजय जायसवाल ने बताया कि प्रतिभाखोज परीक्षा में प्रथम पुरस्कार 5100, दूसरा 3100 व तीसरा 2100 रुपये महाआरती के दिन दिया जाएगा।



शहर के धनकुट्टीपुरा मोहल्ले में सजी मां की प्रतिमा। अमृत विचार

### जागरण में देवी गीतों पर झूमे श्रद्धालु, झांकियों ने मोहा मन



आकर्षक झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार।** हनुमान मंदिर प्रांगण में श्री नव दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में देवी जागरण का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रणविजय सिंह को सम्मानित किया गया। लखीमपुर की शिवशक्ति जागरण पार्टी द्वारा झांकियां प्रस्तुत की गईं। हनुमान मंदिर के संस्थापक व अध्यक्ष पिंटू गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, बलवंत सिंह, हरि प्रकाश पांडे, डॉ. वीरेंद्र श्रीवास्तव, आनंद जायसवाल, मुन्ना गुप्ता, अंकित गुप्ता, आशीष गुप्ता, प्रमोद गुप्ता,अर्जुन गुप्ता, रमेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जिलाधिकारी न्यायालय के समय में हुआ बदलाव

**बहराइच, अमृत विचार।** जिलाधिकारी के न्यायालय हेतु पूर्व निर्धारित कार्य दिवस सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को मध्याह्न 12 बजे से अपराह्न 1 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। नवीन व्यवस्था शुक्रवार 11 अक्टूबर से प्रभावी होगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व में अपराह्न 3 से 4 बजे तक का समय निर्धारित था।

### अभद्र टिप्पणी करने पर केस दर्ज

**बहराइच, अमृत विचार।** कैसरगंज थाने के कोनारी गांव के युवक के व्हाट्सएप पर दूसरे समुदाय के युवक ने पोस्ट डालकर एक धर्म पर अपमानजनक व अभद्र टिप्पणी कर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। मरौठी गांव निवासी हसनैन ने कोनारी गांव के युवक सत्या मिश्र के व्हाट्सएप पर पोस्ट डाली। इस पोस्ट में अभद्र टिप्पणी की गई थी। युवक ने कैसरगंज थाने में धार्मिक आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया। कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि जांच के बाद गिरफ्तारी की जाएगी।

### तालाब में डूबने से मदरसा के छात्र की मौत

**बहराइच, अमृत विचार।** रायडीह गांव निवासी मदरसा छात्र का शव घर से एक किलोमीटर की दूरी पर तालाब में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रायडीह निवासी हुकुम अली (15) पुत्र जुमई गांव में स्थित मदरसे का छात्र था। बुधवार सुबह छह बजे वह तालाब के निकट पहुंच गया। परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की। सुबह 11 बजे किशोर का शव घर से एक किलोमीटर की दूरी पर तालाब में लोगों ने देखा। इस पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कृषि यंत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन करें किसान

**बहराइच, अमृत विचार।** उप कृषि निदेशक टीपी शाही ने बताया कि जिले के किसान कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि यंत्रीकरण योजनान्तर्गत कृषि रक्षा उपकरण की खरीद कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कृषि यंत्रों पर अनुदान प्राप्त करने के लिए 9 अक्टूबर को अपराह्न 3 बजे से 23 अक्टूबर की मध्य रात्रि 12 बजे तक वेबसाइट https://agriculture.up.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं।

### व्यापारी से हुई टप्पेबाजी

**मटेरा, बहराइच, अमृत विचार।** मटेरा थाना क्षेत्र के मटेरा बाजार निवासी नवीन कुमार अग्रवाल की दुकान अहिरनपुरवा मोड़ के पास है। थाने में तहरीर देकर व्यापारी का कहना है बुधवार दोपहर में उसकी दुकान से अज्ञात लोगों ने बैग उठा लिया। उसमें 45 हजार रुपये के साथ अन्य कागजात भी थे। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

### परिवार में करायी सुलह

**बहराइच, अमृत विचार।** पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र में बुधवार को पारिवारिक मामलों को लेकर सुनवाई हुई। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि परिवार परामर्श केंद्र की टीम ने मामले की सुनवाई करते हुए एक परिवार को साथ रहने के लिए राजी कर लिया। उन्होंने बताया कि दोनों को घर भेज दिया गया है।

### गोलवाघाट के पास मिला महिला का शव

**बहराइच, अमृत विचार।** कोतवाली देहात के गोलवाघाट के पास एक महिला रहती थी। उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल परमानंद तिवारी ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। वह कई माह से वहीं रहती थी।

# डीएम ने बीएसए समेत 4 का रोका वेतन

## कस्तूरबा विद्यालय में खामियां मिलने पर वार्डन व जिला समन्वयक को हटाने के निर्देश

**सख्त तेवर**

- डीएम ने केजीबीवी तेजवापुर का किया निरीक्षण
- पुस्कालय और छात्रावास की भी देखीं व्यवस्थाएं

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने बुधवार को तेजवापुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पठन-पाठन की गुणवत्ता की जांच की। खामियां मिलने पर बीएसए और खंड शिक्षा अधिकारी समेत चार कर्मचारियों का वेतन रोकने का निर्देश दिया। जिला समन्वयक बालिका और वार्डन को हटाने की बात कही।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तेजवापुर का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने औचक निरीक्षण किया। विद्यालय के निरीक्षण के दौरान रसोईघर व छात्रावास के दरवाजे , खिड़की दुरुस्त न पाये जाने, खिड़की की जाली टूटी होने, विद्यालय में सुरक्षा के दृष्टिगत स्थापित किये गये क्लोज़ सर्किट टीवी से सम्पूर्ण विद्यालय की निगरानी न होने तथा बाथरूम में पानी की समुचित आपूर्ति न होने एवं विद्यालय भवन व परिसर की साफ-सफाई संतोषजनक न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराज़गी जताते हुए शिथिल पर्यवेक्षण व पूर्व में दिये गये निर्देशों का पालन न करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व खण्ड शिक्षा अधिकारी का वेतन बाधित करने के निर्देश दिये। साथ ही उच्चस्तरीय कमेटी से जांच कराये जाने के भी निर्देश दिये।

आवासीय विद्यालय के कार्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्टाक पंजिका, मेंटीनेन्स पंजिका, लेखा सम्बन्धी पंजिका व पत्रावलियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण से ज्ञात हुआ कि अभी कुछ छात्राओं की ड्रेस की धनराशि प्रेषित नहीं की गई है। जिस कारण कुछ छात्राएं बगैर यूनीफार्म के उपस्थित पायी गईं। यूनीफार्म की धनराशि के प्रेषण में शिथिलता बरतने पर डीएम ने लेखाकार व कम्प्यूटर आपरेटर का वेतन बाधित करने के निर्देश दिये। कक्षा 7 के निरीक्षण के दौरान छात्राओं की अंग्रेज़ी, गणित व विज्ञान की कापियों को देखा तो पता चला कि सम्बन्धित शिक्षकों द्वारा कॉपियों की जांच नहीं की गई थी। अंग्रेज़ी की कापी देखने पर कुछ शब्दों की स्पेलिंग भी गलत लिखी हुई मिली। डीएम ने इस कार्य को शिक्षण कार्य में शिथिलता मानते हुए निर्देश दिया कि नवीनीकरण करते समय इस बात का भी संज्ञान लिया जाए। शिक्षिकाओं द्वारा बरती जा रही उदासीनता तथा विद्यालय की अन्य व्यवस्थाओं में कमियों को देखते हुए डीएम ने वार्डेन व जिला समन्वयक (बालिका) को हटाये जाने का निर्देश दिया। नि

निरीक्षण के दौरान डीएम ने रसोईघर तथा स्टोर, बच्चों के लिए तैयार किये गये भोजन तथा खाना तैयार करने में प्रयुक्त होने वाली खाद्य सामग्री का जायज़ा लिया तथा रसोइयों से भी जानकारी प्राप्त की। इसके उपरान्त डीएम ने पुस्तकालय व छात्रावास का निरीक्षण कर छात्राओं के लिए उपलब्ध बेड-बेडिंग इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान शिक्षक और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।





कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के कक्ष में छात्राओं की कापियां देखतीं डीएम। अमृत विचार

# बैंकमित्र से 9.50 लाख की लूट

**संवाददाता, खैरीघाट, बहराइच,**

**अमृत विचार।** नरोत्तमपुर निवासी बैंक मित्र व स्पाइस मनी डिस्ट्रीब्यूटर बीते मंगलवार रात करीब 10 बजे नकदी वसूल कर घर लौट रहा था। रास्ते में बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसे रोककर पिटाई की और 9.51 लाख की नकदी लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

खैरीघाट थाना क्षेत्र के नरोत्तमपुर निवासी अंकित कुमार मौर्या बेहड़ा बाजार में संचालित बैंक ऑफ इंडिया के बैंकमित्र हैं। इसके अलावा स्पाइस डिस्ट्रीब्यूटर हैं। थाने में तहरीर देकर अंकित ने बताया कि वह रात 10 बजे नानपारा स्थित आरोहन कंपनी से 2,93,263 रुपये, आरबीएल कंपनी से 2,79,735 रुपये, फ्यूजन माइक्रोजन कंपनी से 2,58,044 रुपये और यूनियन बैंक से एक लाख 20 हजार मिलाकर कुल नौ लाख 51 हजार रुपये लेकर वह बाइक से घर जा रहे थे। रात 10.15 बजे बरदहा बाजार नहर पटरी के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसकी बाइक रुकवा ली। उसके सिर पर डंडा दे मारा। पिटाई के बाद नकदी भरा बैग लेकर बदमाश फरार हो गए। कुछ देर बाद होश आने पर उसने पुलिस को फोन सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। मौके से एक डंडा भी पुलिस ने बरामद किया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। एसपी वृंदा शुक्ला ने घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के खुलासे के निर्देश दिये।



घटनास्थल का निरीक्षण कर थानाध्यक्ष को दिशा निर्देश देतीं एसपी।

## 1250 ग्राम चरस के साथ दो गिरफ्तार

**मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार।** एसएसबी और मोतीपुर पुलिस ने कांबिंग के दौरान 1250 ग्राम चरस बरामद कर नेपाल के दो नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया। 59वीं वाहनी एसएसबी के कमांडेंट कैलाश चंद रोमेला ने बताया कि बलाई गांव ओर मोतीपुर पुलिस की सयुक्त गश्त के दौरान पिलर नंबर 663/51 के पास से भारत में प्रवेश के दौरान दो लोगों को पकड़ा गया। तलाशी में उनके पास से 1250ग्राम चरस बरामद हुई। तस्करों की पहचान कमल थापा निवासी देलेख नेपाल व दूसरे की मन बहादुर, जजरकोट नेपाल के रूप में हुई।

## सार-संक्षेप

### विसर्जन मार्ग पर करवाएं प्रकाश की व्यवस्था



विसर्जन स्थल का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

**मटेरा, बहराइच, अमृत विचार।** नानपारा के एसडीएम और सीआरओ ने बुधवार को विसर्जन जुलूस और स्थल मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। नानपारा तहसील के इंटहा घाट मूर्ति विसर्जन स्थल का सीआरओ देवेंद्र पाल सिंह व उपजिलाधिकारी अश्विनी पांडेय ने निरीक्षण किया। खंड विकास अधिकारी के साथ ग्राम प्रधान को मार्ग पर प्रकाश और सफाई व्यवस्था का निर्देश दिया। उन्होंने नदी के तट पर हर हाल में प्रकाश व्यवस्था करने की बात कही। एसडीएम ने बताया कि इस बार मूर्ति विसर्जन स्थल पर लगभग 100 प्रतिमाएं आने की उम्मीद है। यहां पर नानपारा, मटेरा, खैरीघाट व रामगांव थाना क्षेत्र से दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जन के लिए लायी जाती हैं। इस दौरान तहसीलदार, नानपारा कोतवाल पीके सिंह, थानाध्यक्ष मटेरा, ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय लेखपाल व नानपारा पुलिस भी मौजूद रही।

### महिलाओं को समझने होंगे अपने अधिकार



फखरपुर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद महिला सिपाही और महिलाएं।

**फ़ख़रपुर, बहराइच, अमृत विचार।** फखरपुर थाना क्षेत्र के सानिया इंटर कॉलेज में महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षा के प्रति सचेत करना और उन्हें अपने अधिकारों और कर्तव्यों से भी अवगत कराना था। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी अनिल सिंह, प्रभारी निरीक्षक अभिनव प्रताप सिंह और एसओ मंजू यादव ने छात्राओं को सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक अभिनव प्रताप सिंह ने कहा कि महिलाओं को अपनी कमजोरियों को छोड़कर अपने अधिकारों को समझना होगा। क्षेत्राधिकारी अनिल सिंह ने छात्राओं को जागरूक रहने की सलाह दी। कहा कि छोटी-छोटी घटनाओं पर ध्यान देना और उन्हें रिपोर्ट करना महत्वपूर्ण है। महिला थानाध्यक्ष मंजू यादव ने छात्राओं के माता-पिता को भी प्रेरित किया कि वे अपनी बेटियों को समर्थन दें ताकि वे किसी भी गलत घटना का विरोध कर सकें। महिला बीट अधिकारी शिल्पी सिंह और उपनिरीक्षक विनीता रावत ने हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी, जिनमें 1090 वूमन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, और 112 पुलिस हेल्पलाइन शामिल हैं। उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि किसी भी तरह की समस्या का सामना करने पर मदद लेने से न हिचकिचाएं। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रधानाध्यापक मन्नान खा और प्रबंधक सलमान खा ने उपस्थित अधिकारियों का प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### 67 व्यक्तियों के खातों में भेजी गई सहायता राशि

**बहराइच, अमृत विचार।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि विभिन्न आपदाओं में जिले के 47 व्यक्तियों के बैंक खातों में 67 लाख 96 हज़ार 400 रुपये की धनराशि सम्बन्धित के बैंक खातों में 8 अक्टूबर को हस्तान्तरित कर दी गई है। तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत अन्य आपदा के तहत 6 व्यक्तियों के बैंक खातों में 21 लाख 05 हज़ार 400 रुपये, तहसील महसी अन्तर्गत 20 व्यक्तियों के बैंक खातों में 21 लाख 10 हज़ार 500 रुपये की धनराशि , तहसील पयागपुर अन्तर्गत 4 व्यक्तियों के बैंक खातों में 12 हजार रुपये की धनराशि, तहसील नानपारा अन्तर्गत 3 व्यक्तियों के बैंक खातों में 4 लाख 42 हज़ार 500 रुपये की धनराशि, तहसील कैसरगंज, तहसील सदर, महसी, नानपारा और तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत 2 व्यक्तियों के बैंक खातों में 13 हजार रुपये तथा नानपारा के पीड़ित लोगों के खाते में सहायता राशि भेजी गई है।

# इलाज के दौरान बालिका की मौत, परिजनों का हंगामा

**संवाददाता, मिहीपुरवा, बहराइच**

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान 8 वर्ष की बालिका की मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया।

मोतीपुर क्षेत्र के मिहींपुरवा नगर पंचायत वार्ड नं 7 निवासी अंकित की पुत्री अनन्या को सोमवार को दस्त व बुखार की समस्या हुई। जिस पर परिजनों द्वारा उसे सीएचसी मोतीपुर में भर्ती कराया गया। परिवार का आरोप है कि इमरजेंसी में डॉ. आशीष गुप्ता ड्यूटी कर रहे थे। लेकिन दवा लिखते वक्त ध्यान नहीं दिया और मरीज को बिना देखे ही इलाज शुरू कर दिया। पहले तो बच्ची को वीगो लगाने के लिए प्रशिक्षु सोनू को भेजा गया। लेकिन पांच जगह लगाने के बाद प्रशिक्षु को नब्ज मिल पायी और वीगो लग पाया। परिजनों नें बताया कि डॉक्टर द्वारा वीगो में लगाए गये इंजेक्शन के बाद बच्ची के शरीर में नीले रंग के चकत्ते पड़ने लगे और थोड़ी देर बाद बच्ची की मौत हो गयी। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने मृत मरीज का रेफर का पर्चा बना दिया और दवा की पर्ची छीन ली। मंगलवार को परिजनो नें सीएचसी में हंगामा किया। दवा की पर्ची मांगने पर पीड़ितों को पर्ची बदल कर देने का आरोप लगाया। परिजनो नें सीएचसी अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। डॉ. आशीष का कहना है की कोई लापरवाही नहीं की गयी है। अगर संदेह हो तो शव का पोस्टमार्टम करा सकता है। अधीक्षक डॉ. मनु शर्मा ने कहा कि प्रकरण संज्ञान में है। जांच कर जो भी दोषी होगा कार्रवाई की जाएगी।

## हादसों में युवक समेत चार घायल

**मिहींपुरवा, बहराइच, अमृत विचार।** विभिन्न क्षेत्रों हुईं सड़क दुर्घटनाओं में बुधवार को चार लोग घायल हो गए। नानपारा-बहराइच मार्ग पर दोंदरा पुल पर निजी बस ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे वे सड़क पर गिर पड़े। इसी बीच पीछे से आ रहे ई-रिक्शा ने लोगों को रौंद दिया। हादसे में बशीर, अब्दुल हाफिज और रागिब अहमद घायल हो गए। ये सभी बाइक सवार मटेरा से मोतीपुर थाना क्षेत्र के शायपुर लगदिहा गांव में रिश्तेदारी में ग्राम प्रधान के यहां जा रहे थे। घायलों को अस्पताल भेजा गया। बशीर और रागिब को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। उधर मोतीपुर थाना क्षेत्र की सीमा पर हंसुलिया के पास मंगलवार रात को बाइक से घर जा रहे निधिपुरवा गांव निवासी राजू पुत्र सुक्खू ट्रैक्टर ट्रॉली से जा भिड़ा। घायल को सीएचसी मोतीपुर पहुंचाया गया।

# युवक को लालच देकर पांच लाख की ठगी

- साइबर सेल ने पीड़ित को वापस कराये सवा लाख रुपये

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार।** साइबर ठगों ने युवक को लालच में फंसाकर करीब सवा पांच लाख रुपये ठग लिये। बड़ी रकम गंवाने व ठगों की बढ़ती रुपयों की मांग से युवक सकते में आ गया और जिले की साइबर सेल को सूचित किया। साइबर सेल ने ठगों के पास होल्ड रकम से करीब सवा लाख रुपये वापस कराये।

क़ानूनगोपुरा दक्षिणी निवासी शुभम मिश्र के व्हाट्सएप पर कम्पनी में निवेश का मैसेज आया और भारी फायदे का जिक्र किया गया। पेस्टीज ग्रुप का मैसेज आने के बाद युवक ने पासवर्ड लॉगिन कर आईडी जनरेट की तो तत्काल एक हजार रुपये आ गये। रकम आने के बाद साइबर ठगों ने टेलीग्राम चैनल ज्वाइन करने को कहा जो पेस्टीज के ही नाम पर था। युवक ने ज्वाइन किया तो एक बार फिर दस हजार रुपये आ गये। लालच में फंसे युवक से कई किश्तों में रुपये जमा कराये गये और हर बार स्वाइप करने पर लग्जरी एक्सफ्लोर का मैसेज आता रहा। इस प्रक्रिया में युवक करीब सवा पांच लाख रुपये गवां बैठा। ठगों ने बोनस व कमीशन समेत 23 लाख देने की बात कहकर साढ़े आठ लाख रुपये मांगे तो युवक को ठगे जाने पता चला। पीड़ित ने साइबर क्राइम हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर जानकारी दी और साइबर थाने में केस दर्ज कराया। साइबर सेल ने करीब सवा लाख रुपये वापस कराये। शेष रकम वापसी के लिए साइबर टीम प्रयास में लगी है।

**जागरूकता** शिवपुर ब्लाक में बीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित की गयी बैठक

# समन्वित प्रयास से रोकी जा सकती है बाल विवाह की कुप्रथा

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार।** परिवार नियोजन सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के लिए मोबिअस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित उम्मीद परियोजना के अंतर्गत शिवपुर ब्लॉक में अंतर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार ने की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग (नोडल विभाग), पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग (बेसिक शिक्षा एवं इंटर कॉलेज), आजीविका मिशन, आईसीडीएस, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स समेत अन्य विभागों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

बैठक का उद्देश्य परिवार नियोजन और बाल विवाह उन्मूलन कार्यक्रमों में विभागीय समन्वय सुनिश्चित करना था। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अभिषेक पाठक ने बताया कि उम्मीद परियोजना के तहत सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में परिवार नियोजन कॉर्नर की स्थापना, किट वितरण और स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। साथ ही, पुरुष सहभागिता और गर्भनिरोधक विकल्पों पर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने जरवल ब्लॉक में बाल विवाह विरोधी अभियान की प्रगति पर भी प्रकाश डाला, जिसमें स्कूलों और समूह बैठकों के माध्यम से जागरूकता फैलाई जा रही है।

खंड विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार ने कहा कि सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है। शिवपुर ब्लॉक के विद्यालयों में बाल विवाह विरोधी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिससे किशोर-किशोरियों को जागरूक किया जा सके। अधीक्षक डॉक्टर नलिन राजा ने कहा कि यह बैठक विभिन्न विभागों के सहयोग से प्रदान की जा रही सेवाओं को समुदाय तक प्रभावी रूप से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इस बैठक में प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी संतोष कुमार, एडीओ पंचायत ज्ञानेंद्र कुमार, सीडीपीओ राम सूरत, प्रधानाचार्य राकेश मिश्र, विद्याभूषण, विभा पासवान, राम समुझ, शिक्षक विजय बाजपेई, एनआरएलएम से फिरोज, अजय कुमार शर्मा समेत अन्य उपस्थित रहे।





ब्लॉक सभागार शिवपुर में बैठक करते खंड विकास अधिकारी।

## एक नजर

### लखीमपुर खीरी और पलिया के न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट के राजस्व क्षेत्र तय

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल की स्वीकृत के बाद शासन ने लखीमपुर खीरी और पलिया के न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट के राजस्व क्षेत्र की अधिसूचना जारी की है। प्रमुख सचिव न्याय विनोद सिंह रावत जारी आदेश में बताया है कि सिविल न्यायाधीश जूनियर डिविजन लखीमपुर खीरी की सीमा क्षेत्र में जिले की तहसील लखीमपुर, तहसील पलिया, तहसील गोला का केवल परगना भूड़ और परगना कुकरा, तहसील धौरहरा, तहसील मोहम्मदी का परगना कस्ता और परगना औरंगाबाद शामिल किया गया है। जबकि सिविल न्यायाधीश जूनियर डिविजन पलिया, लखीमपुर खीरी के सीमा क्षेत्र में तहसील पलिया का परगना पलिया, परगना निघासन व परगना भूड़ के वे क्षेत्र जो तहसील पलिया के अधीन आने वाले गांव शामिल होंगे।

### एचसीएल आईटी सिटी को 21.08 करोड़ की सब्सिडी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने लखनऊ के एचसीएल आईटी सिटी को 21.08 करोड़ की धनराशि सब्सिडी के तौर पर देने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसमें ब्याज के तौर पर 19 .50 करोड़ तथा ट्यूशन फीस के तौर पर 1.57 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की है।

### समीक्षा अधिकारी और संयुक्त सचिव मुख्यमंत्री बनकर ठगे 1.05 करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** समीक्षा अधिकारी और संयुक्त सचिव मुख्यमंत्री बनकर जालसाजों ने ठाकुरगंज के नरेंद्र वर्मा से 1.05 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। ठाकुरगंज के बरौरा निवासी नरेंद्र वर्मा के दो प्लॉट हैं जिसपर कुछ कबाड़ियों ने कब्जा कर रखा है। कुछ माह पहले मिले मान सिंह उर्फ विकास ने खुद को समीक्षा अधिकारी बताकर कब्जा हटवाने के लिए 50 लाख रुपये मांगे। नरेंद्र ने कर्ज लेकर उसे 50 लाख रुपये दिए। मान सिंह ने कल्याण सिंह कैंसर इंस्टीट्यूट में नर्सिंग के पदों पर 20 लाख में भर्ती का झांसा भी दिया। नरेंद्र ने अपने भांजे अनुज पटेल और उसकी पत्नी पूजा की नौकरी के लिए 35 लाख नकद और 5 लाख मान सिंह के खाते में ट्रांसफर किए। साथ ही दूसरे भांजे की राजभवन में चपरासी की नौकरी के लिए 15 लाख रुपये दिए थे लेकिन कोई काम नहीं हुआ।

### राजभवन में हुई मां दुर्गा की आराधना

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजभवन में बुधवार को नवरात्र की सप्तमी तिथि पर मां दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की आराधना व आरती की गई। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, प्रसिद्ध लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी भी शामिल हुईं।

# राप्ती नदी को चैनलाइज्ड कर बाढ़ का करें स्थायी समाधानः योगी

## थारू जनजाति के ग्रामों में विशेष कैंप लगाकर कल्याणकारी योजनाओं से करें संतृप्त, नई सड़क व सेतु के लिए प्रस्ताव करें तैयार ,तुरंत मिलेगा पैसा

संवाददाता, बलरामपुर


मेडिकल कॉलेज के मॉडल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार


राजकीय विश्वविद्यालय के निर्माण की प्रोजेक्ट रिपोर्ट देखते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

**अमृत विचारः** बलरामपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर बलरामपुर पहुंचे। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों व कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी/ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, ऑपरेशन कायाकल्प, स्कूल चलो अभियान, जल जीवन मिशन, गोवंश टीकाकरण-ईयर टैगिंग, गोवंश संरक्षण, बाढ़ निरोधक कार्यों, वृक्षारोपण महाअभियान, संचारी रोग नियंत्रण अभियान समेत जनपद की महत्वपूर्ण परियोजनाओं की चर्चा की।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्लेज पार्क स्थापित करने के साथ ही जनपद में औद्योगिक गतिविधियों व रोजगार सृजन को निरंतर बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास पर जोर दिया। उन्होंने प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के निर्देश दिया। यह भी कहा कि ग्राम पंचायतों में साफ सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। ग्राम पंचायत सचिवालय में ग्रामीणों को सभी सुविधाएं मिलें। उन्होंने जनपद को प्लास्टिक मुक्त किए जाने का निर्देश दिया। गांवों व शहरों में ड्रेनेज की बेहतर व्यवस्था हो। सुरक्षा व प्रकाश की दृष्टि से शाम को स्ट्रीट लाइट जलती रहे। उन्होंने राजस्व बढ़ाए जाने का निर्देश दिया।

इस दौरान कैबिनेट/प्रभारी मंत्री राकेश सचान, बलरामपुर सदर के विधायक पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार सिंह ' मंजू सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, देवीपाटन मंडल के आयुक्त व डीआईजी, डीएम बलरामपुर पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, मुख्य विकास अधिकारी समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**देवीपाटन शक्तिपीठ में किया रात्रि विश्राम :** जिला मुख्यालय पर बैठक और निरीक्षण करने के बाद सड़क मार्ग से मुख्यमंत्री देवीपाटन शक्तिपीठ तुलसीपुर के रवाना हो गए। बुधवार रात्रिविश्राम करने के बाद गुरुवार सुबह मां पाटेश्वरी की पूजा अर्चना करने करेंगे। उसके बाद मुख्यमंत्री अपने अगले गंतव्य के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री के जिला मुख्यालय से तुलसीपुर जाने तक प्रशासन हलकान रहा 30 किलोमीटर दूर सड़क के दोनों तरफ साफ सफाई और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। शक्तिपीठ पहुंचने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

### हर कार्य की निगरानी के लिए नियुक्त हों नोडल अधिकारी

सीएम योगी ने निर्देश दिया कि मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का निर्माण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण हो। यहां के युवाओं को शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े, इसके लिए सरकार यहां इसका निर्माण करा रही है। सीएम ने कहा कि निर्माण कार्य की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति किए जाए।

**गड्ढामुक्त हों सभी सड़कें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि बलरामपुर बाढ़ प्रभावित जनपद है। बाढ़ रोकने के लिए स्थाई समाधान निकाला जाए। इसके लिए राप्ती नदी को चैनेलाइज किए जाने का प्रयास किया जाए। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जनपद के सभी संपर्क मार्ग अच्छी स्थिति में हों। सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाए। नई सड़क व सेतु के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ प्रस्ताव बनाकर भेजें, शासन से तुरंत धनराशि प्रदान की जाएगी। सीएम ने भूमि चिह्नित कर नए बृहद गोवंश संरक्षण केंद्र बनाए जाने एवं कंप्रेस्ड बायो गैस इत्यादि का उत्पादन भी किए जाने का निर्देश दिया।

### कैंप लगाकर पात्रों को दिलाये योजनाओं का लाभः योगी

सीएम योगी ने कहा कि बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ आमजन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित हो। थारू जनजाति ग्रामों के साथ साथ अनुसूचित जाति ग्रामों में भी कैंप लगाकर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रता के आधार पर दिलाया जाए। वहीं जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पाइप डालने का कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। खुदाई के बाद सड़कों को तुरंत दुरुस्त कराया जाए। सड़कें खुदी दिखने पर जिम्मेदारी तय की जाए।

**सीएम का राजस्व वादों के निस्तारण पर रहा जोर :** सीएम का राजस्व वादों के निस्तारण पर भी जोर रहा। उन्होंने प्रशासनिक अफसरों से कहा कि अभियान चलाकर राजस्व वादों का निस्तारण करें। ऐसी जगहों पर पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम भी मौजूद रहे, जिससे किसी भी विपरीत परिस्थिति का सामना न करना पड़े। पांच वर्ष से पुराने कोई भी राजस्ववाद लंबित न रहें।

### सकुशल संपन्न हों त्योहार, माहौल बिगाड़ने वाले पर करें कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा कि दुर्गापूजा, रामलीला, दीपावली, छठ समेत सभी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराएं। माहौल बिगाड़ने वाले तत्वों पर कतई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान बिजली व सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सीएम का माफिया पर कार्रवाई को लेकर भी जोर रहा। उन्होंने कहा कि जनपद के टॉप 10 माफिया को चिह्नित करें और उन पर कड़ी कार्रवाई भी करें। उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट एवं पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग की जाए। सीएम ने महिला सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बढ़ते जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि व्यापारिक प्रतिष्ठान, स्कूलों-कॉलेज आदि पर सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगा हो। सीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आदि पर कड़ी निगरानी रखे जाने का भी निर्देश दिया।

# टेक्नोलॉजी कनेक्ट कर सकती है पर रिलेट नहीं

संवाददाता, बलरामपुर


शैक्षणिक भवन का पूजन करते लोग। अमृत विचार

▸▸ महाविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष महाराजा जयेंद्र प्रताप सिंह ने की पूजा -अर्चना

अमृत विचार। एमएल के पी जी कॉलेज बलरामपुर के छोटा मैदान पर बुधवार को शैक्षणिक भवन हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया गया।

भूमि पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए संस्थापक अध्यक्ष महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि महाविद्यालय ईट और गारे का बना हुआ मात्र इमारती ढांचा नहीं है जिसमें विभिन्न प्रकार के विद्यार्थी और शिक्षक होते हैं। शिक्षण संस्थान अपने मे ही विशिष्ट व्यक्तित्व लिए एक आध्यात्मिक संगठन है जो सदभावना पर आधारित होता है। इसी सकारात्मक सोच के साथ हमारे पूर्वजों ने इस महाविद्यालय की आधारशिला रखी थी। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी कनेक्ट कर सकती है लेकिन रिलेट नहीं कर सकती। मनुष्य का ज्ञान, तकनीकी कौशल को तो बढ़ाना चाहिए पर उसके अंदर विश्व बंधुत्व और मानवता का भाव भी पूर्ण होना चाहिए। यही भारत का आध्यात्मिक अनुष्ठान है।आने वाले समय में शिक्षा से पुरुषार्थी और समाज निर्माण में योगदान देने वाली पीढ़ी का निर्माण होना चाहिए। एक ऐसी पीढ़ी जिसमें सामाजिकता, राष्ट्रीयता, संपूर्ण सृष्टि के हित का विचार हो। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु तथा अपने जनमानस व भावी पीढ़ी को लाभान्वित करने के उद्देश्य से आज शैक्षणिक भवन के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया है। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष, डॉ धीरेन्द्र प्रताप सिंह,पूर्व प्राचार्य व उच्चतर शिक्षा आयोग उत्तर प्रदेश के पूर्व सदस्य डॉ ओ पी मिश्र,पूर्व प्राचार्य डॉ आर बी श्रीवास्तव, प्रो नरेन्द्र कुमार सिंह,प्रो आर के सिंह, महाविद्यालय पुरातन छात्र परिषद अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह,डॉ शैलेन्द्र प्रताप सिंह डी पी सिंह ,डॉ राजीव रंजन, प्रो पी के सिंह,प्रो राघवेन्द्र सिंह,प्रो एस पी मिश्र सहित महाविद्यालय के सभी विभागों के अध्यक्ष, प्राध्यापकगण ,शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# धौरहरा गांव में फैली गंदगी से बढ़ा संक्रामक बीमारियों का खतरा

संवाददाता,गैडास बुजुर्ग, बलरामपुर


गांव में जगह-जगह लगा गंदगी का अम्बार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** धौरहरा ग्राम सभा में सफाई कर्मचारी की कमी, गंदगी से लोग परेशान हैं।गैडास बुजुर्ग ब्लॉक के धौरहरा ग्राम सभा में पिछले चार वर्षों से सफाई कर्मचारी की नियुक्ति नहीं होने के कारण गांव में गंदगी का अम्बार है।

इस गंदगी के चलते संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है, जिससे गांव के लोग अक्सर बुखार और उल्टी जैसी बीमारियों से ग्रसित होते रहते हैं।ग्राम निवासियों ने बताया कि कई बार ग्राम प्रधान अतीकुररहमान से सफाई कर्मचारी द्वारा गांव में साफ-सफाई कराने की मांग की गई, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। गंदगी के कारण किसी भी समय गंभीर बीमारी फैलने की आशंका है, जिससे ग्रामीणों में चिंता का माहौल है।ग्राम सभा के निवासी कल्लू, क्षिननल, अफजल, रफीक अहमद और रशीद अहमद ने मांग की है कि जल्द से जल्द सफाई कर्मचारी की व्यवस्था की जाए और गांव को स्वच्छ बनाया जाए, ताकि ग्राम सभा के लोग सकून से जीवन जी सकें।ग्रामीणों की इस समस्या पर प्रशासन कब ध्यान देगा, यह देखना बाकी है, लेकिन अगर जल्द समाधान नहीं किया गया तो गांव में स्वास्थ्य संकट गहराने का खतरा है।

# नवरात्र में देवी मंदिरों में लगी भक्तों की कतार

संवाददाता, बलरामपुर


देवीपाटन शक्तिपीठ में मां पाटेश्वरी के दर्शन के लिए जुटी भीड़।

**अमृत विचारः** नवरात्र के सातवें दिन जिले भर के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां कालरात्रि की पूजा की। मां कालरात्रि की पूजा करने से व्यक्ति को काम, मोक्ष, धर्म और अर्थ इन चारों फलों की प्राप्ति होती है।देवीपाटन मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। सुबह से ही सूर्य कुंड में स्नान करने के बाद दर्शनार्थियों ने लाइन लगा दी थी। पुरुष और महिला भक्तों ने अलग-अलग लाइनों में लगकर दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने मां के जयकारे लगाए और अपने लिए आशीर्वाद मांगा।जिले भर के देवी मंदिरों पर श्रद्धालु जमा रहे। व्रतधारी महिलाओं ने देवी मंदिरों में प्रसाद चढ़ाकर मनवांछित फल मांगे। पूजा पंडालों में भी दर्शनार्थियों ने दर्शन किए। पंडालों में सुबह और शाम को भारी भीड़ जुट रही है। जिले में दुर्गा पूजा का विशेष महत्व है। शारदीय नवरात्र में पुरुष और महिलाएं व्रत रखकर मां के नौ स्वरूप का पूजन अर्चन करते हैं।जिले में सत्तरह सौ से अधिक स्थानों पर पंडाल लगाकर मां की प्रतिमा स्थापित की गई है। इन पंडालों की सजावट देखते ही बनती है। देवी मंदिरों के अलावा सुबह में होने वाली आरती के दौरान पंडालों में भी भारी भीड़ होती है। जिला मुख्यालय के चौक उत्तर लाइन, मेजर चौराहा, डिग्री कॉलेज, पहलवारा, बड़ा पुल, चूड़ी मार्केट, नई बस्ती, भेली पड़ाव, आदि स्थानों पर लगे पंडालों में भव्य देवी प्रतिमा की स्थापना की गई है।

# 450 दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी सम्मानित

पचपेडवा बलरामपुर


दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों को सम्मानित करते पूर्व विधायक। अमृत विचार

**अमृत विचारः** श्री आदि शक्ति मां पाटेश्वरी दुर्गा पूजा महा समिति का 8 वा दुर्गा पूजा समितियों का सम्मान समारोह पचपेडवा के लोकमान्य तिलक इंटर कालेज के प्रांगण में किया गया । आयोजक पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू द्वारा समितियों के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

पचपेडवा के लोकमान्य तिलक इंटर कालेज के प्रांगण में आयोजित सम्मान समारोह में पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू द्वारा विधानसभा क्षेत्र के 450 दुर्गा पूजा समितियों के प्रत्येक समिति के 11-11 पदाधिकारियों को अंगवस्त्र देकर संमानित करते हुए कहा कि लगातार 8 वीं बार सम्मान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है 2012 से पहले 137 दुर्गा प्रतिमा विधानसभा क्षेत्र में रक्खा जाता था। अब विधानसभा क्षेत्र में करीब 500 दुर्गा प्रतिमा स्थापित होता है।

इस अवसर पर अमित जायसवाल अध्यक्ष दुर्गा पूजा महासमित,मनोज तिवारी प्रमुख पचपेड़वा,रवि वर्मा चेयरमैन पचपेडवा, शक्ति सिंह ब्लाक प्रमुख गैसड़ी,विनय प्रकाश त्रिपाठी,गोविंद पांडेय विधानसभा प्रभारी दुर्गा पूजा महासमित, मदन लाल जयसवाल ,मंडल अध्यक्ष जगदम्बा ठाकुर,हरीश मिश्रा, राजेश गुप्ता,डां प्रेम वर्मा,सुधीर सिह,राजेंद्र प्रसाद ओझा, परमजीत सिंह,विजय गुप्ता,राम बिलास विश्वकर्मा, कालूराम चौधरी, समेत दुर्गा पूजा समितियों के हजारों पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दयाराम प्रजापति ने किया।

# गरबा व डांडिया नृत्य पर झूमे स्कूली बच्चे


डांडिया व गरबा नृत्य पर थिरकते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

संवाददाता,बलरामपुर

▸▸ बच्चों को बताया गया दुर्गा पूजा और दशहरा का महत्व

**अमृत विचारः** सनबीम्स पब्लिक स्कूल बलरामपुर में बुधवार को नवरात्र महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में स्कूल के बच्चों ने परंपरागत प्रधान पहनकर प्रतिभाग किया। स्कूल के प्रबंधक विकास सिंह राठौर ने बच्चों को नवरात्र दुर्गा पूजा व दशहरे के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि नवरात्र में 9 दिन मां स्वरूप मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा अर्चना की जाती है। दशहरे के दिन बुराई पर अच्छाई के प्रतीक के रूप में रावण का पुतला दहन किया जाता है ।स्कूल में ही कन्या पूजन कर सनातन धर्म में कन्या के महत्व को भी बताया गया। महोत्सव में स्कूली बच्चों ने गरबा -डांडिया व भजन गीतों पर जमकर ठुमका लगाया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान नीतू अंजलि अर्चना सना नीलम सोनम कोमल व गरिमा सहित तमाम शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# सही संविधानवादी न सच्ची देशभक्त हैं भाजपा-कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, नई दिल्ली


मायावती

▸▸ बसपा प्रमुख ने कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर की एकजुट होने की अपील

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि भाजपा व कांग्रेस न सही संविधानवादी हैं और न ही सच्ची देशभक्त हैं। इन दलों के षडयंत्र के कारण बसपा की स्थिति खराब हुई है।

बसपा संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर बसपा प्रमुख नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये बसपा प्रमुख ने बहुजन समाज को सावधान करते हुए कहा कि गांधीवादी कांग्रेस व आरएसएसवादी भाजपा व सपा आदि हितैषी नहीं हैं, बल्कि आत्मसम्मान व स्वाभिमान मूवमेंट की राह में बाधा हैं, जबकि आंबेडकरवादी बसपा उनकी सही व सच्ची मंजिल है, जो मांगने वालों से देने वाला शासक वर्ग बनाने के लिए संघर्षरत है। उन्होंने कहा कि जाति के आधार पर भेदभाव करते हुए आरक्षण की संवैधानिक व्यवस्था को निष्क्रिय व निष्प्रभावी बनाने में ही कांग्रेस, भाजपा व सपा जैसी पार्टियां लगी हुई हैं।

### मेरठ में 11 नवंबर को खेल कैडेट की खुली चयन रैली

**अमृत विचार, लखनऊ :** लड़कों की घुड़सवारी के लिए खेल कैडेट की खुली चयन रैली 11 से 14 नवंबर तक रिमाउंट वेटरनरी कोर (आरवीसी) और कॉलेज, मेरठ कैंट में होगी। प्रारंभिक स्क्रीनिंग के लिए उम्मीदवारों को 11 नवंबर की सुबह 4 से 6 बजे तक रैली स्थल पर रिपोर्ट करना होगा। चयनित उम्मीदवारों को 10वीं कक्षा तक मुफ्त शिक्षा, भोजन और आवास, बीमा, चिकित्सा सुविधा और घुड़सवारी में कोचिंग प्रदान की जाएगी।

# दिवाली पर सरकार का तोहफा, 728 चकबंदी लेखपाल बने कानूनगो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**68** जिलों में किया गया प्रमोशन

▸▸ सबसे अधिक 60 बरेली के, मुरादाबाद के 35 और कन्नौज के 41 लेखपाल बने कानूनगो

▸▸ 8 साल से कर रहे थे पदोन्नति का इंतजार, वर्ष 2016 से रिक्त थे कानूनगो के पद

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने चकबंदी लेखपालों को दीपावली पर बड़ा तोहफा दिया है। 8 साल से पदोन्नति का इंतजार कर रहे 68 जिलों के 728 चकबंदी लेखपालों को चकबंदीकर्ता (कानूनगो) के पद पर प्रोमोट किया गया है।

चकबंदी आयुक्त भानु चन्द्र गोस्वामी ने बुधवार को बताया कि 2016 से विभिन्न जिलों में कानूनगो के कई पद रिक्त चल रहे थे, जिसके कारण भूमि पुनर्संयोजन और चकबंदी प्रक्रिया में बाधाएं उत्पन्न हो रही थीं। इससे किसानों की भूमि से जुड़े विवादों के समाधान में देरी हो रही थी और भूमि सुधार के प्रयासों को भी नुकसान पहुंच रहा था। मुख्यमंत्री योगी ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए रिक्त पदों को भरने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश पर विभागीय पदोन्नति समिति का गठन किया गया, जिसके माध्यम से 728 योग्य चकबंदी लेखपालों को पदोन्नति दी गई है। इस पदोन्नति प्रक्रिया में बरेली जिले के 60 चकबंदी लेखपालों को कानूनगो बनाया गया है, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। इसके बाद कन्नौज में 41, मुरादाबाद में 35, गोरखपुर में 32 और ललितपुर में 25 चकबंदी लेखपालों को पदोन्नति मिली है। यह फैसला इन जिलों में चकबंदी प्रक्रिया को नई ऊर्जा देगा माना जा रहा है कि इसके बाद भूमि विवादों के निपटारे में तेजी आने के साथ राज्य के कृषि क्षेत्र में समृद्धि आएगी।

### 33 उद्यमी मित्रों की जल्द होगी नियुक्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार जल्द ही 33 उद्यमी मित्रों की नियुक्ति करने जा रही है। प्रदेश में 20 नव सृजित और 13 पूर्व रिक्त पदों के लिए इन्वेस्ट यूपी ने चयन प्रक्रिया पूरी कर ली है। उद्यमी मित्र के तौर पर 33 चयनित अभ्यर्थियों को संविदा पर एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा। इस प्रक्रिया को लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के बाद मेरिट के आधार पर पूरा किया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहली बार 102 उद्यमी मित्रों की तैनाती की थी। इसके पीछे विजन था कि वह प्रदेश में निवेश करने वाले उद्यमियों और सरकारी मशीनरी के बीच सेतु की तरह काम करते हुए समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करेंगे। 33 उद्यमी मित्रों की तैनाती से निवेश सरलीकरण की प्रक्रिया को गति मिलेगी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पुस्तकस्था तु या विद्या, परहस्तगतं च धनम्।
कार्यकाले समुत्पन्ने न सा विद्या न तद् धनम्॥

पुस्तक में रखी विद्या और दूसरे के हाथ में गया धन, ये दोनों ही समय आने पर किसी भी काम नहीं आया करते।

संपादकीय

# अप्रत्याशित नतीजे

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे तमाम विश्लेषणों और सर्वेक्षणों के उलट साबित हुए। चुनाव बाद हुए सभी सर्वेक्षण हरियाणा में कांग्रेस की शानदार विजय और भाजपा की बुरी हार घोषित कर चुके थे। अब हर कोई चुनाव परिणामों से हैरान है। जम्मू-कश्मीर में त्रिशंकु विधानसभा का अनुमान लगाया जा रहा था, मगर वहां भी नतीजे सर्वेक्षण के विपरीत आए। जम्मू-कश्मीर में जनता ने जहां अलगाववादी ताकतों के हिमायती दलों को नकार दिया है, वहीं विकासवाद व शांति के हिमायती दलों को मौका दिया है। संविधान के अनुच्छेद-370 के अधिकांश प्रावधान के हटने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव था। चुनावी विश्लेषक यह उम्मीद कर रहे थे कि भाजपा को अच्छी बढ़त मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस ने मिलकर बहुमत से अधिक सीटें हासिल की हैं। हरियाणा चुनाव में जाट और गैर-जाट का मुद्दा निर्णायक साबित हुआ। जाट कांग्रेस की तरफ केंद्रित हो गए थे। यद्यपि कांग्रेस ने गैर-जाट को अपनी तरफ करने की भरपूर कोशिश की, पर उसमें कामयाब नहीं हो सकी। इस बार आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी आदि दलों ने भी अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे थे, लेकिन ये दल चार फीसद से अधिक वोट हासिल नहीं कर सके। भाजपा के प्रतिबद्ध मतदाता इधर से उधर नहीं हुए। छोटे दलों ने जो वोट अपने पाले में खींचे, वे अगर मिल जाते, तो कांग्रेस को बहुमत मिल सकता था, मगर भाजपा ने चुनाव से कुछ समय पहले मुख्यमंत्री बदलकर और गैर-जाट वोट को आकर्षित कर शानदार विजय सुनिश्चित कर ली।

हरियाणा ने अपनी स्थापना के 58 साल में पहली बार इतिहास रचा, जिसमें किसी पार्टी को लगातार तीसरी बार जनादेश मिला। यहां भाजपा ने सत्ता की हैट्रिक लगाकर एंटी इन्कम्बेंसी के फैक्टर को धराशायी किया है। साथ ही लगातार तीन बार सत्ता हासिल करने वाली पहली पार्टी बन गई है। भाजपा ने एक बार फिर नायब सैनी जैसे नए चेहरे के साथ दांव खेला और बेहतर परिणाम मिला। भाजपा हमेशा की तरह एकजुट होकर लड़ी और उसे संघ का पूरा साथ मिला। भाजपा की यह जीत उसके दस वर्ष के कामकाज की भी विजय है। जनता ने एक बार फिर भरोसा जताकर भाजपा की हरियाणा के प्रति जिम्मेदारी को बढ़ा दिया है। दोनों चुनावों में लोकतंत्र ने अपनी ताकत दिखाई है। हालांकि दोनों राज्यों में सरकारों के सामने चुनौतियां कठिन हैं। हरियाणा में भाजपा के लिए विश्वास जीतने की चुनौती है तो कश्मीर में केंद्र के साथ तालमेल बनाए रखने की।

# संविधान एक अंतहीन बहस और लचीला हथियार



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

संविधान स्थितप्रज्ञ बुजुर्ग वांछनीयता में मुस्करा रहा है। यही हो रहा है। कहा जा रहा है देश में 'वन नेशन वन इलेक्शन' होगा। सभी निर्वाचित संस्थाओं संसद, विधानसभाओं और हो सके तो पंचायत और नगरीय संस्थाओं के चुनाव भी एकसाथ करा लिए जाएं।

वर्तमान में संविधान की पोथी राजनीतिक कशमकश के कारण हर नागरिक के हाथ में हथियार बनाकर पकड़ाए जाने का सियासी शगल चल रहा है। ज्यादातर नेताओं, सांसदों, विधायकों को संविधान की अंतर्धारा की बारीकियों की सही जानकारी नहीं होती। संविधान उनके लिए झुनझुना है जिसे बजाकर मतदाताओं को बाल बुद्धि का समझकर बहाला, फुसला उन्हें भूख से तड़पने के बदले चुप कराया जा सके। ज्ञान की धमनभट्ठी से संविधान निर्माताओं ने हड्डियां गलाकर रोशनी का पुंज संविधान पैदा किया, जो भारत के भविष्य को अज्ञात समय तक आलोकित कर सकता है। संविधान ही नहीं, पूरा भारत जिन कंधों पर टिका है, वह गांधी के शब्दों में आखिरी छोर पर खड़ा आदमी जीता जागता भारत है। पेड़, पत्ते, पहाड़, नदियां, खदानें, जंगल, पूरा आसमान, बल्कि पूरी कायनात संविधान की मुट्ठी में है।

वही संविधान अब कुलबुला रहा है। करवटें ले रहा है। उसे बहलाए, सहलाए जाने की कोशिशें हो रही हैं। उस पर अलग-अलग बल्कि पुश्तैनी दावा ठोका जा रहा है। उसका पेटेंट किया जा रहा है। उसकी अभिव्यक्तियों का कापीराइट दर्ज हो रहा है। जनता ही भारत है। उसे ही तमाशबीन बना दिया गया है। जनता के नुमाइंदे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, सेना और संसद आदि कहलाते जनता के मालिक बन गए हैं, जो चाहे संविधान की मुश्कें बांधने कमर कसकर देश को अखाड़ा समझ रहा है।

संविधान स्थितप्रज्ञ बुजुर्ग वांछनीयता में मुस्करा रहा है। यही हो रहा है। कहा जा रहा है देश में 'वन नेशन वन इलेक्शन' होगा। सभी निर्वाचित संस्थाओं संसद, विधानसभाओं और हो सके तो पंचायत और नगरीय संस्थाओं के चुनाव भी एकसाथ करा लिए जाएं। इसके लिए कोई गंभीर रायशुमारी नहीं हुई है। संविधान की आंत में नीयतें और मशविरे दर्ज हैं। उनसे पूछा तक नहीं गया है। मौजूदा निजाम हर पूर्वज वचन और हिदायत को पचहत्तर पार के संरक्षक मंडल का आर्तनाद समझता है। वह कथित तौर पर समय, श्रम, धन और अनावश्यक परेशानियों को कम करना चाहता है। इसके लिए संविधान में संशोधन करने की तजवीज है। इक्कीसवीं सदी में आलिम फाजिल और वैश्विक संपर्क के हो रहे भारतीय नागरिकों को भी समझाया जा रहा है कि यह तो छोट-मोटा ऑपरेशन है। फिर तो पूरे देश में एक साथ हर तरह के चुनावों की जश्नेबहार होगी।

आंबेडकर की तरह शिब्बनलाल सक्सेना ने जोर देकर कहा था हमारे संविधान में यह शामिल नहीं किया गया है कि हर चार वर्ष के बाद अवश्य ही चुनाव होगा जैसा कि अमेरिका में होता है। भारत में शायद किसी न किसी प्रदेश में हमेशा चुनाव होते ही रहेंगे। भारत में देशी रियासतों के शामिल होने पर लगभग तीस प्रदेश हो जाएंगे।

मन करता है सवाल पूछें, जो लोग इस इंतजाम से मुतमईन हैं और वे भी जिन्हें यह नागवार गुजरता है। उन्होंने अपने आईन की स्तरों को किस तरह उलट पलटकर देखा है। संसद संविधान सभा नहीं है, जो नया संविधान बनाए। शुरुआत तो वहां से हो जब संविधान तीन बरस की मशक्कत में तीन सौ निर्वाचित सदस्यों के साथ भविष्य के भारत का बीजक लिख रहा था। पुरखों ने ऐलानिया कहा देश के लिए एक संसद और सभी प्रदेशों के लिए विधानसभाएं होंगी और कहीं-कहीं विधान परिषदें भी।

सबसे जिम्मेदार वक्तव्य हुआ गांधी, नेहरू और पटेल की सहमति से चुने गए प्रारूप समिति के सभापति डा. भीमराव आंबेडकर का। उन्होंने साफ कहा भारत में प्रतिनिधि संस्थाओं के चुनाव स्थायी प्रकृति के होंगे। यह नहीं होगा कि चुनाव हो गए और फिर उनसे छोड़ छुट्टी या खामोशी या उनसे खुट्टी। आंबेडकर ने कहा था इसमें कोई शक नहीं कि शुरू में हमने सोचा कि हर पांच साल में चुनाव होंगे, लेकिन जानते हैं फिर लगातार उपचुनाव होंगे। हम जानते हैं विधानसभाएं भंग होंगी और फिर अलग-अलग चुनाव का इंतजाम करना होगा। इस वास्ते मतदाता सूचियां बार-बार तरोताजा की जाती रहेंगी तथा और भी कई काम होंगे। एक स्थायी चुनाव आयोग की जरूरत हम महसूस करते हैं, जो आंबेडकर ने कहा वैसा हुआ भी। ऐसी कद काठी के विचारक को तो प्रज्ञा पुरुष कहते हैं, भविष्यदर्शी भी। उनके पास सच्ची डिग्रियां थीं, इतनी ज्यादा जो संविधान सभा में किसी के पास नहीं थीं।

आंबेडकर की तरह शिब्बनलाल सक्सेना ने जोर देकर कहा था "हमारे संविधान में यह शामिल नहीं किया गया है कि हर चार वर्ष के बाद अवश्य ही चुनाव होगा जैसा कि अमेरिका में होता है। भारत में शायद किसी न किसी प्रदेश में हमेशा चुनाव होते ही रहेंगे। भारत में देशी रियासतों के शामिल होने पर लगभग तीस प्रदेश हो जाएंगे। अविश्वास प्रस्ताव पारित होने पर भी विधान-मंडल का विघटन हो जाएगा। इसलिए मुमकिन है केंद्र तथा प्रदेशों के विधान मंडलों के चुनाव एक ही समय पर न हों। हर समय कहीं न कहीं चुनाव होता रहेगा। हो सकता है कि अभी शुरुआत में अथवा पांच या दस वर्षों तक ऐसा नहीं हो, लेकिन दस बारह वर्ष के बाद हर समय किसी न किसी प्रदेश में चुनाव होता रहेगा।"

पेचीदा प्रश्न आता था। तब आंबेडकर आत्मविश्वास के साथ संवैधानिक ज्ञान की वर्जिश करते दुनिया के चुनिंदा संविधानों के उन हिस्सों की तरफ सभा की बहस ले जाते थे, जिन्हें अन्यथा सदस्यों ने या तो पढ़ा नहीं होता था या उन्हें मालूम तक नहीं होता था। आंबेडकर नहीं चाहते थे कि ऐसा संविधान बन जाए, जिसका लोकतांत्रिक देशों की संविधान परंपरा से कोई समानांतर रिश्ता भी नहीं रहे। अन्यथा भविष्य में भारतीय संविधान व्याख्याओं को लेकर दुनिया से अलग-थलग पड़ा रह सकता था। ऐसा बौद्धिक चमत्कार वही कर सकता था, जिसने दुनिया के संविधानों को भारतीय संदर्भ में अपने सोच में जज्ब कर लिया हो। आंबेडकर के इस कहे को मिटाने की कोशिश वे लोग कर रहे हैं, जिन्हें संविधान का ककहरा व्यापारिक बहीखाता लगता है। आंबेडकर ने कभी इशारा तक नहीं किया था कि जम्हूरियत के कारवां को कभी लौटकर फिर इब्तदा करनी होगी। वे जानते थे जम्हूरियत का रास्ता वर्तुलाकार या गोल नहीं होता। वह आगे बढ़ता है। भारतीय लोकतंत्र को अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी, फ्रांस, कनाडा, आयरलैंड, स्विटजरलैंड और दक्षिण अफ्रीका आदि कई देशों के संविधान के साथ लोक मर्यादाओं को लेकर भी कदमताल करना होगा। विश्व संविधानों की समझ का बहस घर एक तरह का संयुक्त राष्ट्र संघ ही तो है। उनकी नजर, नीयत और भारत की नियति में कोई खोट नहीं थी। आज जो सत्ता में हैं, वे दूर दृष्टि से बाधित हैं। उनकी निकट दृष्टि कहती है हर प्रदेश में भी जल्द से जल्द सत्ता पर काबिज हो जाओ। आगे जो होगा देखा जाएगा। हालिया महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव भी होना है। उन चुनावों को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनावों के साथ जो शामिल नहीं कर सके। वे हिन्दुतान में एक साथ चुनाव कराने का दिन में ख्वाब देख रहे हैं।

समझना फिर जरूरी है। आंबेडकर ने दो टूक कहा था कि अमूमन सभी विधायिकाओं का कार्यकाल पांच वर्ष के लिए ही होगा। सिवाय इसके कि कोई उपचुनाव हो जाएं या पांच वर्ष के पहले विधायिका को भंग कर दिया जाए। आंबेडकर ने ऐसा कतई इशारा या कथन नहीं किया था कि केन्द्र सरकार चाहे तो किसी विधानसभा का कार्यकाल घटा, बढ़ा दें। चुनाव लोकतंत्र की आत्मा और मतदाता का मौलिक अधिकार हैं। संविधान के अनुच्छेद 324 से 329 तक चुनाव संबंधी प्रावधानों का ब्यौरा है। गवर्नमेन्ट आफ इंडिया एक्ट, 1935 और अन्य ब्रिटिश कानूनों के तहत चुनाव कराने का जिम्मा कार्यपालिका अर्थात सरकार पर होने से केवल मजाक होता था। इसलिए संविधान सभा में शुरू से आम राय उभरी कि वोट देना नागरिक का मूल अधिकार बनाएंगे। चुनाव के लिए स्वतंत्र मशीनरी की स्थापना भी करना होगा। विख्यात संविधानविद् जस्टिस वीआर कृष्ण अय्यर के अनुसार प्रजातंत्र का अर्थ ही चुनाव के प्रजातंत्र से है। संविधान एक अंतहीन बहस और लचीला हथियार है। उसकी संवेदना और गरिमा की घोषणाएं नागरिक संस्कारों की कहानी हैं।

प्रसंगवश

# समाजवादी राजनीति के पुरोधा धरतीपुत्र मुलायम

पुण्यतिथि

समाजवादी पुरोधा नेता जी के नाम से उत्तर प्रदेश में लोकप्रिय रहे मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि है। पांच दशकों तक समाजवादी धारा की राजनीति करते हुए मुलायम सिंह यादव एक जनाधार वाले नेता के रूप में स्थापित रहे। उनके प्रभावी सार्वजनिक/राजनैतिक जीवन के कारण ही मरणोपरांत उन्हें पद्म विभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।

भारतीय राजनीति के बदलते मूल्यों के दौर में मुलायम सिंह आजीवन खांटी भारतीय वेशभूषा कुर्ता-धोती पहनकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में देशी भाषा की लड़ाई का सवाल, भारत-पाक-बांग्लादेश महासंघ की वकालत, चीन की सीमा विस्तार नीति की निंदा, देश की अर्थव्यवस्था किसान केन्द्रित बनाए रखे जाने के पक्ष में मजबूत आवाज उठाते रहे। मुलायम सिंह यादव नेताजी के नाम से राजनीति में लोकप्रिय रहे। उन्होंने लोहिया की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाया। एक कुशल वक्ता के रूप में उन्होंने विधानसभा और लोकसभा में अपनी प्रबल उपस्थिति दर्ज कराते हुए जनता की समस्याओं की मजबूत लड़ाई लड़ी। सक्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में सदन में उन्होंने सदैव समाज के सभी वर्गों के हितों के लिए संघर्ष किया। इसी संघर्ष के फलस्वरुप वे तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा भारत सरकार में रक्षा मंत्री पद पर सुशोभित हुए। मुख्यमंत्री एवं रक्षामंत्री के रूप में उन्होंने कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य किए जिनके निर्णयों की सराहना आज भी होती है।

एक छोटे से गांव में जन्म लेकर यूपी जैसे विशाल प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने का सफर विषमताओं से भरा रहा, लेकिन चुनौतियों का सामना करते हुए कुशल नेतृत्व के रूप में उन्होंने स्वयं को स्थापित किया। मात्र 15 वर्ष की आयु में समाजवाद के शिखर पुरुष डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के आह्वान पर किसानों की समस्याओं को लेकर पहली बार जेल गए मुलायम सिंह यादव 1954 में चर्चा में आए, जिसके बाद 1967 में सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर पहली बार में ही उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य चुने गए और 1974 से 2007 तक 10 बार विधानसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। दो दशकों से अधिक की जमीनी राजनीति करते हुए मुलायम सिंह यादव ने लोहिया के समाजवादी सिद्धांत एवं चौधरी चरण सिंह की किसान हितैषी नीतियों को आधार बनाकर 5 नवंबर 1992 को लखनऊ में समाजवादी पार्टी की स्थापना किया। एक तरफ सदन में बुनियादी प्रश्नों पर समाजवादी दृष्टि के आधार पर बहसों को प्रभावित किया, वहीं दूसरी तरफ जनता की जरूरत पर सजग दृष्टि रखते रहे। अपने दायित्व को पूरा करने में उन्होंने कभी भी दलीय दायरों तथा जाति-धर्म की भाषा को स्वीकार नहीं किया।



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

आज जब राजनीति में व्यक्तिगत कटुता, आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है, सदन में असंसदीय भाषण का चलन जोरों पर है। बड़े-बुजुर्गों की उपेक्षा भी बेहिचक की जा रही है। ऐसे में राजनीति से जुड़े लोगों के लिए मुलायम सिंह यादव का राजनैतिक जीवन उदाहरण के रूप में देखा जा सकता है। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने दलीय राजनीति से परे जाकर अपने धुर राजनैतिक विरोधियों की मदद करने में पूरी उदारता दिखाई। संघर्ष के दिनों के साथियों का उन्होंने बड़ा ख्याल रखा। राजनैतिक सहयोगी और जीवन के अंतिम समय तक कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले छोटे लोहिया की स्मृति को संजोने के लिए लखनऊ में निर्मित जैव विविधता से परिपूर्ण जनेश्वर पार्क में उनकी आदमकद मूर्ति बनाने की प्रेरणा मुलायम सिंह की ही है। छोटे लोहिया के नाम से लोकप्रिय रहे जनेश्वर मिश्र को श्रद्धांजलि देने के इस अनूठे तरीके के राजनैतिक विरोधी भी कायल है।

जीवन के अंतिम समय में भी मुलायम सिंह यादव बेहद सक्रिय और राजनैतिक रूप से सचेत रहे। एक सामान्य ग्रामीण परिवार में जन्म लेकर देश के प्रथम पंक्ति के राजनीतिज्ञ बनने की उनकी यात्रा अनेक संघर्षों और जीवटता का प्रतीक है।

# हरियाणा में भाजपा के कुशल प्रबंधन की जीत



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

हरियाणा की राजनीति जटिल सामाजिक समीकरणों से भरी हुई है। अलग-अलग जातियों के प्रति भाजपा की अपील इस सफलता में महत्वपूर्ण रही है।

हरियाणा के नतीजों ने आज पूरे देश को हैरान कर दिया है और इसका कारण ये है कि हरियाणा के चुनावों को शुरुआत से ही कांग्रेस के पक्ष में माना जा रहा था। चुनावी एक्सपर्ट्स, राजनीतिक विश्लेषक, पत्रकार, मीडिया और यहां तक कि एग्जिट पोल भी इन चुनावों में बीजेपी की हार का अनुमान लगा रहे थे, लेकिन हरियाणा की जनता ने इन सबको एक्सपोज कर दिया और सारे एग्जिट पोल आज गलत साबित हो गए और बीजेपी ने तीसरी बार चुनाव जीतते हुए, पिछले दो विधानसभा चुनावों से भी अच्छा प्रदर्शन किया।

लोकसभा चुनावों की तरह बीजेपी ने इस बार अति आत्मविश्वास नहीं दिखाया, बल्कि बीजेपी हरियाणा में विनम्र बनी रही और उसके लाखों कार्यकर्ता दिन-रात चुपचाप जमीन पर काम करते रहे, जबकि बीजेपी की तुलना में इस बार कांग्रेस ज्यादा आक्रामक थी और अति आत्मविश्वास में थी। लोकसभा चुनावों के बाद से कांग्रेस और विपक्षी दल लगातार ये माहौल पैदा कर रहे थे कि अब प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता कम हो रही है और धीरे-धीरे बीजेपी ढलान की ओर जा रही है, लेकिन हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में बीजेपी के शानदार प्रदर्शन की वजह से ये माहौल रातों-रात बदल गया है। इस विधानसभा चुनाव में भाजपा 27 मौजूदा सीटें बचाने में कामयाब रही है तो 22 नई सीटें भी जीती हैं। इनमें से नौ नई सीटें जाटों के गढ़ से जीती हैं। इसी के साथ हरियाणा के 57 साल के इतिहास में भाजपा पहली पार्टी है, जो लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। हरियाणा चुनाव में भाजपा को 39.94 प्रतिशत, कांग्रेस को 39.09, आप को 1.79, जेजेपी को 0.90, आईएलडी को 4.14 प्रतिशत मिले हैं। साफ जाहिर है कि भाजपा और कांग्रेस के मतों में ज्यादा



का अंतर नहीं है, लेकिन सीटों में 11 का अंतर है। चुनाव के अंतिम मौके पर नायब सैनी को सीएम बनाना भी काम कर गया। दूसरी बात सैनी का सौम्य व्यक्तित्व भी काम कर गया। सैनी बड़बोले नहीं हैं। सैनी को समय बहुत कम मिला पर, उन्होंने ओबीसी अधिकारों के लिए कई कानून बनाए। कई ऐसी योजनाएं बनाईं जो सीधे आम जनता को फायदा पहुंचाने वाली हैं। ओबीसी वोटों का ध्रुवीकरण भी कराने में भी सैनी को सफलता मिली।

हरियाणा की राजनीति जटिल सामाजिक समीकरणों से भरी हुई है। अलग-अलग जातियों के प्रति भाजपा की अपील इस सफलता में महत्वपूर्ण रही है। पार्टी ने रणनीतिक रूप से गठबंधन बनाने और विभिन्न समुदायों के साथ जुड़ने का प्रयास किया है, जिससे एक व्यापक समर्थन आधार तैयार हुआ है। भाजपा की जीत का एक प्रमुख कारण प्रभावी स्थानीय लीडरशिप है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वोटर्स से जुड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका शासन शैली, स्थानीय मुद्दों और विकास पर केंद्रित, वोटर्स के साथ गूंज उठी। साथ ही भाजपा की बूथ मैनेजमेंट रणनीति अत्यंत प्रभावशाली साबित हुई। पार्टी ने अपने वर्कर्स को मतदाता टर्नआउट सुनिश्चित करने के लिए संगठित किया। खास करेक, उन क्षेत्रों और जनसांख्यिकी पर ध्यान केंद्रित किया, जहां उनकी उपस्थिति को मजबूत करने की आवश्यकता थी। यह सावधानीपूर्वक योजना पार्टी की चुनावी सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली रही। राष्ट्रीय स्तर पर शुरू की गई कल्याणकारी योजनाएं और अवसंरचना परियोजनाएं हरियाणा में प्रभावी ढंग से संप्रेषित की गईं, जिससे पार्टी की छवि को मजबूती मिली। हरियाणा की जीत बीजेपी के लिए आने वाले चुनावों में एक शुभ संकेत जैसा भी है, जिसकी शुरुआत महाराष्ट्र से होगी। हरियाणा ने बीजेपी को 2024 लोकसभा चुनावों के दौरान देखी गई गिरावट को उलटने का पहला वास्तविक मौका दिया है। यहां जीत से महाराष्ट्र, झारखंड और अंततः दिल्ली में बेहतर प्रदर्शन की नींव रखी जा सकती है। हरियाणा में हैट्रिक लगातार भाजपा के हौसले आने वाले आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर बुलंद हैं। अगला विधानसभा चुनाव महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में होना है, ऐसे में हरियाणा में पार्टी की जीत के कई मायने हैं। हरियाणा में भाजपा की जीत केवल एक चुनावी जीत नहीं है, यह प्रभावी लोकल लीडरशिप, मजबूत बूथ मैनेजमेंट और सेंट्रल लीडरशिप के रणनीतिक प्रभाव का एक मिश्रण है। यह जीत पार्टी के लिए आगामी चुनावी चुनौतियों के लिए आत्मविश्वास बढ़ाती है।

सोशल फोरम

# लोकतंत्र में धनबल का प्रयोग

यह कैसी ग्राम सभा है, जहां नीलामी से सरपंच बना जाता हो। ग्राम सभा लोकतंत्र या स्वराज की बुनियाद है। स्थानीय ग्रामीण एवं शहरी निकायों की नींव पर ही लोकशाही के प्रासाद के अधिष्ठान की परिकल्पना की गई है। वह नींव जितनी ही पुख्ता, कारगर या ठोस रहेगी, लोकतंत्र की बृहत्तर होती जाती इकाइयां मंज़िल-दर-मंजिल यानी क्रमिक रूपेण उसके ऊपर उठती जाएंगी।



कृष्णस्वरूप आनन्दी
सेवानिवृत्त शिक्षक, प्रयागराज

पंजाब से एक निराशजनक समाचार सुनने को मिला है। गुरुदासपुर जनपद के हरदोवाल कलां ग्राम-सभा में सरपंच-पद के लिए नीलामी का आयोजन किया गया। स्थानीय ग्रामीणजनों ने यह तय किया है कि उस व्यक्ति को सरपंच पद के लिए चुना जाएगा, जो ग्राम सभा के विकास के लिए अधिकतम धनराशि देगा। लोगों की मतिभ्रष्टता या विपरीतबुद्धि को क्या कहा जाए? अब तो लगता है कि पूरे कुएं में ही भांग पड़ गई है।

गांव में सरपंच पद के लिए नीलामी आयोजित की गई। नीलामी की बोली 50 लाख रुपये से शुरू हुई। एक स्थानीय नेता ने 2 करोड़ रुपये की बोली लगाई। बठिंडा के गहरी बुट्टर गांव में सरपंच पद के लिए इसी तरह की नीलामी हुई थी। उल्लेखनीय है कि पंजाब में जल्द ही ग्राम पंचायत चुनाव होने हैं।

चुनावों में धनबल निर्णायक होता जा रहा है। चुनाव दलों के जरिए लड़े जाते हैं। दलीय उम्मीदवार भी अक्सर मोटी रकम का भुगतान करके ही टिकट खरीदते देखे जाते हैं। दलों की कॉरपोरेट-फंडिंग हो रही है। बड़े धन-कुबेर और कंपनी बहादुर अधिकांश चुनावबाज़ नेताओं और राजनीतिक दलों की नकेल थामते से नजर आ रहे हैं।

स्थानीय निकायों से लेकर केन्द्र या शीर्ष तक हुक्मरान अमूमन बड़े धनपशुओं से ही पोषण पा रहे हैं। भगवान वह दिन न दिखाए, जब जन-प्रतिनिधि सीधे तौर पर देशी-विदेशी यानी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के द्वारा नामित या प्रायोजित किए जाते हों। हम भारत के लोग इस संकल्प के साथ सतत आगे बढ़ते रहें कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे को स्वदेशीपरक, स्वराजोन्मुख, स्वतः स्फूर्त, उत्तरदायी-संवेदनशील तथा सार्थक प्रभावी बनाना है।

-फेसबुक वॉल से

# सकारात्मक दृष्टिकोण से सुदृढ़ होगा मानसिक स्वास्थ्य

हाल ही में एक कोचिंग इंस्टिट्यूट में अध्ययनरत छात्र ने एक छात्रा के बात न करने के कारण आत्महत्या कर ली। वहीं कोटा तथा अन्य शहरों में पढ़ाई के अत्यधिक दबाव या अन्य कारणों के चलते इस प्रकार की घटनाएं सामने आती रहती हैं। ध्यान देने योग्य बात यह है कि आत्महत्या करने वाला व्यक्ति सांकेतिक रूप से ऐसा प्रकट अवश्य करता है, परंतु बहुत बार इसे ड्रामा या नाटक का नाम दे दिया जाता है। यदि इन संकेतों को गंभीरता से लिया जाए तथा वक्त रहते उनके व्यवहार के पीछे के कारणों का पता लगा लिया जाए तो बहुत से लोगों को उनकी जीवनलीला समाप्त होने से बचाया जा सकता है।

अक्सर विषादग्रस्त व्यक्ति को पहली नजर में देखकर ये अंदाजा लगा पाना मुश्किल होता है कि वो डिप्रेशन से पीड़ित है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अवसाद की परिभाषा भी थोड़ी बदल गई है। ऐसे व्यक्ति हमेशा शांत या गंभीर रहें ये आवश्यक नहीं है। अपने चेहरे पर खिलखिलाती मुस्कान रखने वाले और खुशियां बिखेरने वाले व्यक्ति भी दुःखी और निराश हो सकते हैं। मनोवैज्ञानिक भाषा में कहें तो ये मुस्कुराहट उस डिफेंस मैकेनिज्म की तरह काम करती है, जिसके पीछे वो अपने दुखों को छिपाने की कोशिश करते रहते हैं, जिन्हें हम जिंदगी में खुश और संतुष्ट समझने की भूलकर बैठते हैं। अक्सर ऐसे ही व्यक्ति डिप्रेशन से पीड़ित होते हैं, पर अब प्रश्न ये उठता है कि ऐसा क्यों है?

ऐसे व्यक्ति कई बार सबके साथ हंसते बोलते तो देखे जाते हैं, लेकिन वो अपने मन की बातें किसी के साथ शेयर नहीं कर पाते। वो लोगों पर जल्दी विश्वास नहीं कर पाते और ऐसे में वो डरते हैं कि लोग उन्हें क्रिटिसाइज करेंगें या मजाक बनाएंगे। उनका यही विश्वास और भी दृढ़ होता चला जाता है, जिससे वो अपनी समस्या किसी से शेयर नहीं कर पाते और मन ही मन घुटते रहते हैं। ऐसे में टॉकिंग थेरेपी डिप्रेस्ड व्यक्ति के जीवन को निराशा के अंधेरे से बाहर लाने में सहायता कर सकती है। ये उनके विचार और भावों की अभिव्यक्ति का माध्यम बनती है। याद रखें कि हताश और विषादी व्यक्ति चाहता है कि उसे कोई सुनें, जिससे उसकी आधी तकलीफ पहले ही कम हो सकती है। ऐसे व्यक्ति की मनोदशा को समझने का प्रयास किया जाना चाहिए। विषादी व्यक्ति को संवेदनशीलता, प्यार, सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार और सकारात्मक बातचीत करके ये भरोसा दिलाने की जरूरत होती है कि वो अकेले नहीं हैं। हमें ध्यान रखना चाहिए कि जैसे सागर की गहराई को केवल उसके सतह के आधार पर नहीं मापा जा सकता, उसकी गहराई में उतरना पड़ता है, वैसे ही किसी व्यक्ति के बाहरी व्यक्तित्व के आधार पर ये नहीं जाना जा सकता कि वे विषादग्रस्त है या नहीं। ये जानने के लिए उसके आतंरिक आत्म (इनर सेल्फ) को जानना भी आवश्यक होता है।



डॉ. तान्या दीक्षित
मनोवैज्ञानिक, लखनऊ

उन्हें सिर्फ ये यकीन दिलाने की दरकार होती है कि धैर्य और हिम्मत से हर समस्या का समाधान संभव है, जो मेंटल सपोर्ट और पॉजिटिविटी की पिल्स के द्वारा संभव है। विषादग्रस्त व्यक्ति को कभी भी अकेले नहीं छोड़ना चाहिए। साथ ही कोशिश ये भी करनी चाहिए कि चाकू, शीशे के सामान, पिस्टल, गन, ब्लेड जैसे सामान उस इंसान की पहुंच से बाहर रहें। उन्हें ये एहसास दिलाने की जरूरत होती है कि वे उनके अपनों के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। साथ ही नेवर गिव अप सिद्धांत को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना होगा, जिससे वो अपने नकारात्मक आज को महज एक अतीत की तरह भुलाकर सकारात्मक दृष्टिकोण से एक सुनहरे कल में प्रवेश कर सकें।

# मिलावट का दौर

व्रत-त्योहारों का समय हर बार मिलावट के लिए चर्चा का विषय बना रहता है। तिरुपति के प्रसादम में मिलावट के बाद ऐसा लगता है आम खाने-पीने के समान, मिठाइयों और नमकीन में कुछ भी शुद्ध नहीं बचा है, पनीर, घी तेल, मावे, बेसन और कुटू के आटे से बनाई चीजों के खाने से लोगों के बीमार होने की खबरे लगातार प्रकाशित हो रही हैं।

स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी की हालिया रिसर्च के अनुसार देश के 17 शहरों से लिए गए फूड सैंपल बड़ी मात्रा में मेटल पाया गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा हाल ही में एनसीआर में की गई छापेमारी में नोएडा में नकली घी और पनीर पकड़ा गया, जो दूध हम लोग पी रहे हैं, उसके बारे में भी नहीं पता कि वो दूध है भी या केमिकल पिलाया जा रहा है। व्यवसाय करने वाले खुद बताते हैं कि त्योहारी सीजन में जितने दूध-घी, पनीर और मावे की मांग होती है, उतनी सप्लाई वास्तव में संभव नहीं है। जो मिलावटी सामान हमारे स्वास्थ्य को खराब कर रहा है, उसके इलाज के लिए दी जाने वाली दवाएं भी नकली पाई गई हैं। हाल में गाजियाबाद के पास पिलखुवा में बिना लाइसेंस के चल रही दवाई फैक्ट्री में 25 लाख की दवाइयां पकड़ी गई हैं, जिन्हें नामचीन दवाइयों के रैपर में बेचा जा रहा था।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

ऐसे में जरूरत इस बात की है कि जनहित को ध्यान में रखकर मिलावट के खिलाफ एक बड़ी मुहिम चलाई जानी चाहिए। अन्यथा मिलावटखोर और मुनाफाखोर आम आदमी के साथ धोखा करते ही रहेंगे। इसके लिए हर लेवल पर जन सतर्कता ग्रुप बनाए जा सकते हैं, जो समय-समय पर कुछ दुकानों से नमूने ले सकें और सरकार को भी मिलावट के खिलाफ अभियान तेज करने और कड़े कानून बनाने की आवश्यकता है।

## एक नजर

### आभूषण डकैती: आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बहुचर्चित आभूषण डकैती कांड में जेल में बंद चार आरोपियों की न्यायिक हिरासत 15 अक्टूबर तक सीजेएम ने बढ़ा दी है। बुधवार को आरोपी विनय शुक्ल, अरविंद यादव, विवेक सिंह और दुर्गेश प्रताप सिंह की जरिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग सीजेएम नवनीत सिंह ने हाजिरी दर्ज की तथा न्यायिक हिरासत अब 15 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। गौरतलब है कि चारों आरोपी जिला कारागार सुलतानपुर में निरुद्ध हैं।

### चर्चित अशफाक अहमद हत्याकांड में बहस जारी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जगदीशपुर कस्बे में छह साल पूर्व दिन दहाड़े हुई अशफाक अहमद की हत्या के मामले में बुधवार को भी बचाव पक्ष की बहस जारी रही। बहस पूरी न होने के कारण जिला जज की अदालत ने शेष बहस के लिए गुरुवार की तारीख मुकर्रर की है। अमेठी के जगदीशपुर कस्बे विजया बैंक के सामने 30 जनवरी 2018 को बम व गोली मारकर अशफाक की हत्या कर दी गई थी। घटना में कई लोग घायल हुए थे। हत्याकांड में जगदीशपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश विक्रम व सतई सहित कई आरोपी हैं।सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद दिन प्रतिदिन मामले की सुनवाई चल रही है।

### करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**बल्दीराय, सुलतानपुर अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के सफलेपुर मौजा दरियापुर निवासी पंचम यादव 60 वर्ष बुधवार की सुबह समरसेबल में प्रवाहित विद्युत करंट की चपेट में आ झुलस गये। गंभीर हालत में परिजन सीएचसी लेकर गए जहां मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# मानहानि के केस में परिवादी ने राहुल गांधी के खिलाफ दी गवाही

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में बुधवार को परिवादी विजय मिश्र का साक्ष्य विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दर्ज किया गया। वही बचाव पक्ष ने जिरह की।

परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने परिवादी से शेष जिरह के लिए कोर्ट ने 17 अक्टूबर की तारीख नियत की है। बेंगलुरु में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन



बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसको लेकर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने 04 अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिसमें राहुल गांधी की जमानत व बयान दर्ज हो चुका है। परिवादी से जिरह की कार्रवाई में मामले की सुनवाई नियत की गई है।

### हत्या के मामले में आरोपी की जमानत खारिज

कूरेभार थाना क्षेत्र के मुजेश में बीते माह राजेश जायसवाल की हत्या के मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी जुनैद वेग की जमानत अर्जी जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय ने खारिज कर दी। अभियोजन के मुताबिक जुनैद वेग सहित अन्य अभियुक्तों पर आरोप था कि उन्होंने वादिनी के पुत्र राजेश जायसवाल से 9.34 लाख रुपये की धोखाधड़ी की तथा मांगने पर बीती 23 अगस्त को गोली मारकर हत्या कर दी। मामले में आरोपी शादाब वेग और प्रियांशु दूबे ने वादिनी के पुत्र से व्यापार के नाम पर रुपये लिए थे, लेकिन न तो गेहूं दिया और न ही रुपये वापस किए। जब राजेश ने अपनी रकम वापस मांगी, तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के दिन आरोपियों ने राजेश को चन्द्रिका माता मंदिर के पास ले जाकर गोली मार दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में राजेश के सिर पर गोली लगने से मौत की पुष्टि की गई। आरोपियों के खिलाफ हत्या, धोखाधड़ी, और आपराधिक साजिश के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### पूर्व विधायक संतोष पांडेय के केस में दरोगा की हुई गवाही

**संवाददाता, सुलतानपुर :** लंभुआ के पूर्व विधायक संतोष पांडेय सहित 12 के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी/एमएलए मजिस्ट्रेट की विशेष न्यायालय में बुधवार को दोस्तपुर थाने में तैनात अभियोजन गवाह दरोगा आनंद गौतम से बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने जिरह की। कोर्ट ने शेष अभियोजन साक्ष्य के लिए 23 अक्टूबर की तारीख नियत की है। विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय ने बताया लंभुआ पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय व सह आरोपितों पर फरवरी 2022 में दो एफआईआर लंभुआ व कोतवाली देहात थाने में लिखाई गई थी। विधानसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे बीडीओ संदीप सिंह ने आरोप लगाया है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक ने समर्थकों के साथ विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर बिना प्रशासन की अनुमति के जनसभा की। जिससे आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोरोना महामारी के नियमों का उल्लंघन हुआ ।

### कोर्ट ने हत्या के आरोपी की जमानत की खारिज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के पयागीपुर में स्थित एक ढाबे के पास बीते माह अभय सिंह की गोली मारकर हत्या करने के मामले में आरोपी मुकेश यादव की जमानत जिला जज जय प्रकाश पांडेय ने आरोपों को गंभीर पाते हुए बुधवार को खारिज कर दी। वादी पक्ष के वकील दीपांशु निगम के अनुसार जेल में निरुद्ध आरोपी पर बीती 3 सितंबर को पयागीपुर चौराहे पर अपने साथियों के साथ अभय प्रताप सिंह की हत्या का आरोप है। घटना के दौरान मुकेश यादव ने मृतक पर गोली चलाई थी जो मिस हो गई थी, बाद में उसके साथी ने गोली मारकर हत्या कर दी। अदालत ने मामले को गंभीर पाए जाने पर आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया।

# असरखपुर में युवक की गोली मारकर हत्या

## ज़मीनी विवाद और प्रधानी चुनाव की रंजिश की बात आई सामने, घात लगाकर बैठे बदमाशों ने किया फायर

बल्दीराय, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले में मनबढ़ अपराधियों ने 12 घंटे के अंदर दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी है। मंगलवार की रात में जहां दोस्तपुर थाने के गोशैंसिंहपुर में अंडा व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी, वहीं बुधवार भोर को बल्दीराय थाने के असरखपुर गांव में शौच को गए एक युवक को बखौफ बदमाशों ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस के उच्चाधिकारी घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए जांच पड़ताल तेज कर दी है।

घटना बल्दीराय थानाक्षेत्र के असरखपुर गांव की है। गांव निवासी इच्छानाथ यादव (30) पुत्र जगत बहादुर यादव रोज की तरह सुबह उठकर घर से बाहर शौच के लिए गया था। बताया जा रहा है कि युवक जिस स्थान पर शौच के लिए जाकर बैठा था वहां पहले से अज्ञात बदमाश घात लगाकर बैठे थे। मौका पाते ही बदमाशों ने युवक पर निशाना लगाकर गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर परिजन जब तक मौके पर पहुंचते बदमाश फरार हो गए थे। स्थानीय लोगों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। परिवार की महिलाएं भी मौके पर पहुंची और युवक को मृत अवस्था में देख सभी चीखने चिल्लाने और रोने पीटने लगी। ग्रामीणों ने सूचना



घटनास्थल पर रोती-बिलखतीं महिलाएं व इनसेट में इच्छानाथ की फाइल फोटो।

थाने पर दी। जिस पर थानाध्यक्ष आरबी सुमन दल-बल के साथ पहुंचे। वहीं, एसओ से सूचना मिलते ही सीओ बल्दीराय सौरभ सावंत और अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे हैं। दोनों अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम किया गया है। शुरुआती जांच में प्रधानी के चुनाव की रंजिश की बात सामने आ रही है, हम जांच कर रहे हैं। जल्द ही बदमाश गिरफ्तार किए जाएंगे।

### बहनोई की हत्या में गवाह भी थे इच्छानाथ

मृतक के चचेरे भाई शिवपूजन की ओर से दी गई नामजद तहरीर में राकेश यादव, अमरजीत, अनिल कुमार निवासी महमूदपुर व अर्जुन यादव, राम अचल निवासी जोहगीर थाना बल्दीराय पर हत्या का आरोप लगाया है। शिवपूजन का आरोप है कि मेरे चचेरे भाई की जमीन व चुनाव की रंजिश आरोपियों से चल रही थी। राकेश व अमरजीत ने मृतक इच्छानाथ के बहनोई सुरेश की हत्या कर दिया था। उसी केस में इच्छानाथ गवाह था। इसी कारण आरोपियों ने उसकी हत्या कर दी।

# किशोरी के अपहरण के दोषी को पांच साल की कैद

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अदालत से**

▸▸ कोर्ट ने 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

**अमृत विचारः** कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के एक गांव में दो साल पूर्व 16 वर्षीय किशोरी के अपहरण के दोषी विशाल कनौजिया उर्फ रवि को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को पांच साल कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर 10 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने पीड़िता के क्षतिपूर्ति के लिए अर्थदंड की आधी धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी दिया है।

एडीजीसी रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक 26 फरवरी 2022 की रात आरोपी ने किशोरी का अपहरण कर दिल्ली में अपने मामा राजकुमार के घर ले गया था। घर से गायब होने पर किशोरी के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गए गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर को कोर्ट ने आरोपी विशाल कनौजिया को पांच साल की जेल की सजा सुनाकर करने की सजा भुगतने के लिए जेल भेज दिया। जबकि, उसके मामा राजकुमार को बरी कर दिया।

# दरवाजे पर ही मारी गई अंडा व्यापारी को गोली, भाजपा नेता समेत 4 नामजद

प्रागीश त्रिपाठी , दोस्तपुर, सुलतानपुर

▸▸ तीन बाइक व एक चार पहिया वाहन से पहुंचे थे विपक्षी

**अमृत विचारः** दोनों पक्षों के बीच तीन माह से चल रहे वर्चस्व की लड़ाई में आखिरकार अंडा व्यापारी की जान चली गई। सरहंग आरोपियों ने व्यापारी के दरवाजे पर पहुंचकर गोली मार दी। परिजनों की माने तो तीन बाइक व एक कार से पहुंचे बदमाशों की संख्या दर्जनभर से अधिक थी। मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने भाजपा नेता समेत चार नामजद व अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

मंगलवार की रात दोस्तपुर थाने के गोशैसिंहपुर बाजार में व्यापारी संतराम अग्रहरि को बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी थी। उन्होंने देर रात लखनऊ में दम तोड़ दिया। बुधवार की देर शाम मृतक का शव घर पहुंचा तो चित्कार मच गया।

### दो मुख्य आरोपी समेत चार हिरासत में

अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि संतराम अग्रहरि हत्याकांड में परिजनों की तहरीर पर चार नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध थाना दोस्तपुर में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इनकी गिरफ्तारी के लिए 4 पुलिस टीमें लगाई गई है। दो मुख्य आरोपी राज वर्मा और सौरभ वर्मा समेत इनके 2



संतराम अग्रहरि की फाइल फोटो।

अन्य साथियों को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है।

### मोतिगरपुर पुलिस करती कार्रवाई तो बच सकती थी जान

मृतक के पुत्र हिमांशु ने बताया कि उनके पिता चार भाई और एक बहन हैं। वो भाइयों में सबसे छोटे हैं। मेरा भाई सचिन एक इंटर कॉलेज का छात्र है। उसे आरोपियों ने पीटा था। मोतिगरपुर थाने में मुकदमा भी दर्ज हुआ था, लेकिन अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई। सभी आरोपियों को भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय भाजपा उपाध्यक्ष अर्जुन पटेल संरक्षण देता है।

### बीते सोमवार को हुआ था विवाद नहीं लिखा गया मुकदमा

उसने ये भी बताया कि सोमवार को मेरा भाई राजेश सब्जी लेकर कालीगंज में बेचने गया था। शाम 6 बजे इन्हीं आरोपियों ने उसे मारा पीटा। हम लोग तहरीर लेकर दोस्तपुर थाने गए लेकिन थानाध्यक्ष ने एफआईआर नहीं लिखा। कहा मोतिगरपुर थाने जाओ। हम लोग वहां जा रहे थे तो रास्ते में आरोपी घात लगाकर बैठे थे तो हम सब वापस लौट आए।

### एसओ मोतिगरपुर निलंबित

एसपी सोमेन बर्मा ने मामले में लापरवाही बरतने पर मोतिगरपुर थानाध्यक्ष तरुण पटेल को सस्पेंड कर दिया। दरअसल व्यापारी संतराम ने मोतिगरपुर थाने में अगस्त में एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोपियों ने उनके बेटे की पिटाई की थी, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई।

### चार नामजद और अज्ञात पर हत्या का केस

संतराम हत्याकांड में मृतक के पुत्र हिमांशु अग्रहरि की तहरीर पर दोस्तपुर पुलिस ने केस दर्ज किया है। बताया गया कि संतराम अंडा की दुकान से घर जा रहे थे। सुजीत सोनी की दुकान के पास विपक्षी राज वर्मा, प्रदीप वर्मा निवासी खेमपुर मोतिगरपुर और सौरभ वर्मा निवासी बिभारपुर मोतिगरपुर, भाजपा नेता अर्जुन पटेल व अन्य ने पुरानी रंजिश में मेरे पिता पर अवैध असलहे से फायर किया। मेरे भाई उन्हें लेकर अस्पताल गए। मैंने और विकास अग्रहरि पुत्र रामचंद्र व कल्लू अग्रहरि ने घटना को स्वयं देखा है। तीन आरोपी अपने अन्य अज्ञात साथियों के साथ कार और बाइक से मोतिगरपुर की तरफ भाग गए। भाजपा के जिला प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि अर्जुन पटेल भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व कूरेभार मंडल प्रभारी है। हालांकि, मृतक का भतीजा राज बता रहा है कि दरवाजे पर ही उसके चाचा संतराम को आरोपियों ने गोली मारी थी।

## सार-संक्षेप



पालिकाध्यक्ष के नेतृत्व में मेला नियंत्रण कक्ष का किया गया उद्घाटन।

### दुर्गापूजा मेले के लिए मेला नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद द्वारा दशहरा व दुर्गा पूजा मेले के सफल आयोजन के लिए शाहगंज पुलिस चौकी के निकट मेला नियंत्रण कक्ष का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ला ने इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल और कई अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मेला नियंत्रण कक्ष में सफाई, पेयजल, मार्ग प्रकाश और अन्य सेवाओं के लिए अधिकारियों की तैनाती की गई है, जो शिकायतों का त्वरित निस्तारण करेंगे। प्रशासन ने आम जनता से सौहार्दपूर्ण सहयोग की अपील की है।

### डासना मंदिर के महंत की सुरक्षा बढ़ाने की मांग

▸▸ परशुराम चौक के पदाधिकारियों ने सीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सनातन धर्म के रक्षक गाजियाबाद स्थित डासना मंदिर के महंत की सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग को लेकर परशुराम युवा वाहिनी के पदाधिकारी डीएम से मिल मांग पत्र सौंपा। बुधवार को परशुराम युवा वाहिनी राजि परशुराम चौक के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना से मिले।पदाधिकारियों की मांग थी कि पत्रकारों की सुरक्षा के साथ सनातन धर्म के रक्षक गाजियाबाद स्थित डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाय। सीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। इस मौके पर अतुल मिश्रा, अनुराग उपाध्याय, बजरंग दल, एडवोकेट वेदांग तिवारी, जितेंद्र मिश्रा, एडवोकेट शिवा पांडेय, एडवोकेट हैप्पी दुबे, एडवोकेट संदीप मिश्रा,मनोज दुबे, जितेंद्र मिश्रा व बिमलेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

### मूर्ति विसर्जन स्थल की कमियां दूर करने का निर्देश

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले की ऐतिहासिक दुर्गापूजा महोत्सव को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अमला एलर्ट मोड़ में है।बुधवार को एसडीएम जयसिंहपुर संतोष कुमार ओझा व सीओ रमेश ने दियरा स्थित गोमती तट पर मूर्ति विसर्जन के कुंड का निरीक्षण किया है। घाट पर विसर्जन को लेकर प्रशासन ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। एसडीएम व सीओ ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए एडीओ पंचायत अरविंद प्रकाश श्रीवास्तव को विसर्जन स्थल के आसपास साफ सफाई के लिए निर्देशित किया। वही ग्राम प्रधान से गोताखोरों के व्यवस्था के लिए भी कहा। एसडीएम ने बताया कि लंभुआ पीढ़ी मार्ग से दियरा घाट (विसर्जन स्थल) को जाने वाली करीब चार सौ मीटर क्षतिग्रस्त मार्ग को मरम्मत के लिए निर्देशित किया। वही विसर्जन के लिए बनाए गए कुंड में पानी अधिक होने के चलते बल्ली लगाने के लिए निर्देशित किया। वही विधुत महकमे से खराब पड़ी लाइटों को भी ठीक करने के लिए कहा।

# शिकायत की जांच करने गांव पहुंचे कृषि अधिकारी

**मोतिगरपुर , सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिला कृषि अधिकारी सदानंद चौधरी मोतिगरपुर विकास खंड के पारस पट्टी गांव में शिकायतों की जांच करने पहुंचे। गांव के ही संतोष सिंह व चंद्रेश कुमार ने जुलाई माह में डीएम सुलतानपुर से गांव में कराए गए विकास कार्यों में अनियमितता की शिकायत की थी।

आरोप था कि गांव में कई जाब कार्ड फर्जी तरीके से बनाए गए हैं जिनका भुगतान बिना कार्य के ही होता है। दिनऊ का पूरा में चक मार्ग पर मिट्टी का कार्य जेसीबी से कराकर फर्जी जॉब कार्ड पर भुगतान कराया गया। वहीं गांव के धधुआ में चकमार्ग पर जेसीबी से कार्य कराने की शिकायतकर्ता ने शिकायत की थी। यही नहीं, गांव में भारत मौर्य के घर से सुबोध के घर तक इंटर लॉकिंग से पहले खड़ंजे के पुराने ईंट उठा ले जाने का आरोप शिकायतकर्ता ने किया है। शिकायतकर्ता ने गांव में कराए गए नाली निर्माण के कार्य में अनियमितता व कई हैंडपंप के फर्जी रिबोर का भी आरोप अपने शिकायती पत्र में लगाया था। जिला कृषि अधिकारी सदानंद चौधरी ने बताया कि मामले की जांच की गई है रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जायेगी।

# सीएमओ के निरीक्षण में मिलीं कमियां

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** सीएमओ ने सीएचसी कुड़वार और दूबेपुर का औचक निरीक्षण किया।जहां कुछ कमियां देख उन्होंने सभी को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। चिकित्सकों को बाहर से दवा न लिखने की हिदायत दी। बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ओपी चौधरी ने कुड़वार सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी कक्ष,पैथालॉजी, रजिस्टर,दवा कक्ष की जांच की। सीएमओ ने प्रधानमंत्री सुरक्षा अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की हो रही जांच की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य अधीक्षक डा.वेदान्त से साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

# शाम को निकले युवक का सुबह मिला शव

गोसाईगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बुधवार की सुबह ग्रामीणों को तालाब पर संदिग्ध परिस्थितियों में एक शव पड़ा दिखा तो ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के खरसोमा निवासी ई रिक्शा चालक श्याम लाल (40) पुत्र रामदेव मंगलवार की शाम घर से निकला था। देर रात तक परिजन उसका इंतजार करते रहे बुधवार की सुबह गांव के बगल अमृत सरोवर पर संदिग्ध परिस्थितियों में शव ग्रामीणों को दिखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कहीं साजिश का शिकार तो नहीं हुआ श्याम लाल

ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक ई रिक्शा चालक श्याम लाल किसी भी प्रकार का नशा नहीं करता था। साथ ही उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। मंगलवार की शाम जब वह ई रिक्शा चला घर पहुंचा तो परिजनों से कहा कि अभी थोड़ी देर बाद लौट रहे हैं लेकिन सुबह उसका शव मिला। जो किसी साजिश की तरफ इशारा कर रहा है। फिलहाल उसकी मौत क्यों और कैसे हुई पीएम रिपोर्ट व पुलिस विवेचना के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा।



रोते-बिलखते परिजन व इनसेट में श्याम लाल की फाइल फोटो।

● सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा

**धर्म-कर्म**

पांडेय बाबा धाम पर चढ़ाया जाता है कौड़ी, धान व पूड़ी, यहां तीन दिनों तक चलता है विशाल मेला, कई जिलों से पहुंचते हैं लोग, सजने लगा मेला, लकड़ी के कारोबारी पहुंचे, लग रहे झूले

# आस्था के केंद्र बने पांडेय बाबा धाम पर पूरी होती है मनौती

आशीष पांडेय, मोतिगरपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर मोतिगरपुर क्षेत्र में स्थित पांडे बाबा धाम लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। यहां विजयदशमी को तीन दिवसीय मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जमावड़ा होता है। हालांकि मेला तीन दिनों का होता है, लेकिन यहां की गतिविधियां करीब तीन सप्ताह से भी अधिक समय तक चलती हैं। मेले में भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से हाईवे का रूट भी डायवर्ट करना पड़ता है। श्रद्धालु यहां कौड़ी, कड़ाही, नवधा चढ़ाकर मनौती मानते हैं और प्रसाद ले जाते हैं।

मेले में आसपास के जनपदों के दुकानदार करीब 15 दिन पहले ही दुकान सजाने का काम शुरू कर देते हैं। यहां पर जिले के अलावा अम्बेडकरनगर, जौनपुर, कानपुर, रायबरेली आदि जिले से व्यापारियों का आना शुरू हो गया है। मेले प्रमुख रूप से गट्टा, गुड़ की जलेबी, चाट का स्वाद लेना लोग नहीं भूलते। यहां पर लकड़ी के सामानों की बड़ी बाजार लगती है। इसके लिए लोगों ने अभी से भूमि आरक्षित करानी शुरू कर दी है। लकड़ी के सामान बनाने के



मोतिगरपुर का ऐतिहासिक पांडेय बाबा धाम का चौरा। अमृत विचार

लिए यहां पर लोग आरामशीन तक लगा लेते हैं। पहले से बनाए गए सामानों के अलावा अपनी सुविधानुसार लोग आर्डर देकर भी सामान बनवाते हैं।

ऐसी मान्यता है कि जय धरमंगल पांडेय बाबा के नाम से मशहूर पांडे बाबा धाम में लोग अपने पशुओं और परिजनों के बेहतर जीवन, लंबी आयु और स्वास्थ्य के लिए पांडे बाबा के दरबार में आकर पूजन-अर्चन करते हैं। यहां मेला तो विजयदशमी के दिन लगता है, लेकिन भक्तों की भीड़ और मनौतियां मानने वालों की भीड़ पूरे साल भर रहती है।

### नीम की हरियाली से गुलजार पांडेयबाबा बाजार

बाजार में सड़क के दोनों तरफ मौजूद है लगभग 250 से अधिक नीम के पेड़। राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़ने वाले इस बाजार में कुल करीब 500 वृक्ष बाजार को हरा भरा बनाए हैं। जिसमें ढाई से अधिक को सिर्फ नीम के वृक्ष है, जो बाजार को हरा भरा करने के साथ ही वातावरण को शुद्ध करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। धार्मिक स्थल होने की वजह से दूर-दराज से प्रतिदिन लोग इस बाजार में आते हैं। बाजार की हरियाली को देखकर दूर-दराज से आने वाले लोग गुणगान करने से नहीं चूकते। यहां तक की कुछ लोग इस बाजार को निमियावां चौराहा तक की संज्ञा देते हैं गर्मी में राहगीर इन वृक्षों के नीचे शीतलता पाते हैं, तब राहगीर इन वृक्षों का गुणगान करने से नहीं थकते।

### गैर जनपदों के व्यवसाइयों ने सजाईं अपनी दुकानें

पांडेयबाबा धाम पौराणिक स्थल के साथ ही कई मामले में ऐतिहासिक है। जहां सैकड़ों वर्ष पूर्व है यह स्थान तपस्वी धरमंगल पांडेय की तपस्या स्थली के चलते पौराणिक हुआ है वही विजयदशमी के दिन लगने वाले भारी भरकम मेले में लाखों श्रद्धालुओं के साथ ही कई पीढियो से अन्य जनपद के व्यापारी लगाते हैं दुकान।

### यह है पाण्डेय बाबा धाम का इतिहास

बढ़ौनाडीह गांव में लगभग साढ़े तीन सौ वर्ष पहले ब्राह्मण परिवार में धरमंगल पांडेय का जन्म हुआ था। अल्प आयु में ही उनका मन वैराग्य में रम गया। वे गांव में स्थित जंगल में पूजा पाठ में लीन रहने लगे। कम उम्र में ही उनकी ख्याति बढ़ने लगी। लोग बताते हैं कि वे तीन किलोमीटर पैदल सबसुख घाट गोमती नदी में प्रतिदिन सुबह स्नान करने जाते थे। एक बार वे जंगल में पूजा में लीन थे कि अचानक कंडा बनाने वाली कन्या की करुणा भरी आवाज से तपस्या भंग हुई। बाबा ने आवाज की दिशा में जाकर स्थिति को परखा। फिर युवती को युवक के चंगुल से छुड़ाकर वहां से भगा दिया। अपनी बेइज्जती का बदला लेने के लिए राजकुमार ने जल्लाद को बाबा की हत्या करने के लिए भेजा। बाबा के तेज को देखकर जल्लाद हिम्मत नहीं जुटा पाया। जंगल के कई चक्कर लगाए। बाबा ने उससे जंगल में भटकने का कारण पूछा। जल्लाद ने हाथ जोड़कर अपनी व्यथा सुनाई। बाबा ने उसे राज धर्म का पालन करने की आज्ञा दी। जल्लाद ने उनकी हत्या कर दी। बाबा के प्रकोप से नदी के उस पार स्थित उस परिवार का नाश हो गया, जिसने बाबा की हत्या करवाई। लोगों ने शारदीय नवरात्र में पूजा पाठ कर उन्हें स्थान पर स्थापित कर दिया। अब उन्हीं की याद में यहां विजयदशमी पर तीन दिवसीय मेला लगता है।

## एक नजर

### घर में फंदे से लटकता मिला महिला का शव

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। बांसी कोतवाली थाना क्षेत्र के सहजनी गांव में रस्सी के फंदे से लटकता विवाहिता का शव बरामद हुआ है। आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार सहजनी गांव निवासिनी पूनम की शादी 3 वर्ष पूर्व पिपरहिया गांव निवासी बिफर से हुई थी। पूनम कई महीनों से अपने गांव सहजनी में रह रही थी। बुधवार की सुबह उसका शव घर के अंदर एक कमरे में रस्सी से लटकता हुआ संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि मौत कैसे हुई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### बढ़नी में हुए बवाल में शामिल 3 और आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। दुष्कर्म के आरोपी को फांसी देने की मांग पर बढ़नी कस्बे में हुए बवाल में शामिल होने के आरोप में पुलिस ने तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी मंगलवार शाम को की गई। सीसीटीवी फुटेज से चिह्नित किए गए अन्य आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। इस मामले में सोमवार को भी पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। कस्बे में अब भी पुलिस की गश्त लगातार जारी है। बता दें कि बीते रविवार को बवाल के बाद सोमवार को शोहरतगढ़ तहसील सभागार में डीएम और एसपी ने कस्वावासियों से वार्ता कर दोपहर बाद बाजार खुलवाया था। मंगलवार को सभी दुकानें खुली रहीं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मंगलवार को तीन और लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

# समय से पूरे करायें कार्य : एडीएम

## बैठक में की गयी नगर निकायों में डूडा से कराये जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा

निर्देश

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



अधिकारियों के साथ बैठक करते अपर जिलाधिकारी उमाशंकर। अमृत विचार

अमृत विचार। नगर निकायों में डूडा द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक अपर जिलाधिकारी उमाशंकर की अध्यक्षता में हुई।

अपर जिलाधिकारी उमाशंकर ने सीवरेज एवं जल निकासी, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना, पोखरों का सौन्दर्यीकरण, अन्त्येष्टि स्थल विकास, झील, तालाब, पोखरा संरक्षण योजना, एमआरएफ सेन्टर आदि निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

अपर जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देश दिया कि जो भी कार्य स्वीकृत हुए हैं, उसे गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय से पूर्ण करायें। इसमें लापरवाही बरतने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जो कार्य 50 से 70 प्रतिशत तक पूर्ण हो गये हैं, उनका मानक के अनुसार भुगतान करायें। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नाला निर्माण एवं सड़क निर्माण कार्य में प्रगति लाकर समय से पूर्ण करायें। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास शहरी, पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा की गयी तथा आवास का जियो टैगिंग कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी डूडा सुनीता सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, बड़े बाबू नगर पालिका मुकेश कुमार, भारतभारी नगर पंचायत राजन गुप्ता, डुमरियागंज के अधिशासी अधिकारी, व अन्य संबधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

## मातारानी का सजा दरबार



सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। शारदीय नवरात्र में जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पूजा की धूम मची हुई है। तेतरी बजार, स्टेशन रोड, पुरानी नौगढ़ आदि स्थानों पर मेले जैसा माहौल बना हुआ है। वहीं परसा शाह आलम ओवरब्रिज के नीचे मां दुर्गा का पंडाल सुंदर ढंग से सजाया गया है। समिति के अध्यक्ष राम विश्वास यादव, उपाध्यक्ष संजय यादव छोटू, महामंत्री अमन शर्मा, व्यवस्थापक सिकंदर उर्फ बृजेश, कोषाध्यक्ष अजय, भीमापार कार्यकर्ता रघुनंदन प्रजापति, पप्पू गुप्ता मुकेश गुप्ता दीपक गुप्ता कृष्ण सिंह शिव प्रजापति शुभम जायसवाल, कौशल गोलू आदि व्यवस्था में लगे हैं ताकि भक्तों को परेशानी न हो।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला छात्रा का शव

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। संदिग्ध हालात में एक छात्रा का फंदे से लटकता शव मिला। शहर के एक निजी पैरा मेडिकल कालेज में पढ़ने वाली छात्रा शशिकला कुशीनगर के नेबुआ नौरंगिया थाने के कऊसार गांव के प्रसून कुशवाहा की पुत्री थी। वह मुख्यालय के वन विभाग की कालोनी में एक कर्मी के मकान में एक अन्य छात्रा के साथ किराये पर रहती थी। उसकी सहेली आरती (परिवर्तित नाम) बताती है कि मंगलवार को तबीयत ठीक न होने की बात कह कर शशिकला रूम पर ही रह गई थी। दोपहर को लगभग 2 बजे जब वह कालेज से वापस आई तो कमरे में शशिकला की लाश छत के कुंडे से लटक रही थी। वह फौरन लाश कुछ लोगों की मदद से उतार कर मेडिकल कालेज ले गई जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शहर कोतवाल संतोष तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और अभी तक परिवार की ओर से कोई शिकायत भी नहीं की गई है।

# बच्चों को स्कूल भेजने के लिए अभिभावकों को करें जागरूक

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने नौगढ़ ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय माल्दा रखिहवा ग्राम पंचायत रसूलपुर का निरीक्षण किया। नामाकंन 76 के सापेक्ष मात्र 17 बच्चे मौजूद मिले। उन्होंने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए जागरूक करें।

विद्यालय में एमडीएम में सोयाबीनयुक्त तहरी बनायी गयी थी। इसका सैंपल चेक किया गया। उन्होंने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि मध्यावकाश में खेल सामग्री बच्चों को वितरित करें। जिन बच्चो के अभिभावक के खाते में ड्रेस, किताब, जूता मोजा आदि खरीदने की धनराशि भेजी गयी है,, उनको बच्चों की ड्रेस खरीदने के लिए जागरूक करें। निरीक्षण में विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाडी केन्द्र का भवन जर्जर मिला। ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि केन्द्र संचालित नही है।

# ठीक कराएं विसर्जन रूट की सड़कें

संवाददाता, गोरखपुर



बैठक करते नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल। अमृत विचार

अमृत विचार। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने नगर निगम के विभिन्न विभागों द्वारा महानगर में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। मूर्ति विसर्जन एवं मुख्यमंत्री के जुलूस यात्रा की तैयारी के संबंध में वार्ता की। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रतिमा विसर्जन रूटों पर सड़कों की पैचिंग करा ली जाए।

मुख्यमंत्री के जुलूस मार्ग पर साफ सफाई बैचिंग कार्य एवं पर प्रकाश व्यवस्था की समुचित व्यवस्था करने हेतु संबंधित प्रभारी को निर्देश दिया गया। त्योहारों की दृष्टिगत अधिकारी एवं अभियंताओं द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए। उन्होंने विसर्जन पोखरो पर साफ सफाई व्यवस्था का निर्देश दिया। कहा कि विसर्जन वाली गाड़ियां कीचड़ में न फंसे इसके लिए रबीश की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि पोखरों पर प्रवर्तन दल की रात्रि कालीन ड्यूटी लगाई जाए। महानगर के समस्त प्रकाश बिंदु जलते हुए मिलें। विसर्जन उपरांत नगर निगम द्वारा बनाए गए कृत्रिम पोखरों की सफाई लगातार चलती रहे। किसी भी प्रकार की कोई भी गंदगी पोखरों में ना पाई जाए। विसर्जन पोकरण पर श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था भी कराने का उन्होंने निर्देश दिया।

# बदले मार्ग से चलेंगी जयनगर एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज जं. स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण गाडियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन एवं टर्मिनल परिवर्तन किया जायेगा।

**निरस्तीकरण :** 17 अक्टूबर को 09525 हापा-नाहरलागुन साप्ताहिक विशेष गाड़ी। 19 अक्टूबर को 09526 नाहरलगुन-हापा साप्ताहिक विशेष गाड़ी। 16 अक्टूबर को 04056 आनन्द विहार टर्मिनस-बलिया साप्ताहिक विशेष गाड़ी, 17 को 04055 बलिया-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी, 16 को 09061 उधना-गाजीपुर सिटी विशेष गाड़ी। 18 को 09062 गाजीपुर सिटी-उधना विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी।

**मार्ग परिवर्तन :** 17 से 20 अक्टूबर तक 11061 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-जयनगर एक्सप्रेस बदले मार्ग से चलेगी। 17 से 20 अक्टूबर तक 11062 जयनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस बदले मार्ग से चलेगी। 17 से 20 अक्टूबर तक 11107 ग्वालियर-बनारस एक्सप्रेस, 18 से 21 अक्टूबर तक 11108 बनारस-ग्वालियर एक्सप्रेस, 19 अक्टूबर को 15181 मऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 8 से 21 अक्टूबर तक 12559 बनारस-नई दिल्ली एक्सप्रेस। 17 से 20 अक्टूबर तक 11560 नई दिल्ली-बनारस एक्सप्रेस। 17 से 20 अक्टूबर तक 12581 बनारस-नई दिल्ली एक्सप्रेस, 17 से 20 अक्टूबर तक 12582 नई दिल्ली-बनारस एक्सप्रेस, 18 से 21 अक्टूबर तक 15159 छपरा-दुर्ग एक्सप्रेस। 17 से 20 अक्टूबर तक 15160 दुर्ग-छपरा एक्सप्रेस। 17 अक्टूबर को 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस। 19 अक्टूबर को चलने वाली 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग अयोध्या धाम-सुल्तानपुर-प्रयाग-प्रयागराज जं.-मानिकपुर के स्थान परिवर्तित मार्ग अयोध्या-सुल्तानपुर- जफराबाद-वाराणसी-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर के रास्ते चलाई जायेगी । इस गाड़ी का प्रयागराज जं. के स्थान पर प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर 5 मिनट का अस्थाई ठहराव प्रदान किया जायेगा। एर्नाकुलम से 19 अक्टूबर को चलने वाली 22669 एर्नाकुलम-पटना एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज जं.-प्रयागराज रामबाग-वाराणसी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं. के स्थान परिवर्तित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-मिर्जापुर-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं. के रास्ते चलाई जायेगी । इस गाड़ी का प्रयागराज जं. के स्थान पर प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर 5 मिनट का अस्थाई ठहराव प्रदान किया जायेगा ।

सिकन्दराबाद से 17 से 20 अक्टूबर तक चलने वाली 12791 सिकन्दराबाद-दानापुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज जं.-प्रयागराज रामबाग-वाराणसी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं. के स्थान परिवर्तित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-मिर्जापुर-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं. के रास्ते चलाई जायेगी । इस गाड़ी का प्रयागराज जं. के स्थान पर प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर 5 मिनट का अस्थाई ठहराव प्रदान किया जायेगा। दानापुर से 18 से 21 अक्टूबर तक चलने वाली 12792 दानापुर-सिकन्दराबाद एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं.-वाराणसी-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं.-मानिकपुर के स्थान परिवर्तित मार्ग पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं.-मिर्जापुर-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर के रास्ते चलाई जायेगी । इस गाड़ी का प्रयागराज जं. के स्थान पर प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर 5 मिनट का अस्थाई ठहराव प्रदान किया जायेगा ।

## रूसी यात्री से छीने गये मोबाइल का चला पता

गोरखपुर, अमृत विचार। जीआरपी और आरपीएफ ने एक रूसी पर्यटक के चुराए गए फोन का पता कर लिया। 17 अगस्त को नीना निकोनोरोवा गया-कामाख्या एक्सप्रेस में यात्रा कर रही थीं। फल्गु नदी के ऊपर से गुजरते समय बदमाश ने उनके हाथ पर डंडे से वार कर उनका फोन छीन लिया। कुछ ही दिनों में, पिंटू कुमार और साजन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से नीना का फोन नहीं मिला था। पूछताछ में पता चला कि नीना का फोन साहिल पासवान के पास था। नीना रूस लौट गईं, लेकिन अक्टूबर में उन्हें पता चला कि उनका चोरी फोन नागपुर में सक्रिय है। उन्होंने भारतीय रेल को ईमेल कर सूचना दी। नागपुर में अधिकारियों ने फोन का पता लगा लिया।

## सार-संक्षेप

### पैदल गशत कर उच्च अधिकारियों ने लिया सुरक्षा का जायजा



गोरखपुर शहर में पैदल गशत करते उच्च अधिकारी। अमृत विचार

गोरखपुर, अमृत विचार। त्योहार के दृष्टिगत रखते हुए डीआईजी आनंद कुलकर्णी कमिश्नर अनिल ढींगरा एसएसपी डॉक्टर गौरव ग्रोवर जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश एसपी सिटी अभिनव त्यागी समेत जिले के तमाम अधिकारियों ने बुधवार को कोतवाली थाना क्षेत्र से पैदल गशत करते हुए बक्शीपुर चौराहा तक फ्लैग मार्च करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। विजयदशमी के मौके पर निकलने वाले जुलूस के रूट को अधिकारियों ने जांच की और आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने दुर्गा पूजा पंडाल आयोजको से सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली और उन्हें स्पष्ट किया गया कि आपकी सुरक्षा में पुलिस प्रशासन सदैव तत्पर है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी कोतवाली थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह वरिष्ठ उपनिरीक्षक अरविंद राय उप निरीक्षक सुशील कुमार समेत अधिकारी मौजूद रहे। फोटो नंबर 7

### ट्रेनों का अस्थायी ठहराव व निरस्तीकरण समाप्त

गोरखपुर, अमृत विचार। प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं. स्टेशनों के मध्य पैच दोहरीकरण कार्य के कारण निम्न गाड़ियों का प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर पूर्व में दिये गये अस्थाई ठहराव एवं निरस्तीकरण समाप्त कर दिया गया है। अस्थाई ठहराव बहाल होने वाली सिकन्दराबाद से पूर्व अधिसूचित 10 से 17 अक्टूबर, तक के स्थान पर संशोधित तिथि 10 से 16 अक्टूबर तक चलने वाली 12791 सिकन्दराबाद-दानापुर एक्सप्रेस का प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर अस्थाई ठहराव समाप्त किया गया है। लोकमान्य ति लक टर्मिनस से पूर्व अधिसूचित 10 से 17 अक्टूबर, तक के स्थान पर संशोधित तिथि 10 से 16 अक्टूबरतक 11061 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-जयनगर एक्सप्रेस का प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर दिया गया अस्थाई ठहराव समाप्त किया गया है। जयनगर से पूर्व अधिसूचित 10 से 17 अक्टूबर तक के स्थान पर संशोधित तिथि 10 से 16 अक्टूबर तक चलने वाली 11062 जयनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर दिया गया अस्थाई ठहराव समाप्त किया गया है। **निरस्तीकरण** : पूर्व अधिसूचित 15 एवं 17 अक्टूबर, के स्थान पर संशोधित तिथि 14 एवं 16 अक्टूबर को मुजफ्फरपुर से चलने वाली 12537 मुजफ्फरपुर-प्रयागराज रामबाग एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### जलस्तर कम होते ही राप्ती ने शुरू की कटान



मिट्टी की बोरियां डालकर कटान रोकने की कोशिश जारी है। अमृत विचार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जिले के राप्ती नदी का जलस्तर कम हो रहा है। इसके साथ ही लोगों की समस्याएं भी बढ़ रही है। राप्ती से सटे इलाकों में राप्ती नदी की कटान जारी है। राप्ती का कटान तेज हो गया, जिसके चलते लोगों की खेतों में लगी फसलें नदी में समाहित होने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कटान को लेकर उचित प्रबन्ध करने की मांग की है। जनपद में बीते दिनों हुई बारिश से राप्ती का जलस्तर लगातार बढ़ रहा था, तब भी कटान तेज होती जा रही थी। वहीं अब राप्ती का जलस्तर कम हो रहा है, फिर भी अभी कटान तेजी से हो रहा है। इसके चलते जनपद के तटीय इलाकों में ताप्ती नदी के कटान के कारण किसानों की उपजाऊ जमीन, फसल आदि नदी में समाहित हो रही है। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के अनेक गांवों को कटान से अब तक निजात नहीं मिल पायी है। साल-दर-साल कटान के नाम पर भारी-भरकम धनराशि खर्च कर दी जाती है, बावजूद इसके कटान रोकने को लेकर सार्थक परिणाम आज तक नहीं हो पाया। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के बामदेई गांव के ग्रामीणों ने बताया कि नदी कटान कार्य में अब लीपापोती का खेल प्रारम्भ हो चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि इसके सन्दर्भ में वरिष्ठ अधिकारियों से कई बार आशंका जता चुके हैं लेकिन साइट के इंजीनियर वरिष्ठ अधिकारियों को सब ठीक-ठाक है बता देते हैं। इस सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता सिंचाई ने बताया कि 15-20 दिनों से कटानरोधी कार्य चल रहा है।



राम जानकी मंदिर में गरबा व डांडिया करने वाली महिलाएं और बच्चियां। अमृत विचार

### राम जानकी मन्दिर प्रांगण में रही गरबा और डांडिया की धूम

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। स्थानीय राम जानकी मन्दिर प्रांगण में गरबा डांडिया महोत्सव का बुधवार को आयोजन किया गया। महिलाओं ने न केवल पारंपरिक घूमर नृत्य किया, बल्कि डांडिया के रंग-बिरंगे प्रदर्शन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गरबा डांडिया कर रहीं नीलम वर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम केवल नृत्य तक सीमित नहीं था, बल्कि नारी शक्ति और भक्ति के अद्भुत संगम का प्रतीक था। इस दौरान शोहरतगढ़ चेयरमैन उमा अग्रवाल, सुनीता कसौधन, मिथलेश कसौधन, वन्दना जायसवाल, नेहा अग्रहरि, उर्मिला, कोमल, रिंकी, स्नेहा अग्रहरि, गायत्री अग्रहरि, राधा अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

# बैठक में विकास के मुद्दों पर चर्चा

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



जिला पंचायत की बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

अमृत विचार। जिला पंचायत सभागार में ज़िला पंचायत अध्यक्ष शीतल सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी व अन्य उच्च अधिकारियों द्वारा अनुमोदन पर विचार-विमर्श किया गया। गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, जिला पंचायत की संपत्तियों एवं परिसंपत्तियों के समुचित रख-रखाव व सदुपयोग पर विचार समेत ज़िला में कार्य योजना को लेकर सभी ज़िला पंचायत सदस्यों, अधिकारियों एवं पदाधिकारियों के संयुक्त बैठक में अहम विकास मुद्दों के मद्दों कार्यों व आगामी योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा-परिचर्चा हुई।

बैठक के दौरान शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने कहा कि पन्नापुर-तमकुहवा के बीच पिछले साल एक जुलाई को जिला पंचायत की पुलिया बाढ़ के पानी में बह गई थी, उसके अभी तक नहीं बनने को लेकर अपनी बात रखा उन्होंने कहा कि विधानसभा से कई अन्य जनलाभकारी योजनाओं को प्रस्ताव में रखा। बैठक में बांसी विधानसभा से विधायक जय प्रताप सिंह, कपिलवस्तु विधानसभा के श्यामधनी राही विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंशी, डुमरियागंज से विधायक सैयदा खातून मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार एवं अन्य कई अधिकारियों की उपस्थिति इस बैठक में उपस्थित रहे।

स्वच्छता पखवाड़ा | लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर चलाया गया सफाई अभियान, की गयी वेंडरों के स्वास्थ्य की जांच

# वेंडरों और यात्रियों को स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

संवाददाता, गोरखपुर



खाद्य सामग्री के एक स्टाल की जांच करते रेल अधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय, गोरखपुर तथा लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों पर 1 से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा-2024 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में, स्वच्छता पखवाड़ा के नौवें दिन बुधवार को पूर्वोत्तर रेलवे पर स्वच्छ आहार थीम के अन्तर्गत लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों के विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा फूड स्टॉल एवं डस्टबिन को स्वच्छ करने हेतु वेंडरो व यात्रियों को जागरूक किया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा-2024 के अन्तर्गत मंडल रेल प्रबंधक/लखनऊ के निर्देशन मे स्वच्छ आहार थीम के तहत लखनऊ मंडल के लखनऊ, गोंडा, बस्ती, मैलानी, ऐशबाग, मनकापुर, खलीलाबाद एवं गोरखपुर स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान चलाकर फूड स्टॉल एवं डस्टबिन को स्वच्छ करने हेतु वेंडरों व यात्रियों को जागरूक किया गया।

इस अभियान के तहत मंडल के अधिकारियो के निर्देशन मे फूड स्टालों की चेकिंग की गई, जिसमें साफ-सफाई एवं स्वच्छता हेतु निर्धारित मानकों का निरीक्षण कर आवश्यक सुझाव दिये गये। इन स्टॉलों पर विक्रय की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता को जांचा गया साथ ही वेंडरों को स्वच्छता बनाये रखने हेतु जागरूक किया गया।

इसी क्रम में, वाराणसी मंडल में स्वच्छ आहार थीम के अन्तर्गत वाराणसी मंडल के बलिया, वाराणसी सिटी, बनारस, भटनी, सीवान, देवरिया सदर, सलेमपुर, आजमगढ़, छपरा, गाजीपुर सिटी, प्रयागराज रामबाग स्टेशनों पर स्थित फूड स्टाल, ठेलों आदि का निरीक्षण किया गया। प्लेटफार्म पर स्थित फ़ूड स्टाल के वेंडरों का प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं स्वास्थ्य प्रमाणपत्र को जांचा गया तथा रेलवे परिसर में स्थित फ़ूड स्टाल, रनिंग रूम एवं रेस्ट हाउस के बर्तनों की सफाई का स्थान, कचरा निपटान की सुविधा, चिकित्सा फिटनेस और रसोइयों और कर्मचारियों की स्वच्छता हेतु अपनाई जाने की आदतों को जांचा गया एवं आवश्यक सुझाव दिये गये। इसके अतिरिक्त इन स्टेशनों पर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा पेंट्रीकारों का भी निरीक्षण किया गया। स्वच्छ आहार थीम के अन्तर्गत इज्जतनगर मंडल में इज्जतनगर, लालकुआ, पीलीभीत, काठगोदाम, काशीपुर, बरेली, कन्नौज आदि स्टेशनों पर स्थित फ़ूड स्टाल, ठेलों आदि का निरीक्षण किया गया तथा प्लेटफार्म पर स्थित फ़ूड स्टाल के वेंडरो का प्राथमिक स्वास्थ्य परिक्षण किया गया एवं वेंडरों के स्वास्थ्य प्रमाणपत्र को जांचा गया तथा कर्मचारियों/यात्रियों को स्वच्छता हेतु अपनाई जाने वाली आदतों को बताया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 10 अक्टूबर को स्वच्छ आहार थीम के तहत मुख्यालय एवं मंडलों में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# पात्रों को योजनाओं का दिलाएं लाभ

## जिलाधिकारी ने की नगरीय विकास व डूडा समेत कई योजनाओं की समीक्षा बैठक

संवाददाता, कुशीनगर



बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों तथा जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के अन्तर्गत विभिन्न संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र कुशीनगर, पडरौना में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत निर्गत धनराशि तथा अवशेष धनराशि की जानकारी ली एवं योजना के अन्तर्गत कराए शौचालयों, कूड़ा कलेक्शन एवं ट्रासपोटेशन हेतु वाहन क्रय करने के साथ बारी-बारी नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों के द्वारा योजना से संबंधित जानकारी ली। जिलाधिकारी ने समस्त क्षेत्रों में कूड़ा कलेक्शन की गतिविधि को तीव्र करने, नगरीय स्वच्छता तथा नगरीय कूड़ा प्रबंधन की समुचित व्यवस्था करने के साथ-साथ प्रतिदिन प्रातः सभी ईओ विभागीय वाट्सएप्प ग्रुप पर साफ-सफाई निरीक्षण की फोटो डालने के निर्देश दिए। कहा कि सड़कों के किनारे कहीं कूड़े का ढेर नगरीय क्षेत्रों के आस-पास नही दिखें, केवल चिन्हित हॉटस्पाट पर ही कूड़े एकत्र व प्रबंधन करें। फागिंग के साथ स्वच्छता का विषय ध्यान रखें। जिला नगरीय विकास अभिकरण के अन्तर्गत संचालित योजनाओं दीन दयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, स्वरोजगार कार्यक्रम, व्यक्तिगत व समूह ऋण, प्रधानमंत्री आवास योजना के वार्षिक प्रगति की जानकारी ली गई। समीक्षा दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी पात्र हो उन्हें शत-प्रतिशत पारदर्शिता के साथ लाभान्वित करें। पार्किंग स्थलों पर भी ध्यान दें। नगरीय क्षेत्रों में प्रमुख स्थानों चौक चौराहे पर पथ प्रकाश हेतु लगी लाइटें सुचारू रूप से काम करे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, उप जिलाधिकारी आशुतोष, मो. जफर, समस्त नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# थानाध्यक्ष ने पैदल मार्च कर स्थिति का लिया जायजा

संवाददाता, मेंहदावल

▶▶ विसर्जन वाले रूट का जेई व प्रभारी निरीक्षक ने देखा हाल

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में बुधवार को मेंहदावल के प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह ने पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया और अवर अभियंता के साथ जर्जर तारों को भी देखा जहां भी कमियां रही। उसको तत्काल सही कराने का निर्णय लिया गया।

बुधवार को मेंहदावल थाने की प्रभारी रामकृपाल सिंह थाने के पुलिस बल के साथ व बिजली विभाग की अवर अभियंता मनोज कुमार श्रीवास्तव के साथ पूरे कस्बे का फ्लैग मार्च किया, जहां पुलिस ने फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया तो वही बिजली विभाग के अवर अभियंता के साथ जगह-जगह झुके हुए, ढीले तार व जर्जर तार जिससे की हादसे की आशंका हो, उसको दूर करने के लिए, निर्णय लिया गया। प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह ने बताया कि बिजली विभाग के अवर अभियंता मनोज कुमार श्रीवास्तव के साथ व पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया है। बिजली विभाग के अवर अभियंता मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पुलिस टीम के साथ निरीक्षण किया गया है तैयारी पूरी है कहीं भी किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं है जहां थोड़ी बहुत कमियां थी उसको तत्काल सही कर दिया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**संवाददाता, बस्ती। अमृत विचार :** यूरो किड प्री स्कूल पचपेड़िया रोड बस्ती में बच्चों ने रामलीला पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और रामलीला का मंचन किया। जिसमें बच्चों ने प्रभु श्री राम, माता सीता, और लक्ष्मण जी भरत जी शत्रुघ्न जी तथा ऋषि मुनियों की वेश भूषा बनाकर रामचरित मानस का संक्षिप्त नाट्य मंचन किया। उनके नाट्य मंचन की मोहक प्रस्तुति से सभी मंत्र मुग्ध हो गए, बाल कलाकारों ने सभी को कार्यक्रम समापन तक कुर्सियों से मोहक प्रस्तुति द्वारा बांधे रखा, कार्यक्रम का आरंभ प्रबंधक अमर मणि पांडेय और अर्चना पांडेय ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना,और आरती के साथ किया। विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थापिका दिव्या पाठक ने बच्चों को प्रभु राम की जीवन वृतांत के बारे में बताया और उनकी राह पर चलने की सलाह दी। इस मौके पर नीलम चौधरी ,के बी, लक्ष्मी वर्मा, रीचिका सिंह ,अविनाश पांडेय, रामाशीष चौधरी, पूजा शुक्ला, अंकिता श्रीवास्तव, संजू सिंह, संस्कृति श्रीवास्तव, सुमन गुप्ता, रिया सिंह, प्रिया श्रीवास्तव ,आराध्या सिंह, अवनी गुप्ता, दिव्या जायसवाल,सिद्रा फातिमा आदि मौजूद रहे।

### महिमा गुप्ता बनी वेस्ट गाइड, खण्ड शिक्षा अधिकारी

**संवाददाता, बस्ती। अमृत विचार :** महिमा गुप्ता बनी वेस्ट गाइड, गाइड शिविर में नियमित और सक्रिय योगदान के लिए उसे ट्रेनरों के द्वारा वेस्ट गाइड के रूप में चयन किया गया, यह जानकारी देते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी साऊँघाट धीरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि डायट परिसर में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय साऊँघाट में चल रहे तीन दिवसीय प्रथम सोपान गाइड शिविर के समापन अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा टेंट पिचिंग, रंगोली, गैजेट्स, बिना बर्तन भोजन बनाना आदि की प्रतियोगिता में भाग लिया, टेंट बनाने की प्रतियोगिता में श्रुति,रीता की गुड़हल टोली प्रथम, अनामिका, रीता की कमल टोली द्वितीय, श्रेया, प्रियांशी की लिली टोली तृतीय स्थान पर रही, रंगोली प्रतियोगिता में श्रुति की गुड़हल टोली प्रथम, श्रेया की लिली टोली द्वितीय, रीता,ममता की गुलाब टोली तृतीय स्थान पर रही, गैजेट्स और बिना बर्तन भोजन बनाने की प्रतियोगिता में अंकिता की टोली प्रथम, मधु की चमेली टोली द्वितीय, रिया की कमल टोली तृतीय स्थान पर रही, लीडर ट्रेनर सत्या पाण्डेय, लीडर ट्रेनर कुलदीप सिंह, विद्यालय की गाइड कैप्टन गीता पाल, वार्डेन माधुरी त्रिपाठी, सुधेन्द्रु सहाय, अभिलाषा शर्मा, खुशबू उपाध्याय, वीना पाल, चन्द्रकांत, सीमा रानी, राम जतन यादव आदि की सहभागिता रही।

### श्रम विभाग ने श्रमिकों को किया जागरूक

**संवाददाता कुशीनगर। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभाग के कर्मचारी बुधवार को हाट नगर स्थित श्रीराम जानकी मन्दिर के समीप लेबर अड्डा पहुंच कर मजदूरों को विभाग में पंजीयन व नवीनीकरण कराकर योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जागरूक किया। बुधवार को कल्याण बोर्ड के कर्मचारी शशि शेखर मिश्र व बाबू पंकज कुमार सिंह ने काम की तालाश में खड़े मजदूरों को योजनाओं के बारे में बताया गया तथा उपस्थित मजदूरों को अपने समीप के जनसेवा केन्द्र पर पहुंच कर जनसेवा केन्द्र से श्रमिक पंजीयन कराने व नवीनीकरण कराकर योजनाओं का लाभ उठाने को जागरुक किया। इस दौरान बिरजू,उदित,गौतम, पूनम सोनकर,राका पाण्डेय,तुफानी,मुन्नू सिंह, सरोज यादव सहित दर्जनों श्रमिक मौजूद रहे।

# छात्र संघ चुनाव को लेकर छात्रों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचारः** छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर छात्र नेताओं का आंदोलन धीरे-धीरे उग्र रूप लेता जा रहा है। मंगलवार को प्राचार्य कक्ष में ताला लगाकर प्रदर्शन करने के बाद बुधवार को सैंकड़ो छात्रों ने हीरालाल रामनिवास पीजी कॉलेज के सामने की सड़क को जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया।

सूचना पर पहुंचे पीआरवी कर्मियों ने छात्रों को समझाने और जाम समाप्त कराने का प्रयास किया लेकिन छात्रों का उग्र रूप देख वे उल्टे पांव वापस लौट गए। धीरे-धीरे छात्रों का हुजूम बढ़ता गया। सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी सतीश सिंह और एसडीएम सदर शैलेश दूबे ने मौके पर पहुंच कर मोर्चा संभाला और छात्रों को समझाने में जुट गए। छात्रों की मांग है कि छात्रसंघ चुनाव अविलम्ब कराया जाय। छात्रसंघ गठन के अभाव में महाविद्यालय के प्राचार्य समेत सभी शिक्षक निरंकुश हो गए हैं। शिक्षक समय पर क्लासरूम में भी नहीं आ रहे हैं। जिसके चलते महाविद्यालय में पठन-पाठन का कार्य बेपटरी हो चुका है। समाचार लिखे जाने तक छात्रों का आंदोलन जारी था और प्रशासनिक अधिकारी उन्हें समझाने में जुटे थे।

# छात्र -छात्राओं की हुई काउंसिलिंग

संवाददाता, मगहर, संतकबीरनगर

सर्व शिक्षा अभियान

**अमृत विचारः** संतकबीर आचार्य राम विलास इंटर कालेज मगहर में सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत शिक्षा समन्वयक धर्मेंद्र मिश्र ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं की काउंसिलिंग कर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कैसे सफलता हासिल की जाये। इसपर विस्तार से छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नये लक्ष्य को ध्यान में रखकर नई ऊर्जा के साथ पढ़ाई करनी होगी। तभी सफलता हासिल होसकती है। जिज्ञासाओं को रखकर जब पढ़ाई करनी होगी।

उन्होंने हाईस्कूल के छात्र छात्राओं से कहा कि सफलता हासिल करने के लिये कम से कम 4 घण्टे पढ़ाई करनी होगी। शिक्षा हासिल कर बड़ी से बड़ी सफलता को हासिल किया जा सकता है। यही एक सरल व सुगम माध्यम है कि सीमित संसाधन के बावजूद जीवन को सफल बना सकते हैं। कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग करते हुये कहा कि जो बच्चे नीट परीक्षा का सपना संजोये हैं उन्हें पूरे मनोयोग के सकारात्मक सोच के साथ कमसे कम 8घण्टे अवश्य पढ़ाई करनी है। कम संसाधन में अपने परिवार को आगे बढ़ाने के लिये हमें शिक्षा ग्रहण करनी होगी। पढ़ाई से सहज कोई कार्य नहीं होसकता। उन्होंने साइंस साइड के बच्चों से कहा कि अगर मेरिट में आना है तो कमसे कम 6 से 8 घण्टे आपको पढ़ना ही गया। पढ़ाई करते समय लक्ष्य जरूर निर्धारित करें। शिक्षा मास्टर की तरह है। अगर आप सफलता प्राप्त करलेते हैं तो सभी लोग आपकी तरफ आकर्षित होंगे। उन्होंने शोशल मीडिया से दूर रहने के लिये भी कहा। उन्होंने कहा कि ज्ञान की ही पूजा सर्वत्र होती है। ज्ञान सर्वत्र पूज्यते। इस मौके पर प्रधानाचार्य डाक्टर राकेश सिंह, महेन्द्र यादव, मुकेश यादव, गौरव प्रताप यादव, प्रमोद गुप्ता, राम कुमार मौर्या, बृजलाल, आशुतोष सिंह, निसार खान, अष्टभुजा चौधरी, सम्पूर्णानंद त्रिपाठी, वेद प्रकाश, संतोष कुमार कर्मचारी मौजूद रहे।

# विधान से समाधान कार्यक्रम का आयोजन

**कुशीनगरः अमृत विचारः** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राष्ट्रीय महिला आयोग के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर के तत्वाधान में अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी द्वारा पडरौना ब्लाक में "विधान से समाधान" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अपर जिला जज/सचिव शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी व ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर सुशील कुमार अग्रहरी द्वारा बताया की कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों के तहत उन्हें वास्तविक जीवन स्थितियों में चुनौतियों का सामना करने के लिये उपयुक्त बनाया जा सके। महिला अधिवक्ता पूनम जायसवा व सुमन सिंह ने भी उपस्थित महिलाओं को जानकारी दी। 60 महिलाओं को बैग, पैड और पेन तथा लंच पैकेट भी दिया गया।

# जिला चैंपियन बने रधिया देवरिया के छात्र

संवाददाता कुशीनगर



**अमृत विचारः** जिला स्तरीय तैराकी व ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय राधिया देवरिया हाटा के छात्रों ने प्राथमिक और जूनियर दोनों (बालिका) संवर्ग में उपविजेता बने। जबकि जिला स्तरीय तरह की प्रतियोगिता में 10 गोल्ड व 8 सिल्वर मेडल जीत जिला चैंपियन बनें।50 मीटर दौड़ में ऋतु प्रथम, रितिका द्वितीय, सुलेख में पूनम द्वितीय विजयी रही।

बच्चे मेडल प्राप्त कर अति उत्साहित रहे। छात्रों के बेहतरीन प्रदर्शन पर विद्यालय के शिक्षक भगवान नाथ तिवारी शिक्षक, रामायण प्रसाद चौरसिया,मुकेश कनौजिया,राहुल गोड, श्रुति दुबे, बाबिता राव, रेनू सिंह, मीना कुशवाहा, ने बच्चों की जीत पर बधाई देकर उनका उत्साह बढ़ाया। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी हाटा अमितेश कुमार,प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिनेश सिंह, मंत्री सत्य प्रकाश चौहान, मदन गोपाल पाठक, पिंटू दुबे, मो. शाबीर, सुनील सिंह, धनंजय, विजय कनौजिया, राम प्रवेश, गुलाब भारती आदि शिक्षक बधाई दी।

▶▶ तैराकी में 10 गोल्ड और 8 सिल्वर जीते मेडल

# 100 शिक्षकों के प्रथम फेरे का हुआ प्रशिक्षण



जल जीवन मिशन के तहत शिक्षकों को प्रशिक्षित करते प्रशिक्षक।

संवाददाता, सेमरियावां, संतकबीरनगर

जल जीवन मिशन

▶▶ पीने योग्य सिर्फ 3 % ही पानी बचा है उसे संरक्षित करना सभी की जिम्मेदारी: ओपी त्रिपाठी

**अमृत विचारः** जल जीवन मिशन योजना के तहत सेमरियावां ब्लाक के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत 100 शिक्षकों और शिक्षामित्रों को प्रथम फेरे का एक दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक सभागार में संपन्न कराया गया। इस अवसर पर जल जीवन मिशन के जिला समन्वयक ओपी त्रिपाठी ने प्रतिभागियों को संबोधित किया।

त्रिपाठी ने कहा की जल जीवन मिशन 2019 से अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। जनपद में 461 पानी की टंकियों का निर्माण होना है। जिसे 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है। ग्राव सभा में भूमि चिन्हित करने का काम जारी है। उन्होंने कहा कि पानी जीवन के लिए बेहद जरूरी है। तीन ही प्रतिशत पानी पीने योग्य बचा है। पानी को बर्बाद होने से बचाया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि 70 प्रतिशत बीमारियां जलजनित होती हैं। दीपक यादव, तुषार श्रीवास्तव, शुभम मिश्र, अरविंद वर्मा आदि प्रशिक्षकों ने कहा आम जनता को जागरूक करें कि किचेन, पानी टंकी, वाश रूम और नल का पानी बिना किसी उपयोग के बरबाद न होने दें और पानी को संरक्षित करें। इस अवसर पर नोडल शिक्षक जफीर अली, अब्दुर्रहीम, हिमांशु पांडेय, अबुल कलाम, असरारुल हक, आशीष कुमार,कमाल अहमद, राजिया खातून, कम्मू बेगम, अखिलेश श्रीवास्तव, सीबी चौधरी, शक्ति कुमार, संगीता, माया जायसवाल, जर्रार अहमद, इकतेदार अहमद, पूनम श्रीवास्तव, हरिकेश आदि मौजूद रहे।

# पर्यवेक्षण अधिकारी और थानाध्यक्ष से न्याय पीठ बाल कल्याण समिति ने मांगा स्पष्टीकरण

संवाददाता, बस्ती

**अमृत विचारः** बाल अधिनियम का उल्लंघन करने पर न्याय पीठ बाल कल्याण समिति ने पर्यवेक्षण अधिकारी और थानाध्यक्ष पैकोलिया से स्पष्टीकरण मांगा है। स्पष्टीकरण संतोष जनक नही होने पर विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

बताते चलें कि उक्त थाना क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत निवासी व्यक्ति ने थाने पर अपने पुत्र के घर से कहीं चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही करते हुए बालक को खोजना शुरू कर दिया। पुलिस के प्रयास से बच्चा जनपद के ही एक बाजार में घूमता हुआ मिल गया। पुलिस ने बालक को बरामद करते हुए बिना विधिक प्रक्रिया पूर्ण किये बच्चे को उसके परिजनों को सौंप दिया,इतना ही नहीं बच्चे का क्षाया चित्र तथा उसकी पहचान भी उजागर कर दिया गया। गौरतलब है कि नाबालिग से सम्बंधित जानकारी तथा उसकी पहचान उजागर करना जे जे एक्ट की धारा 74(3) का उल्लंघन है, तथा इसको लेकर सर्वोच्च न्यायालय भी अति गंभीर है। इस प्रकरण के अखबार में प्रकाशित होने पर न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा, सदस्य अजय कुमार श्रीवास्तव, डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, मंजू त्रिपाठी ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दोनों अधिकारियों से तलब किया है। इस सम्बन्ध में न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक ने कहा कि न्याय पीठ के बालकों के सर्वोत्तम हित लिए प्रतिबद्ध है, बालकों का हित ही न्याय पीठ के लिए सर्वोपरि है।


## वर्ग पहेली-217

**बाएं से दाएं**

4. ढोलक बजाने वाला व्यक्ति, ढोलची, ढोलवादक।
8. एक रोग जिसमें पैर फूलकर हाथी के पैर की तरह हो जाता है, फीलपा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. हींग 2. लाख 3. त्वचा पर का जन्मजात चिह्न।
2. 1. आकस्मिक, कभी-कभार होने वाला 2. अवसरपरक
3. 1. मंदिर में किसी देवी-देवता की मूर्ति का श्रृंगार करने वाला व्यक्ति 2. पुजारी।
5. 1. आमोद-प्रमोद 2. ख़ुशी का भाव, उल्लास।
6. 1. पूजने की क्रिया 2. देवी
7. 1. थोड़े समय के लिए कोई वस्तु दिखने की अवस्था या भाव 2. झलक 3. झांई 4. आंख के कोने से देखना, कनखी।



## वर्ग पहेली -216 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 हु | 2 मा | यूँ | | | 3 शि |
| | यू | | 4 जी | | ली |
| | 5 स | रा | व | गी | |
| | | | लो | | |
| | 6 घ | 7 म | क | ना | |
| | | सू | | | 8 थो |
| 9 ओ | गा | र | ना | | ड़ा |

## सुडोकू -130

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 2 |
| 6 | | 1 | | | | | 8 | |
| | | | 5 | | | 3 | | |
| | | 8 | | | 3 | | | |
| | 5 | 4 | | | | | | |
| | | | | | | 7 | | 9 |
| | | 5 | | | 9 | | | |
| | 3 | | 8 | | | 4 | | 6 |
| 2 | | | 7 | | | | 1 | |


## सुडोकू - 129 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 6 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 1 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 1 | 9 | 2 | 5 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 3 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 5 | 8 | 2 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 | 1 |
| 4 | 3 | 1 | 5 | 9 | 2 | 8 | 7 | 6 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 अक्टूबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 12.31 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 11 अक्टूबर 05.41 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।



**मेष** – आज कुछ कठिन काम आसानी से अचानक बनने से मन प्रसन्न होगा। समाज में आपकी प्रशंसा होगी। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा।

**वृष** – आज ऑफिस में अधीनस्थ कर्मचारियों पर नाराज हो सकते हैं। दूसरों के भले की सोचेंगे। पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। किसी के उकसावे में आकर काम न करें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा।

**मिथुन** – आज भोग-विलास का भरपूर आनंद उठाएंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें।

**कर्क** – आज चुगलखोरी का शिकार हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। अनुसंधान संबंधी कार्यों में सफलता मिल सकती है। हितशत्रुओं से सावधान रहें।

**सिंह** – आज लोग आपकी बातों को काफी गंभीरता से लेंगे। बुद्धिमान लोगों से मुलाकात होगी। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी शानदार रहेगा। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। शाम के साथ मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

**कन्या** – आज व्यर्थ में अपने शुभचिंतकों पर संदेह न करें। ज्यादा भागदौड़ करने से आपको बचना चाहिए। धन को लेकर दिक्कतें उत्पन्न हो सकती हैं। नई योजनाओं में सफलता देर से मिलेगी। मानसिक स्थिति नकारात्मक हो सकती है।

**तुला** – आज कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। उच्च अधिकारियों के साथ आपके संबंध काफी अच्छे रहेंगे। जीवनसाथी को दिया हुआ वादा आप पूरा कर सकते हैं। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक** – आज आपके विनम्र व्यवहार से लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। डिजाइनिंग का कोर्स कर रहे छात्रों को जॉब मिल सकती है। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को कारोबार विस्तार के अवसर मिल सकते हैं।

**धनु** – आज किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित होंगे। आपके कारोबार में निवेश करने के लिए बाहरी निवेशक आ सकते हैं। रुके हुए कार्य दोबारा से शुरू होंगे। छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है।

**मकर** – आज आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। दूसरों की सलाह पर ज्यादा ध्यान न दें। यदि किसी से प्रेम निवेदन करना चाहते हैं, तो इससे बचें। आपकी भावनाओं का अनादर हो सकता है। नजदीकी लोगों के साथ आपके रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज जीवनसाथी और बच्चों से आपको प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा। आपके विचारों से लोग शीघ्र प्रभावित होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको पदोन्नति दी जा सकती है। नई संपत्ति खरीदने के लिए बहुत शुभ समय है। संतान के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी।

**मीन** – आज परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है। किसी बहूमूल्य वस्तु को खरीद सकते हैं। कच्चे माल के व्यापार में बेहतरीन धन लाभ हो सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
प्यार के काबिल – सुबह : 10.13
आओ प्यार करें – रात : 09.00

**&pictures**
जब हैरी मेट सेजल – सुबह : 10.44
सूर्यवंशी – रात : 07.30

**SONY PIX**
गॉडजिला – दोपहर : 12.38
ऐनाकोंडास – रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
चेन्नई वर्सेस चाइना – सुबह : 10.12
पुलिस पावर – शाम : 05.01

**ZEE ACTION**
अखंडा – सुबह : 10.50
गौली – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात :07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बूढ़ा बस की सीट पर अकेला बैठा था तभी उसके साथ एक बुढ़िया आकर बैठ गई।
बुढ़िया बोली अंकल जी आप कहां जा रहे हो?
बूढ़ा कुछ नहीं बोला और चुप बैठा रहा ...
बुढ़िया फिर बोली अंकल जी कहां जा रहे हो?
अब बूढ़े से चुप नहीं रहा गया और वह बोला ,बेटी तुम बहुत सुंदर और जवान हो तेरे लिए लड़का देखने जा रहा हूं।

पति- आज खाना सासु मां ने बनाया है क्या ?
पत्नी- वाह कैसे पहचाना!
पति- जब तुम बनाती थी तो काले बाल निकलते थे ,आज सफ़ेद निकला है।

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
| --- | --- |
| सोना स्टैंडर्ड | 77,350 |
| सोना रवा | 77,200 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 92,100 |
| चांदी (999) | 92,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# ऊंची ब्याज दर से आर्थिक वृद्धि पर असर नहीं पड़ेगा : दास

## आरबीआई गवर्नर ने चौथी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की पेश

- बोले- आर्थिक वृद्धि मजबूत है और निवेश के इरादे साफ दिख रहे हैं

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बुधवार को कहा कि ब्याज की ऊंची दर वृद्धि को प्रभावित नहीं कर रही और आर्थिक गतिविधियां टिकाऊ बनी हुई हैं। उन्होंने पिछले 18 महीनों में मजबूत आर्थिक गतिविधियों का जिक्र किया। उसी समय आरबीआई ने नीतिगत दर के मोर्चे पर यथास्थिति बनाये रखने का विकल्प चुना था।

गवर्नर ने मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करने के बाद कहा कि हमें उच्च ब्याज दर का वृद्धि पर असर पड़ने का कोई सबूत नहीं दिख रहा है। आर्थिक वृद्धि बहुत मजबूत बनी हुई है और निवेश के इरादे साफ दिख रहे हैं। वृद्धि को गति देने वाले कारकों में निजी पूंजीगत व्यय में वृद्धि के संकेत, कंपनियों के मजबूत बही-खाते, कृषि में मदद करने वाली बारिश, जलाशयों का स्तर और मिट्टी की नमी आदि शामिल है।



मुंबई में प्रेसवार्ता के दौरान आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास, डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा, एम. राजेश्वर राव, स्वामीनाथन जानकीरमन और टी. रबी शंकर।

### मौद्रिक नीति व्यावहारिक, ब्याज में कटौती की उम्मीद

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक के ब्याज दर यथावत रखने तथा तटस्थ मौद्रिक नीति रुख अपनाने का निर्णय व्यावहारिक है। आने वाले महीनों में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है। आर्थिक क्षेत्र के विशेषज्ञों ने यह कहा। उद्योग मंडल एसोचैम ने आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा को यथार्थवादी और व्यावहारिक बताते हुए कहा कि उदार रुख वापस लेने और तटस्थ रुख अपनाना संकेत है कि कुछ तिमाहियों में ब्याज दर में गिरावट आएगी। एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने कहा कि रुख में बदलाव कर तटस्थ करने को सकारात्मक कदम के रूप में देखा जाना चाहिए। वित्तीय परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि सितंबर में फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दरों में कटौती के निर्णय से नीतिगत दरों में बदलाव के लिए कुछ गुंजाइश बनी है। हालांकि, जरूरत पड़ी तो आरबीआई दिसंबर में ब्याज दर घटा सकता है। बंधन बैंक के अर्थशास्त्री और शोध प्रमुख सिद्धार्थ सान्याल, एचडीएफसी बैंक के अर्थशास्त्री अभीक बरुआ, आनंद राठी शेयर्स एंड स्टोक ब्रोकर्स के मुख्य अर्थशास्त्री और कार्यकारी निदेशक सुजान हाजरा ने कहा कि नीतिगत दर रेपो को यथावत रखने और रुख को तटस्थ करने के आरबीआई का निर्णय अपेक्षा के अनुरूप है।

### दास ने चेताया, गलत तरीके अपनाकर आगे बढ़ने से बचें एनबीएफसी

मुंबई। शक्तिकान्त दास ने बुधवार को कहा कि ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें निवेशक कुछ गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को आक्रामक रूप से बढ़ने को प्रेरित कर रहे हैं, जिससे अनुचित कारोबारी को बढ़ावा मिल रहा है। खराब ग्राहक सेवा, संस्थाओं की वित्तीय स्थिति पर दबाव और ऐसी गतिविधियों से वित्तीय स्थिरता को नुकसान पहुंचने जैसे जोखिमों को रेखांकित करते हुए दास ने आगाह किया कि यदि वे ऐसी गतिविधियां जारी रखते हैं तो आरबीआई दोषी संस्थाओं पर कार्रवाई करने में हिचकिचाएगा नहीं।

### आरबीआई के रुख में बदलाव से नीतिगत दर में कटौती की आशा : रियल एस्टेट

**नई दिल्ली।** जमीन-जायदाद से जुड़ी कंपनियों ने बुधवार को रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा में रुख बदलकर तटस्थ करने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे नीतिगत दर में जल्द कटौती की उम्मीद है। रियल एस्टेट क्षेत्र का शीर्ष निकाय नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) के अध्यक्ष जी. हरि बाबू ने कहा कि यह आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने की दिशा में सकारात्मक कदम है। क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा कि इस समय दर में कटौती से उपभोक्ता मांग में तेजी में मदद मिलती। उम्मीद जतायी कि केंद्रीय बैंक अगली तिमाही में नीतिगत दर में कटौती करेगा।

# निफ्टी-50, सेंसेक्स : भारतीय अर्थव्यवस्था के सूचक

भारतीय शेयर बाजार में निफ्टी-50 और सेंसेक्स दो महत्वपूर्ण सूचकांक हैं, जो निवेशकों को बाजार की दिशा और स्थिरता का आभास कराते हैं। निफ्टी-50, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का प्रमुख सूचकांक है, जिसमें 50 कंपनियां शामिल हैं, जबकि सेंसेक्स, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख सूचकांक है, जिसमें 30 बड़ी कंपनियां होती हैं। दोनों सूचकांकों की गणना, प्रतिनिधित्व और संरचना में महत्वपूर्ण अंतर हैं, जो इन्हें अलग बनाते हैं। इस लेख में हम इन दोनों सूचकांकों के बीच के प्रमुख बिंदुओं की तुलना करेंगे। आइए इसके बारे में कुछ मत्वपूर्ण तथ्यों पर बात करें...

### स्टॉक एक्सचेंज

- **निफ्टी-50 :** यह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का प्रमुख सूचकांक है, जिसकी स्थापना 1992 में की गई है। इसकी शुरुआत 1996 में हुई थी।
- **सेंसेक्स :** यह बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख सूचकांक है, जो 1875 में स्थापित हुआ और दुनिया का सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज है। इसकी शुरुआत 1986 में हुई थी।




### शेयरों की संख्या

- **निफ्टी-50 :** इसमें 50 कंपनियां शामिल होती हैं, जो विभिन्न सेक्टरों का प्रतिनिधित्व करती हैं।
- **सेंसेक्स :** इसमें 30 कंपनियां शामिल होती हैं, जो भारत की सबसे बड़ी और स्थिर कंपनियां हैं।

### गणना पद्धति

- दोनों सूचकांक फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइज़ेशन पद्धति का उपयोग करते हैं, लेकिन निफ्टी-50 में शामिल कंपनियों का अधिक विविध प्रतिनिधित्व होता है।

### प्रतिनिधित्व

- **निफ्टी-50 :** इसमें वित्तीय सेवाएं, आईटी, ऊर्जा, उपभोक्ता वस्तुएं, ऑटोमोबाइल आदि शामिल हैं।
- **सेंसेक्स :** इसमें बैंकिंग, ऊर्जा, आईटी, और उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्र की कंपनियां शामिल हैं।

### सेक्टर का कवरेज

- **निफ्टी-50 :** विभिन्न क्षेत्रों का व्यापक कवरेज करता है।
- **सेंसेक्स :** कवरेज सीमित है, प्रमुख और स्थिर कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है।

### वोलैटिलिटी (अस्थिरता)

- **निफ्टी-50 :** अस्थिरता कम होती है, क्योंकि इसमें कई सेक्टर्स होते हैं।
- **सेंसेक्स :** अस्थिरता अधिक होती है, इसकी कंपनियां बड़ी और स्थिर होती हैं।

### निवेशकों का दृष्टिकोण

- **निफ्टी-50 :** दीर्घकालिक निवेश के लिए उपयुक्त माना जाता है।
- **सेंसेक्स :** स्थिर और भरोसेमंद कंपनियों में निवेश करने के लिए उपयुक्त होता है।

### 10. अंतरराष्ट्रीय निवेश

- **निफ्टी-50 :** वैश्विक निवेशकों के लिए विविधता का प्रतिनिधित्व करता है।
- **सेंसेक्स :** सबसे बड़ी और स्थिर कंपनियों में निवेश के लिए महत्वपूर्ण है।

निफ्टी-50 और सेंसेक्स दोनों बाजार की दिशा और स्थिरता को मापने में भूमिका निभाते हैं। निफ्टी में अधिक विविधता है, जबकि सेंसेक्स स्थिरता का प्रतीक है। दोनों निवेशकों के लिए बाजार की स्थिति को समझने में मदद करते हैं।

### आधार अंक

- **निफ्टी-50 :** इसका आधार अंक 1000 है।
- **सेंसेक्स :** इसका आधार अंक 100 है।

## ई-फाइलिंग पोर्टल पर 34.84 लाख लेखा परीक्षा रिपोर्ट दाखिल

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि सात अक्टूबर तक ई-फाइलिंग पोर्टल पर आकलन वर्ष 2024-25 के लिए 34.09 लाख कर लेखा-परीक्षा रिपोर्ट (टीएआर) सहित 34.84 लाख से अधिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट दाखिल की गई हैं। आयकर विभाग ने लेखा परीक्षा रिपोर्ट दाखिल करने की तारीख 30 सितंबर से बढ़ाकर सात अक्टूबर कर दी गई थी। आकलन वर्ष 2024-25 के लिए टीएआर दाखिल करने में सालाना आधार पर 4.8% की वृद्धि दर्ज की गई है। मंत्रालय ने कहा कि टीएआर और अन्य लेखा परीक्षा फॉर्म दाखिल करने के बारे में करदाताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए आयकर पोर्टल पर ईमेल, एसएमएस, वेब गोष्ठी, सोशल मीडिया अभियान और संदेशों के जरिये व्यापक प्रचार कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंत्रालय के मुताबिक, ई-फाइलिंग सहायता टीम ने सितंबर और अक्टूबर 2024 के दौरान करदाताओं के 1.23 लाख सवालों को संभाला और उन्हें सक्रिय रूप से मदद दी।

## वेदांता पर लगा 92.04 करोड़ का जुर्माना, 10 करोड़ का हर्जाना

**नई दिल्ली।** वेदांता पर सीमा शुल्क प्राधिकरण ने 92.04 करोड़ रुपये का जुर्माना और 10 करोड़ रुपये का हर्जाना लगाया है। वेदांता लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि यह आदेश उसे मंगलवार आठ अक्टूबर को मिला। कंपनी ने कहा कि कंपनी को तूतीकोरिन के सीमा शुल्क आयुक्त के कार्यालय से नोटिस मिला, जिसमें 92,03,85,745 रुपये के जुर्माने और 10,00,00,000 रुपये के हर्जाने के साथ सीमा शुल्क तथा लागू ब्याज की मांग की गई है।

## सोने में 600 रुपये की गिरावट चांदी 2,800 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली।** कमजोर घरेलू मांग के बीच बुधवार को सोने में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई। सोना 600 रुपये गिरकर 77,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। मंगलवार को सोना 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी 2,800 रुपये लुढ़ककर 91,200 रुपये प्रति किलो रही जो एक दिन पहले 94,000 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। 99.5% शुद्धता वाला सोना 600 रुपये गिरकर 77,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। कारोबारियों ने बताया कि घरेलू मांग में सुस्ती से सोने की कीमतों में गिरावट आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज के वायदा कारोबार में दिसंबर आपूर्ति वाले सोने के अनुबंध की कीमत 29 रुपये बढ़कर 75,190 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।





# बांटो और सत्ता पाओ के फार्मूले पर चली कांग्रेस : मोदी

## महाराष्ट्र में 7,600 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की वीडियो कांफ्रेंस से प्रधानमंत्री ने रखी आधारशिला

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि मुसलमानों की बात आते ही कांग्रेस के मुंह पर ताला लग जाता है लेकिन हिंदू की बात आते ही वह चर्चा जाति से ही शुरू करती है क्योंकि वह जानती है कि हिंदू जितना बंटेगा, उतना उसका फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस किसी भी तरीके से हिंदू समाज में आग लगाए रखना चाहती है और भारत में जहां भी चुनाव होते हैं, वह इसी फार्मूले को लागू करती है।



महाराष्ट्र में 7,600 करोड़ से अधिक लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की वीडियो कांफ्रेंस से आधारशिला रखने के बाद मोदी ने विश्वास जताया कि समाज को तोड़ने की कोशिश को राज्य की जनता नाकाम करेगी। उन्होंने इस सरकारी कार्यक्रम में महाराष्ट्र के लोगों से देश के विकास को सर्वोपरि रखते हुए और एकजुट होकर भाजपा और उसके गठबंधन महायुति के पक्ष में मतदान करने की अपील की। हरियाणा के चुनाव परिणामों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इसने बता दिया है कि आज देश का मिजाज क्या है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस सांप्रदायिक और जातिवाद का चुनाव लड़ती है। हिंदू समाज को तोड़कर उसे अपनी जीत का फॉर्मूला बनाना, यही कांग्रेस की राजनीति का आधार है। कांग्रेस की नीति है, हिंदुओं की एक जाति को दूसरी से लड़ाओ। कांग्रेस जानती है कि जितना हिंदू बंटेगा, उतना उसका फायदा होगा। कांग्रेस किसी भी तरीके से हिंदू समाज में आग लगाए रखना चाहती है, ताकि वो राजनीतिक रोटियां सेंकती रहे।

### प्रधानमंत्री के राजनीतिक भाषण और विपक्ष पर हमले के लिए सरकारी कार्यक्रम का इस्तेमाल क्यों: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी के हमले पर पलटवार किया और आरोप लगाया कि वह राजनीति भाषण तथा विपक्ष पर हमला करने के लिए सरकारी कार्यक्रम का उपयोग करते हैं, जबकि इसके लिए वह भाजपा के मंच का इस्तेमाल कर सकते हैं। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि करदाताओं के पैसे का इस्तेमाल राजनीतिक भाषण देने के लिए नहीं किया जा सकता और न ही किया जाना चाहिए। खेड़ा ने यह बातें एक्स पर पोस्ट की। प्रधानमंत्री मोदी ने के मुसलमानों की जाति की बात आते ही कांग्रेस के मुंह पर ताला लग जाता है के बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया।

### नायब सिंह सैनी ने की मोदी से मुलाकात

**नई दिल्ली।** हरियाणा चुनाव में जीत के बाद भाजपा की सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ ग्रहण से पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सैनी को भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी और विश्वास जताया कि विकसित भारत के संकल्प में हरियाणा की भूमिका और महत्वपूर्ण होने जा रही है। सैनी ने गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से भी मुलाकात की। मोदी ने एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट किया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला और विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत के लिए उन्हें बधाई दीं।

## राहुल की नागरिकता के मुद्दे पर दस्तावेज के लिए स्वामी को मिला समय

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को भाजपा के नेता सुब्रमण्यम स्वामी को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता के मुद्दे पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित याचिका की एक प्रति दाखिल करने के लिए समय दे दिया। स्वामी ने अदालत को बताया कि उन्होंने याचिका की प्रति प्राप्त कर ली है और इस मामले में की गईं प्रार्थनाएं उनकी दलीलों से भिन्न हैं। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि वह पिछले आदेश के अनुपालन में दस्तावेज दाखिल करें तथा अगली सुनवाई छह नवंबर को तय की। स्वामी ने गृह मंत्रालय को राहुल गांधी की नागरिकता रद करने की मांग वाली याचिका पर निर्णय लेने का निर्देश देने का अनुरोध किया था।

# हरियाणा के नतीजों से आयोग को कराएंगे अवगत : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को अप्रत्याशित करार देते हुए बुधवार को कहा कि अनेक विधानसभा क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराया जाएगा।



कांग्रेस नेता ने कहा कि जम्मू कश्मीर में गठबंधन की जीत संविधान की जीत है। राहुल गांधी ने एक्स पर कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों का तहे दिल से शुक्रिया! जम्मू-कश्मीर में नेकां और कांग्रेस गठबंधन 48 सीट के साथ सरकार बनाने को तैयार है।

### नतीजों को अस्वीकार्य बताने वाले बयान कभी नहीं सुने : आयोग

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बुधवार को कहा कि हरियाणा चुनाव के नतीजों को अस्वीकार्य बताने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बयान इतिहास में पहले नहीं सुने गए और ये बोलने की स्वतंत्रता की वैधानिकता से भी परे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि पार्टी नेताओं जयराम रमेश और पवन खेड़ा की टिप्पणियां वैधानिक और चुनावी ढांचे को खारिज करने की ओर ले जाती हैं। खरगे और राहुल के बयानों पर गौर किया है, जिनमें हरियाणा के नतीजों को अनपेक्षित बताया और पार्टी ने शिकायतों के साथ आयोग से संपर्क का प्रस्ताव रखा है।

## एक नजर

### बिहार में सड़क दुर्घटना में आठ बौद्ध भिक्षु घायल

**जहांनाबाद।** बिहार के जहांनाबाद जिले के करौना इलाके में बुधवार को पर्यटक बस के सड़क किनारे तालाब में गिर जाने से आठ बौद्ध भिक्षु घायल हो गए। जहांनाबाद के एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि यह घटना पर्यटक बस चालक के अपने वाहन पर से नियंत्रण खो देने के कारण हुई। इस हादसे में घायल हुए आठ बौद्ध भिक्षुओं में से तीन को बेहतर इलाज के लिए पटना भेजा गया है, जबकि अन्य छह को नजदीक के एक अस्पताल में प्राथमिक उपचार किये जाने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### पांच किलो हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर के अजनाला में पुलिस ने पांच किलो हेरोइन के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को कहा कि पुलिस ने खुफिया जानकारी पर चलाए अभियान में सीमा पार के मादक पदार्थों के नेटवर्क को झटका दिया है।

### वांगचुक के प्रदर्शन पर पुलिस से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोनम वांगचुक और अन्य को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन की अनुमति मांगने संबंधी याचिका पर बुधवार को दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने एपेक्स बॉडी लेह की याचिका पर पुलिस और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया और उनसे जवाब मांगा।

## मानदंडों को पूरा न करने वाली दवाओं को वापस लिया जाए : दवा नियामक

- 45 दवाओं के निर्माताओं को वापसी और पांच नकली दवाओं के निर्माताओं पर हुई कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के दवा नियामक ने बुधवार को कहा कि लगभग 45 दवाओं के निर्माताओं को गुणवत्ता मानदंडों को पूरा नहीं करने के कारण अपने उत्पादों को वापस लेने का आदेश दिया गया है, जबकि पांच नकली दवाओं के निर्माताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

यहां सीआईआई फार्मा एंड लाइफ साइंसेज सम्मेलन में भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) एवं केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के प्रमुख राजीव सिंह रघुवंशी ने स्पष्ट किया कि 50 नकली दवाओं पर प्रतिबंध की हालिया खबरें गलत थीं। उन्होंने कहा कि वे नकली दवाएं नहीं हैं। वे मानक गुणवत्ता वाली दवाएं नहीं थीं। दोनों के बीच एक अंतर है। उनमें से केवल पांच नकली थीं, जिन्हें आप नकली कह सकते हैं। हर महीने सीडीएससीओ बाजार से 2,000 से अधिक नमूनों का परीक्षण करता है और उनमें से लगभग 40-50 नमूने एक या अधिक मानदंडों पर विफल होते हैं, जो बहुत मामूली मानदंड हो सकते हैं। इनमें से कोई भी स्वास्थ्य जोखिम नहीं होता है और हम उसकी जानकारी अपने पोर्टल पर देते हैं।

## पहला काम राज्य का दर्जा देने का प्रस्ताव पारित करना : उमर

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि नये मंत्रिमंडल का पहला काम राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए प्रस्ताव पारित करना होना चाहिए। अब्दुल्ला ने कहा कि नए मुख्यमंत्री को प्रस्ताव लेकर दिल्ली जाना चाहिए और वरिष्ठ मंत्रियों से मिलकर उनसे अपना वादा पूरा करने के लिए कहना चाहिए।



उन्होंने बताया कि सरकार सिर्फ नेकां या उसके गठबंधन की नहीं होगी, बल्कि सभी को शामिल करेगी, खास तौर पर उन इलाकों पर ध्यान दिया जाएगा, जहां गठबंधन के कम विधायक हैं। कई निर्दलीय विधायकों ने नेकां में शामिल होने की बात की है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने संकेत दिया कि निर्वाचित सदस्यों की विधायक दल की बैठक गुरुवार को होने वाली है।

## आरोपी की डीएनए रिपोर्ट समेत 11 साक्ष्य सूचीबद्ध

आरजी कर मामला

कोलकाता, एजेंसी

सीबीआई ने आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म एवं हत्या के मामले में गिरफ्तार कोलकाता पुलिस के संजय रॉय को इकलौता आरोपी ठहराने के लिए आरोपपत्र में डीएनए और रक्त नमूनों की रिपोर्ट जैसे 11 साक्ष्य सूचीबद्ध किए हैं।

सीबीआई ने रॉय के खिलाफ सबूत के तौर पर मृतक चिकित्सक के शरीर में आरोपी के डीएनए की मौजूदगी, छोटे बाल, मृतका के खून के धब्बे, रॉय के शरीर पर चोटों, सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) के मुताबिक उसके मोबाइल फोन की लोकेशन का उल्लेख किया है। आरोपपत्र में कहा गया है कि रॉय को महिला चिकित्सक द्वारा प्रतिरोध/संघर्ष के निशान के तौर पर चोटें लगी थीं। कोलकाता पुलिस ने 10 अगस्त को रॉय को गिरफ्तार किया था। आरोपपत्र में कहा कि जहां अपराध हुआ, वहां आठ और नौ अगस्त की मध्यरात्रि को उसकी (रॉय की) मौजूदगी सीसीटीवी फुटेज से साबित हुई है।

### दो सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

**कोलकाता।** आर जी कर मेडिकल कॉलेज के 50 सीनियर डॉक्टरों के अपने जूनियर डॉक्टरों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए इस्तीफा देने के बाद यहां के दो और सरकारी अस्पतालों कलकत्ता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल तथा उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के डॉक्टरों ने बुधवार को सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया। सभी डॉक्टर 10 मांगों को लेकर आमरण अनशन पर थे। कलकत्ता मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक ने बताया कि 68 वरिष्ठ डॉक्टरों और प्रोफेसरों ने इस्तीफा दे दिया है और इस्तीफे की प्रति राज्य स्वास्थ्य विभाग को ईमेल कर दी गई है। एनबीएमसीएच के करीब 50 डॉक्टरों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया और उत्तर बंगाल में अनशन पर बैठे दो जूनियर डॉक्टरों के साथ शामिल हो गए।

## नाबालिग से सूरत में सामूहिक बलात्कार

**सूरत।** गुजरात के सूरत जिले में नवरात्रि उत्सव के दौरान दोस्तों के साथ गई 17 वर्षीय लड़की से तीन लोगों ने दुष्कर्म किया। एसपी (ग्रामीण) हितेश जोयसर ने कहा कि मंगरोल तालुका में मोटा बोरसारा गांव के बाहरी हिस्से में नाबालिग लड़की के साथ मंगलवार रात 11 बजे दुष्कर्म हुआ। घटनास्थल कोसम्बा थाना क्षेत्र के तहत आता है। कुछ दिन पहले वडोदरा के बाहरी इलाके में एक अन्य लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था। उस वक्त वह भी अपने दोस्तों के साथ बाहर गई थी।

## पूर्व मंत्री के खिलाफ दुष्कर्म व अपहरण का मामला दर्ज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के कांग्रेस विधायक एवं पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी के खिलाफ दुष्कर्म, अपहरण और धमकी के दो साल पुराने मामले में केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि 34 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता की ओर से संजय नगर थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद कार्रवाई हुई।

पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि वह 2022 में धारवाड़ विधायक से मिली थी और दोनों ने फोन और वीडियो कॉल से अक्सर बातचीत की थी। उसने दावा किया कि कुलकर्णी ने 24 अगस्त, 2022 को देवनहल्ली के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास उसे जबरन एक सुनसान जगह पर ले गया उसे गलत ढंग से छुआ और अश्लील बातचीत की तथा एक वाहन के अंदर उसका यौन उत्पीड़न किया गया।

## अवैध गर्भपात मामले में छह लोगों को सजा

**भिंड।** मध्यप्रदेश के भिंड जिले में अवैध तरीके से युवती का गर्भपात कराने के मामले में कोर्ट ने युवती की मां व डाक्टर सहित छह लोगों को पांच व सात साल की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश मनोज तिवारी ने सजा सनाते हुए हजारों रुपये का जुर्माना भी किया है। अभियोजक उत्तम सिंह राजपूत ने बताया कि कोतवाली पुलिस को 30 अगस्त 2016 को सूचना मिली कि वनखंडेश्वर मंदिर के पास गली में अवैध गर्भपात हो रहा है। पुलिस को एक मकान में दो महिलाएं, एक युवती व इंजेक्शन एवं दवाएं मिलीं।

## चुनाव परिणाम घोषित करवाने हैं तो पहले गंदगी साफ करें : दिल्ली उच्च न्यायालय

- दिल्ली विवि में हुए चुनाव के बाद मतदान स्थल पर फैली गंदगी पर कोर्ट सख्त

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के उम्मीदवारों से कहा कि अगर वे मतगणना कराना चाहते हैं तो मतदान के दौरान परिसर में जहां भी गंदगी फैलायी गयी है, उसे साफ करें। कोर्ट ने 26 सितंबर को डूसू और कॉलेजों के चुनावों की मतगणना की घोषणा पर रोक लगा दी थी।

कोर्ट ने कहा कि उसका उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को बाधित करना नहीं बल्कि केवल यह संदेश देना था कि इस तरह का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि आखिर आप गंदगी साफ क्यों नहीं करते। जिस दिन उस जगह की गंदगी साफ कर दी जाएगी उसके अगले ही दिन हम मतगणना की अनुमति दे देंगे। अदालत डीयू के दो कॉलेज में चुनाव लड़ने वाले दो उम्मीदवारों के आवेदन पर सुनवाई कर रही थी।



## मानव तस्करी में महिला समेत तीन गिरफ्तार

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले की पुलिस ने नौकरी के नाम मानव तस्करी तथा दो लाख की ठगी के आरोप में मुंबई से महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि भिलाई निवासी की शिकायत पर पुलिस ने मुंबई के साजन शेख, रफीक खान और महिला को गिरफ्तार किया है। दुर्ग के साइबर थाने में दर्ज मामले के अनुसार लाओस में कम्प्यूटर ऑपरेटर की नौकरी का विज्ञापन दिखाकर उससे दो लाख की ठगी भी हुई है।

## खेल मंत्री ने लिखा पत्र, दीपा के संन्यास से हैरान हूं

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- आपके इस निर्णय का पूर्ण सम्मान करता हूं, आपकी आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं



खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को जिम्नास्ट दीपा कर्माकर को पत्र लिखकर खेल से संन्यास लेने के उनके फैसले पर हैरानी जताई। ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला जिम्नास्ट बनी दीपा रियो ओलंपिक 2016 में चौथे स्थान पर रही थी। उन्होंने सोमवार को खेल को अलविदा कह दिया।

मांडविया ने दीपा को लिखे पत्र में कहा मुझे पता चला कि आपने जिम्नास्टिक से संन्यास ले लिया है। आपके फैसले पर मैं आश्चर्यचकित हूं लेकिन मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपने जीवन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं और अनुभवों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया होगा। मैं आपके इस निर्णय का पूर्ण सम्मान करता हूं। आपकी जिम्नास्टिक की यात्रा जो मात्र छह वर्ष की आयु से प्रारंभ हुई, अत्यंत ही प्रेरणादायक रही। आपने इस खेल में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए सफलता के उच्च शिखरों को छुआ और गौरवान्वित किया।

### देश को सम्मान और गौरव के दिए हैं क्षण

आपका ओलंपिक में हिस्सा लेकर भारतीय जिम्नास्टिक्स में एक नया अध्याय जोड़ना और इस खेल में भाग लेने वाली प्रथम भारतीय महिला बनना न केवल आपके व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम बल्कि पूरे देश के लिये गर्व का विषय है। विशेष रूप से प्रोडुनोवा वॉल्ट में आपका प्रदर्शन अद्वितीय रहा है। आपकी उपलब्धियों ने न केवल खेलप्रेमियों को प्रेरित किया है बल्कि विशेष रूप से हमारी बेटियों को भी खेलों में अपने सपनों को साकार करने का साहस प्रदान किया है। उन्होंने कहा ओलंपिक के वह ऐतिहासिक क्षण जब आप मात्र 0.15 अंकों से पदक से चूक गई, फिर भी आपने अपने धैर्य और समर्पण से पूरे राष्ट्र का दिल जीत लिया। आपकी यह यात्रा देश के लिये अनमोल धरोहर है और मैं आशा करता हूं कि आप अपनी इस अद्वितीय प्रतिभा और अनुभव को आने वाली पीढी के साथ साझा करेंगी।

## सचिन इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2024 में होंगे भारत के कप्तान

**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर 17 नवंबर से आठ दिसंबर तक चलने वाली इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2024 में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी करेंगे। पहली बार आयोजित हो रहे इस क्रिकेट लीग में भारत, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका सहित छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। टी-20 प्रारुप में होने वाली इस लीग के मुकाबले नवी मुंबई, लखनऊ और रायपुर में खेले जाएंगे।

इस लीग में क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी ब्रायन लारा, कुमार संगाकारा, शेन वॉटसन, इयोन मोर्गन और अपने समय के सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक जोंटी रोड्स अपनी-अपनी टीमों के कप्तानी करते नजर आएंगे। सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर के प्रयासों के बाद इंटरनेशनल मास्टर्स लीग को शुरू करने का विचार किया गया। इस टूर्नामेंट में 18 मुकाबले खेले जाएंगे जिसमें 90 से अधिक क्रिकेट से संन्यास ले चुके खिलाड़ी शामिल होंगे।

## पीसीबी में सीनियर पद पर काबिज हो सकते हैं अजहर

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान अजहर अली पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में युवा विकास कार्यक्रम पर काम के लिए सीनियर पद पर नियुक्ति की दौड़ में सबसे आगे हैं। पीसीबी ने बुधवार को युवा क्रिकेट निदेशक के पद के लिए विज्ञापन दिया जिसमें उन्होंने इच्छुक उम्मीदवारों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर रखी है।

इच्छुक उम्मीदवारों का अपने देश के लिए कम से कम 50 टेस्ट मैच खेला होना अनिवार्य है। एक सूत्र के अनुसार अजहर इस पद की दौड़ में सबसे आगे हैं क्योंकि उन्होंने जूनियर स्तर के खिलाड़ियों के साथ काम करने और व्यवस्था को बेहतर बनाने में अपनी रुचि भी व्यक्त की है। सूत्र ने कहा एक अन्य पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ भी इस पद पर काम करने के इच्छुक हैं और यह एक कारण था कि उन्होंने राष्ट्रीय चयनकर्ता के पद से इस्तीफा दे दिया। पीसीबी ने यह सुनिश्चित करने के लिए नया पद बनाया है कि नियुक्त उम्मीदवार क्षेत्रीय कोच, अकादमियों और खिलाड़ियों के साथ अंडर-13 से अंडर-19 स्तर तक काम करेगा।

# गेंदबाजों के आगे प्रतिद्वंद्वी नतमस्तक, लहराया जीत का परचम

## भारत ने बांग्लादेश को 86 रनों से हराया



दूसरे टी-20 मुकाबले में जीत के बाद जश्न मनाते भारतीय टीम के खिलाड़ी।

नई दिल्ली, एजेंसी

- नीतिश ने खेली 74 रन की पारी लिए दो विकेट, टीम इंडिया को मिली तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त

नीतिश कुमार रेड्डी (74 रन/ दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और रिंकू सिंह (53) के आतिशी अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत भारत ने बुधवार को बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में 86 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजये बढ़त बना ली है।

भारत ने नौ विकेट पर 221 रनों का विशाल स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में परवेज हुसैन इमॉन (16) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद वॉशिंगटन ने कप्तान शान्तो (11) को भी पवेलियन भेज दिया। लिटन दास (14) को वरूण ने अपना शिकार बनाया। मो. तौहीद हृदोय (दो), मेहदी हसन मिराज (16), जाकेर अली (एक) और रिशाद हुसैन (नौ) रन बनाकर आउट हुये। नितीश कुमार रेड्डी ने तनजीम हसन साकिब (8) को आउट कर भारत को आठवीं सफलता दिलाई। इसके बाद नितीश ने महमुदउल्लाह (41) को पवेलियन का रास्ता दिखाया। बांग्लादेश की टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 135 रन ही बना सकी और 86 रन से मुकाबला हार गई। भारत की ओर से वरुण चक्रवर्ती और नितीश कुमार रेड्डी को दो-दो विकेट लिए।

इससे पहले बांग्लादेश ने यहां अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने का मौका दिया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन (10) रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद कप्तान सूर्यकुमार और नीतिश ने पारी को आगे बढ़ाया लेकिन जल्द ही सूर्यकुमार को (08) के निजी स्कोर पर आउट कर दिया। नीतीश ने रिंकू सिंह के साथ मिलकर स्कोर के 221 तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पारी: 221/9** (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| संजू सैमसन का शंटो बो तस्कीन | 10 | 7 | 2/0 |
| अभिषेक शर्मा बो तंजिम | 15 | 11 | 3/0 |
| सूर्यकुमार का शंटो बो मुस्तफिजूर | 8 | 10 | 1/0 |
| नीतिश रेड्डी का मिराज बो मुस्ताफिजुर | 74 | 34 | 4/7 |
| रिंकू सिंह का जाकेर बो तस्कीन | 53 | 29 | 5/3 |
| हार्दिक का मिराज बो रिशाद | 32 | 19 | 2/2 |
| रियान पराग का महमुदुल्लाह बो तंजिम | 15 | 6 | 0/2 |
| वॉशिंगटन सुंदर नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |
| वरुण चक्रवर्ती का इमोन बो रिशाद | 0 | 2 | 0/0 |
| अर्शदीप सिंह का लिटन बो रिशाद | 6 | 2 | 0/1 |
| मयंक यादव नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त: 7, गेंदबाजी : मेहदी 3-0-46-0, तस्कीन 4-0-16-2, तंजिम हसन 4-0-50-2, मुस्तफिजूर रहमान 4-0-36-2, रिशाद हुसैन 4-0-55-3, महमुदुल्लाह 1-0-15-0

**बांग्लादेश पारी: 135/9** (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| परवेज हुसैन इमोन बो अर्शदीप | 16 | 12 | 3/0 |
| लिटन दास बो चक्रवर्ती | 14 | 11 | 0/1 |
| नजमुल शंटो का हार्दिक बो वाशिंगटन | 11 | 7 | 2/0 |
| तौहिद हृदय बो अभिषेक | 2 | 6 | 0/0 |
| मेहदी का स्थानाप्पन (बिश्नोई) बो रियान | 16 | 16 | 1/0 |
| महमुदुल्लाह का रियान बो रेड्डी | 41 | 39 | 0/3 |
| जाकेल अली का वॉशिंगटन बो मयंक | 1 | 2 | 0/0 |
| रिशाद हुसैन का पंड्या बो चक्रवर्ती | 9 | 10 | 2/0 |
| तंजिम हसन का हार्दिक बो रेड्डी | 8 | 10 | 1/0 |
| तस्कीन अहमद नाबाद | 5 | 7 | 0/0 |
| मुस्तफिजूर रहमान नाबाद | 1 | 2 | 0/0 |

अतिरिक्त: 11, गेंदबाजी : अर्शदीप सिंह 3-0-26-1, नीतिश कुमार रेड्डी 4-0-23-2, वॉशिंगटन सुंदर 1-0-4-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-19-2, अभिषेक शर्मा 2-0-10-1, मयंक यादव 4-0-30-1, रियान पराग 2-0-16-1

## महिला टी-20 विश्वकप: भारत ने श्रीलंका को 82 रन से हराया



श्रीलंका के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद भारतीय महिला टीम ने कुछ इस अंदाज में मनाया जश्न।

- कप्तान हरमनप्रीत और मंधाना ने खेलीं अर्धशतकीय पारियां, सोभना आशा और अरुंधति रेड्डी ने लिए तीन-तीन विकेट

दुबई, एजेंसी

कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद (52) एवं स्मृति मंधाना के (50)अर्द्धशतकीय पारियों के बाद सोभना आशा और अरुंधति रेड्डी की बेहतरीन गेंदबाजी के दम भारत ने बुधवार को महिला टी-20 विश्वकप में श्रीलंका को 82 रनों से शिकस्त दी है। इसी के साथ रन रेट में सुधार होने के साथ ही भारत ग्रुप ए की तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को उनकी (52) रनों की शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। भारत के तीन विकेट पर 172 रनों के चुनौतीपूर्ण स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने तीन ओवर में छह रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां कर संकट में पहुंच गई थी। विश्मी गुणारत्ने (शून्य),चमारी अटापट्टू (एक) और हर्षिता समाराविक्रमा (तीन) रन बनाकर आउट हुई। ऐसे समय में कविशा दिलहारी और अनुष्का संजीवनी ने पारी को संभाला। आठवें ओवर में सोभना आशा ने अनुष्का संजीवनी (20) को आउट कर इस बढ़ रही साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद अरुधंति ने कविशा दिलहारी (21) को भी पवेलियन भेज दिया। नीलाक्षी डिसिल्वा (आठ), अमा कंचना (19), सुगंधिका कुमारी (एक), इनोशी प्रियदर्शिनी (सात) रन बनाकर आउट हुई। 19.5 ओवर में दीप्ति शर्मा ने उदेशिका प्रबोधनी (9) को आउट कर श्रीलंका की पारी को 90 के स्कोर पर समेट दिया। भारत की ओर से सोभना आशा और अरुंधति रेड्डी ने तीन-तीन विकेट लिये। रेणुका सिंह को दो विकेट मिले। श्रेयंका पाटिल और दीप्ति शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

**भारत महिला: 172/3** (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शेफाली का गुणारत्ने बो चामरी | 43 | 40 | 4/0 |
| स्मृति मंधाना रन आउट | 50 | 38 | 4/1 |
| हरमनप्रीत कौर नाबाद | 52 | 27 | 8/1 |
| जेमिमा रोड्रिग्स का प्रबोधिनी को कंचना | 16 | 10 | 2/0 |
| रिचा घोष नाबाद | 6 | 6 | 0/0 |

अतिरिक्त: 5, गेंदबाजी : प्रियदर्शिनी 2-0-11-0, सुगंदिका 3-0-29-0, प्रबोधिनी 3-0-32-0, कविशा 2-0-11-0, रणवीरा 3-0-26-0, चामरी 4-0-34-1, कंचना 3-0-29-1

**श्रीलंका महिला: 90/10** (19.5 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विश्मी गुणारत्ने का स्थानापन्न बो रेणुका | 0 | 2 | 0/0 |
| चामरी अटापट्टू का दीप्ति बो श्रेयंका | 1 | 3 | 0/0 |
| हर्षिता समरविक्रम का रिचा बो रेणुका | 3 | 7 | 0/0 |
| कविशा दिलहारी का रेणुका बो अरुंधति | 21 | 22 | 1/0 |
| अनुष्का संजीवनी स्टं रिचा बो आशा | 20 | 22 | 2/0 |
| निलाक्षिका सिल्वा का शेफाली बो अरुंधति | 8 | 13 | 1/0 |
| ऐमा कंचना बो स्थानापन्न बो अरुंधति | 19 | 22 | 2/0 |
| सुगंदिका कुमारी का रिचा बो आशा | 1 | 4 | 0/0 |
| इनोशी प्रियदर्शिनी का बो आशा | 1 | 2 | 0/0 |
| उदेशिका प्रबोधिनी का स्मृति बो दीप्ति | 9 | 17 | 0/0 |
| इनोका रणवीर नाबाद | 2 | 5 | 0/0 |

अतिरिक्त: 5, गेंदबाजी : रेणुका 4-0-16-2, श्रेयंका 4-0-15-1, दीप्ति 3 .5-0-16-1, अरुंधति 4-0-19-3, आशा 4-0-19-3

## खेल डायरी

### आलमैन दिल्ली हाफ मैराथन के अंतर्राष्ट्रीय इवेंट दूत

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिकी चक्काफेंक खिलाड़ी वालेरी आलमैन को 20 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाली वेदांता हाफ मैराथन का अंतर्राष्ट्रीय इवेंट दूत चुना गया है। आलमैन ने पेरिस ओलंपिक में 69.50 मीटर का थ्रो फेंककर नया अमेरिकी रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता था। तोक्यो ओलंपिक में उन्होंने 68.98 मीटर के साथ पहला स्थान हासिल किया था। हाफ मैराथन में पेरिस ओलंपिक 10000 मीटर चैम्पियन युगांडा के जोशुआ चेप्टेगइ और कीनिया की पूर्व विश्व रिकॉर्डधारी पेरेस जे पुरूष और महिला वर्ग में आकर्षण का केंद्र होंगे। दिल्ली हाफ मैराथन में ईनामी राशि 260000 डॉलर है।

### राष्ट्रीय खेल अगले साल 28 जनवरी से उत्तराखंड में

**नई दिल्ली।** 38वें राष्ट्रीय खेल अगले साल 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड में आयोजित किये जाएंगे। भारतीय ओलंपिक संघ ने बुधवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि इस महीने के आखिर में होने वाली आमसभा में इसके कार्यक्रम को मंजूरी मिलना बाकी है। आईओए की आमसभा की बैठक 25 अक्टूबर को यहां होगी। आईओए अध्यक्ष पी टी उषा ने कहा राष्ट्रीय खेलों का उत्तराखंड में आयोजन करने को लेकर हम काफी रोमांचित है। ये खेल देश भर के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिये मंच प्रदान करते हैं ताकि भविष्य में वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कामयाब हो सकें। इसमें 38 खेलों में 10000 से अधिक खिलाड़ी, अधिकारी और कोचों के भाग लेने की उम्मीद है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा हम विश्व स्तरीय खेल अनुभव देने का वादा करते हैं ।

### एशियाई टेटे चैंपियनशिप में महिलाओं ने जीता पहला पदक

**अस्ताना (कजाखस्तान)।** भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने यहां एशियाई टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता जो इस स्पर्धा में उनका पहला पदक है। भारतीय टीम को सेमीफाइनल में जापान ने 3-1 से हराया था। एशियाई चैंपियनशिप में महिला टीम स्पर्धा में भारत का यह पहला पदक है। भारत की अयहिका मुखर्जी ने जापान की मिवा हरीमोतो को कड़ी टक्कर दी लेकिन 8-11, 11-9, 8-11, 13-11, 7-11 से हार गई। वहीं मनिका बत्रा ने सत्सुकी ओडो को दूसरे मैच में 11-6, 11-5, 11-8 से हराया। अगले मैच में सुतीर्था मुखर्जी को जापान की मिमा इतो ने 9-11, 11-4, 15-13 से शिकस्त दी। मनिका निर्णायक मुकाबले में हरिमोतो से 3-11, 11-6, 2-11, 3-11 से हार गई।

### इंग्लैंड के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले बने रूट

**मुल्तान।** पाकिस्तान के साथ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में 77 रन बनाकर जो रुट इंग्लैंड के लिए सबसे जयादा टेस्ट रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए है। रूट ने हमवतन पूर्व कप्तान सर एलिस्टेयर कुक को पीछे छोड़ते हुए इंग्लैंड के लिए अब तक के सबसे अधिक टेस्ट रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। रूट ने मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट के तीसरे दिन 71 रन बनाकर कुक के 12,472 टेस्ट रनों के आंकड़े को पीछे छोड़ दिया। 33 वर्षीय रूट अपना 147वां टेस्ट खेल रहे हैं। उन्होंने कुक से 14 टेस्ट कम खेलकर यह कारनामा किया है और अब वह सर्वकालिक सूची में पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने 2012 में नागपुर में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और तब से अब तक 34 टेस्ट शतक लगा चुके हैं जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ सर्वोच्च स्कोर 254 रन रहा है। 200 टेस्ट मैच खेलने वाले महान बल्लेबाज भारत के सचिन तेंदुलकर 15,921 रनों के साथ इस सूची में शीर्ष पर हैं लेकिन रूट अगले कुछ वर्षों में इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखते हैं तो वह इस आंकड़े को पार कर सकते हैं।

## लक्ष्य आर्कटिक ओपन के दूसरे दौर में, मालविका भी आगे बढ़ीं

वांता (फिनलैंड), एजेंसी

- सिंधू जल्दी हारकर हुईं बाहर, प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची बंसोड

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने आर्कटिक ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट पुरूष एकल के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया जब उनके प्रतिद्वंद्वी रास्मस गेमके ने पहले दौर से नाम वापिस ले लिया।

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक के मुकाबले में पराजय का सामना करने वाले सेन का सामना चीनी ताइपै के सातवीं वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन और फ्रांस के क्वालीफायर अर्नाड मेर्केल के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। क्वालीफायर किरण जॉर्ज की टक्कर चीनी ताइपै के जू वेइ वांग से होगी। इससे पहले कल दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू जल्दी हारकर बाहर हो गई लेकिन उदीयमान खिलाड़ी मालविका बंसोड ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए दुनिया की 23वें नंबर की खिलाड़ी चीनी ताइपै की सुंग शुओ युन को हराकर महिला एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। छठी वरीयता प्राप्त सिंधू को कनाडा की मिशेले ली ने अंतिम 32 के मैच में 21-16, 21-10 से हराया। वहीं फरवरी में अजरबैजान इंटरनेशनल जीतने वाली बंसोड ने 21-19, 24-22 से जीत दर्ज की थी।

## ग्लोबल शतरंज लीग

### फाइनल से एक जीत दूर पीबीजी अलास्कन नाइट्स

**लंदन।** पीबीजी अलास्कन नाइट्स 18 मैच अंक की एकल बढ़त के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है और ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) के फाइनल में जगह पक्की करने से केवल एक जीत दूर है।

पीबीजी ने अब तक खेले अपने सात में से छह मुकाबलों में जीत दर्ज की हैं और वह त्रिवेणी और अल्पाइन एसजी पाइपर्स से छह अंक आगे है। नॉकआउट चरण से पहले तीन मैच शेष रहते हुए पीबीजी फाइनल दौर में स्थान सुनिश्चित करने की मजबूत स्थिति में हैं।

## भारत अंडर-19 टीम ने जीती श्रृंखला

चेन्नई, एजेंसी

- दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पारी और 120 रन से हराया



‹‹ विकेट लेने के बाद अनमोलजीत सिंह के साथ जश्न मनाते साथी।

अनमोलजीत सिंह (नौ विकेट) और मोहम्मद एनान (सात विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने चार दिवसीय दूसरे टेस्ट मैच में बुधवार को ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 277 पर समेटने के बाद उसे दूसरी पारी में 95 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला पारी और 120 से जीता और श्रृंखला पर कब्जा जमाया।

ऑस्ट्रेलिया ने कल के तीन विकेट पर 142 रन से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलिया का चौथा विकेट पर 208 के स्कोर पर ली यंग (66) के रूप में गिरा। यंग को अनमोलजीत ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद क्रिश्चियन होवे (4) पर रनआउट हो गये। ऐडन ओ''कॉनर (18) को समर्थ नागराज ने अपना शिकार बनाया। इस दौरान कप्तान ऑलिवर पिक ने अपना शतक पूरा किया। ऑलिवर को अनमोलजीत ने बोल्ड आउट किया। ऑलिवर ने 199 गेंदो में 16 चौके और एक छक्का लगाते हुए (117) रन बनाये। ओली पैटरसन (12), एल रानाल्डो (2), विश्व रामकुमार (4) रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम पहली पारी 80.2 ओवर में 277 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से अनमोलजीत सिंह और मोहम्मद एनान ने चार-चार विकेट लिये। समर्थ नागराज ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## बॉलीवुड हलचल

### 250 करोड़ के क्लब में शामिल हुई देवरा-पार्ट 1



**मुंबई।** मैन ऑफ मासेस जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा-पार्ट 1 ने भारतीय बाजार में 250 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। निर्देशक कोराटाला शिवा की एक्शन थ्रिलर फिल्म देवरा-पार्ट 1, 27 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की गई। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर, जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान ने मुख्य भूमिका निभाई। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर डबल रोल में हैं। उन्होंने पिता-पुत्र की दोहरी भूमिका निभाई है। फिल्म देवरा-पार्ट 1 ने 12 दिनों में भारतीय बाजार में 250 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म देवरा पार्ट 1 ने 12 दिनों में 252 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है।

### फिल्म ऊंचाई ने मुझे नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया : सूरज बड़जात्या



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार सूरज बड़जात्या का कहना है कि फिल्म उंचाई ने उन्हें नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया है। 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सूरज बड़जात्या को फिल्म उंचाई के लिये सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला है। राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर सूरज बड़जात्या ने खुशी जताई है। सूरज बड़जात्या ने कहा ऊंचाई उस तरह की फिल्म नहीं थी जिसकी लोग मुझसे उम्मीद करते थे। इसमें मेरे पिछले कामों जैसी भव्यता नहीं थी, लेकिन यह विषय मेरे दिल से आया था। मैंने उंचाई को नहीं चुना, बल्कि ऊंचाई ने मुझे चुना।यह पुरस्कार उस यात्रा की सही पराकाष्ठा है। इस फिल्म ने मुझे शाब्दिक और रचनात्मक दोनों तरह से नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया।ऊंचाई के निर्माण के दौरान मेरी पूरी कास्ट मेरी रीढ़ थी। मुझ पर और फिल्म पर उनका विश्वास और ऐसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को सहने की, उनकी इच्छा ने, इस यात्रा को अविस्मरणीय बना दिया।मैंने अभी तक काम पूरा नहीं किया है . कहने के लिए और भी कई कहानियां हैं और पहुंचने के लिए और भी कई ऊंचाईयां हैं। मैं यह पुरस्कार राजश्री प्रोडक्शंस को समर्पित करता हूं, जो अपनी 75वीं वर्षगांठ मना रहा है।

### बादशाह ने इंडियन आइडल 15 से वापस लिया नाम



**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने रैपर-गायक बादशाह के इंडियन आइडल 15 से अपना नाम वापस लिए जाने की चर्चा है। इंडियन आइडल अपने सीजन 15 के साथ वापसी करने के लिए तैयार है। इस सीजन की शुरुआत एक बड़े ट्विस्ट के साथ हुई, क्योंकि रैपर बादशाह ने जजिंग पैनल पर कुमार सानू की जगह ली। बादशाह के अलावा, श्रेया घोषाल और विशाल ददलानी भी जज के रूप में शामिल किए गए। जैसे ही बादशाह के शो में जज बनने की खबर सामने आई, उन्हें जमकर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा और उन्हें शो को जज करने के लिए अयोग्य भी करार दिया गया। चर्चा है कि बादशाह ने शो से अपना नाम वापस ले लिया है। कहा जा रहा है कि ट्रोल्स से उन्हें काफी बुरा महसूस हुआ जो उन्हें जज के रूप में अयोग्य बता रहे थे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

